सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 310

12 तेज रफ्तार से बढ़ रहा चक्रवाती तूफान रेमल

## न्यूज डायरी

### मनीष रंजन नहीं पहुंचे इडी से मांगी मोहलत

**रांची।** समन के बावजूद शुक्रवार को आइएएस मनीष रंजन इडी दफ्तर नहीं पहुंचे। उन्होंने पत्र भेजकर अगली तारीख देने की बात कही है। उनका पत्र लेकर राजस्व विभाग का कर्मचारी अनिल कुमार इडी दफ्तर पहुंचा। टेंडर घोटाला मामले में इडी ने समन कर मनीष रंजन को 24 मई को पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया था।

### 58 सीटों पर आज मतदान कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दावं पर

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीट सहित छह राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा। चुनाव में कई दिग्गज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। छठे चरण में यूपी की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और बंगाल की आठ-आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

### लोहरदगा : डोभा में डूबने से छात्रा की मौत

**लोहरदगा।** शुक्रवार को डोभा में डूबने से तीसरी क्लास की एक छात्रा की मौत हो गयी। उसकी पहचान कैरो थाना के गुड़ी गांव निवासी मंटू साहू की पुत्री पिंकी (12) के रूप में हुई। परिजनों को जब पता चला कि पिंकी डोभा की ओर गयी है, वे पहुंचे तो देखा कि बच्ची डूबी हुई है। उसे अस्पताल ले ले गये, पर डॉक्टरों ने उसे मृत बताया।

### अपराधियों ने बड़कागांव में पांच ट्रैक्टर फूंके

**हजारीबाग।** बड़कागांव में अपराधियों ने पांच ट्रैक्टर को जला दिया। चार ट्रैक्टर मधईयाढाब गांव के सुनील कुमार, सुधीर कुमार, अमरीश कुमार, छत्रधारी कुमार और एक हरली के पंचम कुमार का है। ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि गुरुवार देर रात 4 अपराधी दो बाइक में आए और आग लगाकर फरार हो गये। वे पोस्टर चिपकाकर ट्रैक्टर मालिकों से 15 लाख की रंगदारी मांगी। एक अपराधी को पकड़ लिया गया है।




# अब संथाल के जंग में गरजे दिग्गज

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संथाल की सीटों पर होनेवाले चुनाव जीतने को ले कर सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के हत शुक्रवार को अमित शाह ने जामताड़ा और देवघर में चुनावी सभा के जरिये संथाल की सीटों को साधने का प्रयास किया। कांग्रेस-झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा, इन लोगों ने झारखंड को लूट का अड्डा बना रखा है। घुसपैठियों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में घुसपैठ रोकने के लिए भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनायें, तभी झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों का कल्याण होगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीएम चंपई सोरेन, स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, राजद नेता तेजस्वी यादव ने गोड्डा सीट के लिए देवघर में कांग्रेस प्रदीप यादव के पक्ष में चुनावी सभा की। पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सरना धर्मकोड देने की बात कही। साथ ही भाजपा पर आदिवासियों के अपमान का आरोप लगाया। झूठ बोल कर सत्ता हथियाने और झारखंड की संपदा लूटने का भी आरोप लगाया।

## झारखंड में घुसपैठ रोकने वाली सरकार चुनें : शाह

### कांग्रेस-झामुमो ने राज्य का लूट अड्डा बना दिया

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को संथाल परगना में अपनी चुनावी सभाओं में झारखंड की झामुमो-कांग्रेस की सरकार पर करारा प्रहार किया। धरती आबा बिरसा मुंडा को प्रणाम करते हुए उन्होंने आदिवासी समाज से अपील की कि ऐसी सरकार चुनिए, जो घुसपैठ रोके। यदि घुसपैठ न रोका गया, तो आदिवासियों की जमीन और जंगल दोनों खतरे में पड़ जायेंगे। यहां पर घुसपैठ का मुद्दा आदिवासियों के लिए बड़ा प्रश्न है। उन्होंने पूर्व सीएम और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, हेमंत सोरेन और मंत्री आलमगीर आलम ने झारखंड में घुसपैठ कराकर आदिवासियों के खिलाफ लव जिहाद, लैंड जिहाद और फॉरेस्ट जिहाद कराया है। आप सोच-समझकर वोट करें, ताकि झारखंड में घुसपैठ को रोका जा सके और आपकी रक्षा हो सके। संथाल की सीटों के लिए यहां के दो इलाकों देवघर के मधुपुर और जामताड़ा के मैझिया में चुनावी सभा की। दुमका से सीता सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा, मोदी मानते हैं कि जब तक झारखंड का विकास नहीं होगा, तब तक देश का विकास नहीं सकता। छठे और सातवें चरण में मोदी को 400 पार कराना है।




**इंडीवाले परिवार से उपर नहीं उठ सकते :** अमित शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया। झारखंड की सरकार ने हजारों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपया निकला। ऐसे लुटेरों की जगह जेल ही होगी। श्री शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है।

(शेष पेज 11 पर)

## हेमंत बाहर होते तो भाजपा की जमानत नहीं बचती : कल्पना



**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक व पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने साजिश कर चुनाव से पहले हेमंत सोरेन को जेल भेजा। वे अगर बाहर रहते तो भाजपा की जमानत जब्त हो जाती। कल्पना सोरेन शुक्रवार को साहिबगंज के राजमहल लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में अमरापाड़ा व बोरियो में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने श्री हांसदा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**भाजपा डरी हुई थी :** कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड के लाखों लोगों को हक-अधिकार देने वाले हेमंत सोरेन को जेल भेजकर भाजपा ने झारखंड और झारखंडियों के साथ खिलवाड़ किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### खड़गे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा

## भाजपा ने झारखंड की जल जंगल और जमीन को बेचा

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों का अपमान कर रही है और जल जंगल जमीन को बेच रहे है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की 25 गारंटी और न्याय पत्र के बारे में भी लोगों को बताया। श्री खड़गे शुक्रवार को गोड्डा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में देवघर के मोहनपुर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार सरना कोड लागू करेगी।

**आदिवासियों का किया अपमान :** श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री को देखना नहीं चाहती है। यही कारण है कि उसने युवा आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन को जेल में भेजने का काम किया। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों का अपमान ही किया। नये संसद भवन के उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाया, यही नहीं उन्होंने राम मंदिर के कार्यक्रम में भी राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया क्योंकि वे आदिवासी थीं।

(शेष पेज 11 पर)



### भाजपा हो जायेगी सफाचट-सफाचट : तेजस्वी

वहीं, देर से पहुंचे तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी की मिमिक्री करते हुए उनपर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मुंह से गरीबी महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कहा कि अगर उनकी सरकार आयी तो लोगों का मिजाज होगा टनाटन टनाटन, एक लाख रुपया आयेगा खटाखट खटाखट, नौकरी मिलेगी फटाफट फटाफट, भाजपा हो जायेगी सफाचट सफाचट। उन्होंने कहा पीएम मोदी सिर्फ हिंदू-मुस्लिम कर के लोगों को ठगना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को वोट देने की अपील की। कहा कि मोदी जी काफी झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा मोदी जी पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले पीएम हैं। वे गोबर को भी हलवा बना देते हैं।

## कड़ी सुरक्षा में आज राज्य की चार सीटों पर वोटिंग

### सभी 8963 बूथों की वेब कास्टिंग से होगी निगरानी



### बूथों पर पहुंचे मतदानकर्मी, पारा मिलिट्री फोर्स तैनात

### 186 बूथों पर महिलाएं, 22 पर युवा संभालेंगे व्यवस्था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोक सभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड की चार सीटें रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में शनिवार 25 मई को सुबह 7:00 बजे से 5:00 बजे शाम तक कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। आयोग और प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि कुमार ने कहा कि इस चरण में सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी जायेगी। यही जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने कंट्रोल रूम से निभायेंगे। हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगे हैं। सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की गयी हैं। संवेदनशील बूथों पर जगुआर, कोबरा और क्यूआरटी की तैनाती की गयी है।

रवि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सभी बूथों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी बूथ पर पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। स्पीडी वोटिंग के लिए मतदानकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है, ताकि मतदाता को मतदान के लिए कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि सभी लोग परिवार संग चुनाव पर्व में उत्साह से हिस्सा लेते हुए मतदान जरूर करें और पड़ोसियों, परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छठे चरण में सभी चरणों से अधिक 82,16,506 मतदाता हैं। सर्वाधिक 22,85,237 मतदाता धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं। वहीं सबसे कम 18,64,660 मतदाता गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि कुल 8963 बूथों में से 186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा व्यवस्था संभालेंगे। 15 यूनिक बूथ हैं, जिसे विशेष तरह से विकसित किया गया है। जमशेदपुर में 133, धनबाद में 80, रांची में 69 और गिरिडीह में 8 थर्ड जेंडर के मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने हर संस्थान को अपने कर्मियों को मतदान दिवस 25 मई को नियमानुसार सवैतनिक अवकाश देने और मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा है।

### पीएम का इंडी गठबंधन पर हमला, कहा

## मुस्लिमों की 77 जातियों को रातों-रात बना दिया ओबीसी

### कोलकाता कोर्ट के फैसले से बौखला रहा विपक्ष

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इन्होंने मुसलमानों की 77 जातियों को रातोंरात ओबीसी बना दिया। इन्हें हर जगह मलाई मिल रही थी। पीएम ने कहा इंडी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। दो दिन पहले ही वहां कलकत्ता हाई कोर्ट ने वहां 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की 77 जातियों को इंडी गठबंधन वालों ने रातों-रात ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। पीएम मोदी हिमाचल प्रदेश के शिमला में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



**संविधान की धज्जियां उड़ा रहा विपक्ष**

पीएम ने कहा कि कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया। इन 77 मुस्लिम जातियों को नौकरी, पढ़ाई में हर जगह मलाई मिल रही थी। ऐसा करके इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कलकत्ता हाइकोर्ट के फैसले के बाद इंडी गठबंधन वाले बौखला गये हैं।

बंगाल की सीएम तो सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से भी इनकार कर रही हैं। इनके लिए संविधान और अदालतें कोई मायने नहीं रखती। इनका सबसे सगा अगर कोई है, तो वो इनका वोट बैंक है।

**भारत अब दुश्मन को घर घुस कर मारता है**

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था।

(शेष पेज 11 पर)



# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारी पूरी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## बूथों पर पेयजल टेंट की व्यवस्था, महिलाओं के लिए विशेष बूथ

**कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक डाले जायेंगे वोट, सांसद संजय सेठ, विद्युत बरण महतो, सीपी चौधरी की प्रतिष्ठा दांव पर, इंडिया गठबंधन की अनुपमा सिंह, यशस्विनी सहाय, मथुरा महतो, समीर मोहंती के भाग्य का भी होगा फैसला**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में झारखंड की चार संसदीय सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर व गिरिडीह में शनिवार को मतदान होगा। इसके लिये तमाम प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इन सीटों पर भाजपा और एनडीए का कब्जा है चारों सीटों पर कांटे का मुकाबला है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस ने रांची और धनबाद, झामुमो ने जमशेदपुर और गिरिडीह से अपने प्रत्याशी उतारे है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिये कई उपाय किये हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिये विशेष मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। वहीं, दूर-दराज से मतदाओं को लाने के लिये वाहन की सुविधा प्रदान की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुये पेयजल के अलावा टेंट की व्यवस्था की गयी है। सूत्रों के अनुसार रांची लोकसभा में भी कुल छह विधानसभा क्षेत्र आते है। इसमें ईचागढ़ में झामुमो, खिजरी में कांग्रेस, सिल्ली में आजसू के विधायक हैं। वहीं तीन विधानसभा रांची, हटिया और कांके में भाजपा विधायक हैं। रांची लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। कुरमी वोटरों की गोलबंदी इस सीट पर भाजपा को जीत दिलाते रहे है। शहरी वोटर के अलावा कुरमी वोटरों की जुगलबंदी पर भाजपा और कांग्रेस का जोर है। वहीं, धनबाद लोकसभा में छह विधानसभा क्षेत्र आते है। इसमें बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद में भाजपा के विधायक हैं। वहीं, झरिया विधानसभा पर कांग्रेस का कब्जा है। इस लोकसभा में बाहरी वोटरों का बोलबाला रहता है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें जमशेदपुर, पूर्वी जमशेदपुर प>िमी, घाटशिला, बहारागोड़ा, पोटका और जुगसलाई शामिल है। इनमें घाटशिला, बहारागोड़ा, पोटका और जुगसलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हैं। वहीं, जमशेदपुर ;पूर्वी निर्दलीय और जमशेदपुर ,प>िम की सीट पर कांग्रेस के विधायक है। इस इस सीट पर भाजपा और झामुमो के बीच मुख्य मुकबला है। जमशेदपुर में कुल 25 प्रत्याशी चुनाव मैदान है। संथालए भूमिज जानजातियों के आलावा इस सीट पर कुर्मी वोटर निर्णायक साबित होते हैं ।गिरिडीह में गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले की छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन सीटों गिरिडीह, डुमरी व टुंडी विधानसभा में झामुमो का कब्जा है।

वहीं, कांग्रेस का बेरमो, भाजपा बाघमारा तथा आजसू का गोमिया विधानसभा पर कब्जा है। इस सीट पर कुल 16 प्रत्याशी अपनी राजनीतिक किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख और निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो भी चर्चा में हैं।

# भाजपा, इरफान और सेल को चुनाव आयोग ने चेताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडियाए बोकारो को चेतावनी देते हुए नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा है। भाजपा पर झारखंड में चतुर्थ और पंचम चरण के मतदान के दौरान मतदान केंद्रो पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चि? आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण का आरोप है। इसे लेकर एफआईआर भी दर्ज है। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार द्वारा भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के तहत वोटरों को अनाधिकृत पहचान पत्र सादे कागज पर देना है और उस पर किसी दल विशेष का चि?, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिये। इस दिशा निर्देश को पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं को अवगत कराते हुये उसका अनुपालन सुनि>ित कराने को कहा गया है।

वहीं, विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गये पोस्ट को जांच के बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुये भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों, जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने। साथ ही, अपुष्ट आरोपों, आलोचना से बचने को कहा गया है। वहीं वोट के लिये ऐसी अपील से भी बचने को कहा गया है, जिससे जाति या सांप्रदायिक भावना उभरती हो। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य धार्मिक स्थलों का चुनावी प्रोपेगंडा के लिये उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। दूसरी ओर स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के बावजूद अपने बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मियों को छठे फेज के चुनाव में मतदान के लिये सवैतनिक अवकाश देने से मना कर दिया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसपर संज्ञान लेते हुये बोकारो स्टील प्लांट के महाप्रबंधक को लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 बी के तहत कर्मियों को मतदान के लिये सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश दिया। तत्प>ात बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने अपने आदेश को पुनरीक्षित करते हुये मतदान दिवस 25 मई को अपने कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देने की घोषणा की। साथ ही, कहा है कि जो कर्मी शिफ्ट में मतदान करने जायेंगे, उनको दो महीने के भीतर एक दिन का अवकाश भी मिलेगा। ज्ञात हो कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए झारखंड में स्थित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबुल इनस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## झारखंड के तीसरे चरण के चारों सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेंगे : सोनाल

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दावा किया है कि झारखंड के तीसरे चरण में होने वाले चार सीटों के चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावी समर ढलान की ओर है, झारखंड में चुनाव के दो चरणों में जनता ने जिस तरह का समर्थन इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों को दिया था उससे कहीं ज्यादा उत्साहित होकर इस चरण में इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे। श्री शांति ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह द्वारा लगातार असंयमित और अमर्यादित भाषा का प्रयोग उनकी हताशा को दर्शा रहा है। उनकी लगातार कोशिशों के बावजूद भी देश में चुनावी धारा सांप्रदायिक मोड़ नहीं ले सकी जिससे उनका सत्ता पाने का सपना चूर हो गया है। जनता हर चरण के चुनाव में भाजपा और मोदी की गारंटी से दूर होती चली गई है।

## हटिया झारसुगुड़ा ट्रेन का परिचालन 27 से रहेगा रद्द

**रांची।** रांची रेल मंडल के कुरकुरा ओरगा रेलखंड पर विकास कार्यों की वजह से ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इसके कारण हटिया झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस का परिचालन कुछ दिनों के लिए बंद रहेगा। यह ट्रेन 27, 28, 29 मई, 2, 3, 4, 5, 9 जून 2024 तक रद्द रहेगी। ट्रेन कुल 8 दिनों तक रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 08175 हटिया झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल सप्ताह के 7 दिन हटिया से झारसुगुडा जंक्शन तक चलती है। यह पैसेंजर ट्रेन हटिया से 12: 50 बजे निकलती है और 07: 55 बजे झारसुगुड़ा जंक्शन पहुंचती है। ट्रेन 08175 कुल 7 घंटे 5 मिनट में यात्रा तय करती है और इस क्रम में 33 स्टेशनों पर रुकती है। यह ट्रेन राउरकेला में सबसे लंबे समय तक रुकती। बता दें, हटिया, बालसीरिंग, लोडमा, कर्रा, गोविंदपुर रोड, बकसपुर, पोक्ला, पकरा, कुरकुरा, महबुआग, बनो, कनारीओं, टटी परवाटोनिया, ओर्गा, नवागांव, चनगूरकेला, राउरकेला, पानपोश, कलूगा, क>हल, राजगांगपुर, सोनाखान, मोगरा, गर्योम, तगार्मुन्य, बमरा, धरैविही, यग्दिही, पपाली, धुत्र, झारसुगुडा जंक्शन पर यह ट्रेन रुकती है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 4493-जीआरसी-सीई-सी-01-39-2024, दिनांक 24.05.2024**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डनरीच, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के हटिया-मुरी अनुभाग में किता स्टेशन में अप लूप लाइन के निर्माण का शेष कार्य। **अनुमानित लागत:** रु.10.57 करोड़; **बोली सुरक्षा:** रु. 6,78,600; **समापन अवधि:** 18 महीने। **बंद होने की तारीख:** 18.06.2024; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-187)

# कांग्रेस और झामूमो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर निशिकांत के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस-झामुमो का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड से मिलकर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अपने शिकायत में कहा है कि दिनांक 23 मई 2024 को 03-गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा गोड्डा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत जरमुण्डी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह कृषि मंत्री झारखण्ड सरकार बादल पत्रलेख एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को ईडी का समन दिये जाने संबंधी बयान दिया गया है। कुछ न्यूज चैनलों में भी बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को ईडी का समन जारी किए जाने की खबरें प्रसारित की गयी। परन्तु इस मामले पर ईडी के अधिकारियों द्वारा न हीं अधिकारिक रूप से पुष्टि की गई और न हीं इसका खण्डन। जबकि ईडी का कोई समन बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को नहीं मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि चूँकि मंत्री बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत जरमुण्डी एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के चुने हुए विधायक सह मंत्री है एवं गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत आमजनता के बीच इनकी काफी लोकप्रियता है।

इसलिए भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा एक सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की नीयत से मतदाताओं के बीच झारखण्ड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए गलत खबर प्रमुखता से प्रसारित की गयी। साथ हीं गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता के बीच इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और झामुमो के प्रति नकारात्मक छवि बनाने के लिए साजिश रची गयी।

प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में काननू कार्रवाई की जाय। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, झामुमो महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर शामिल थे।

**सरयू ने की थी हेल्थ डिपार्टमेंट से गोपनीय फाइल चोरी**

# हटिया डीएसपी ने जांच में सही पाया, सिटी एसपी को भेजी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने विधायक सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने के आरोप को जांच में सही पाया है। स्वास्थ्य विभाग ने साल 2022 में डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी (कांड संख्या 105/ 2022) दर्ज करायी थी। जिसमें कोरोना प्रोत्साहन राशि भुगतान से संबंधित विभागीय की गोपनीय फाइल को चोरी कर सार्वजनिक करने के मामले में विधायक सरयू राय व अन्य को आरोपी बनाया गया था। डीएसपी पीके मिश्रा ने इस केस की जांच के दौरान सरयू राय पर लगे आरोप को सही पाया और इसकी रिपोर्ट सिटी एसपी को भेज दी।

**बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का दिया था निर्देश**

मई 2022 में जब यह मामला सामने आया था, तब मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डोरंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के कर्मी विजय वर्मा ने आईपीसी की धारा 409/379/411/120बी/420 और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट की धारा 5 के तहत मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में विधायक सरयू राय और अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति के बाद सरयू राय ने प्रेस व अन्य मीडिया के सामने प्रोत्साहन राशि के भुगतान के संबंध में विभागीय फाइल के कुछ अंश को सार्वजनिक किया। साथ ही विभाग और विभागीय मंत्री पर कई तरह के आरोप लगाये. जबकि संबंधित फाइल (संख्या 01/स्वास्थ्य मुख्यालय1-12/2021) की छायाप्रति (फोटो कॉपी) सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 और अन्य वैधानिक रूप से उन्हें उपलब्ध नहीं करायी गयी थी।

# गोड्डा से भी भाजपा की हार तय करें जनता : वृंदा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीपीआईएम की पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात का राजमहल संसदीय क्षेत्र का पांच दिवसीय दौरा शुक्रवार को समाप्त हो गया। दौरा की समाप्ति पर मीडिया से बात करते हुए वृंदा करात ने कहा कि 18वीं लोकसभा का चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं क्योंकि अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव का पैटर्न बताता है कि मतदाताओं ने मोदी जी के बैलून की हवा निकाल दी है। उन्होंने कहा कि देश भर के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अब भाजपा के झांसे को समझ चुका है। बृंदा कारात ने कहा कि सीपीआईएम इस चुनाव में तीन राजनीतिक लक्ष्य हासिल करना चाहती है। पहला लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके गठबंधन की हार सुनि>ित करना। दूसरा संसद में सीपीएम समेत अन्य वामपक्षीय दलों की शक्ति बढ़ाना और तीसरा देश में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन करना। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 वर्षों के शासन काल में देश का संविधान, लोकतंत्र और भारतीय गणराज्य के संघीय चरित्र को षडयंत्र पूर्वक कमजोर किया गया है। वृंदा कारात ने कहा कि केन्द्रीय सरकार की स्वतंत्र एजेसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले जन संगठनों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को निशाना बनाने के लिए किया गया। इसलिए भाजपा और मोदी जी के स्थानीय प्रतिनिधि गोड्डा के सांसद नीशिकांत दुबे को पराजित करना जरूरी है। यह हमेशा अपने कार्पोरेट आकाओं के पक्ष में सक्रिय रहे। ये और राजमहल के सांसद विजय हांसदा दोनों कंपनी के आदमी हैं। इसलिए यहां उपलब्ध खनिज संपदा की जो लूट कार्पोरेट घरानों द्वारा की जा रही है उसके खिलाफ कुछ नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि गोड्डा में स्थापित अडानी पावर प्लांट के लिए साहेबगंज स्थित गंगा नदी से प्रति वर्ष 36 एमसीएम यानि 9 करोड़ 86 लाख लीटर पानी जाता है। वहां उत्पादित बिजली बांग्लादेश को चली जाती है। गंगाजल का यह दोहन भविष्य में इस क्षेत्र में भारी जल संकट पैदा करेगा। मीडिया को संबोधित करते हुए सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा की गोड्डा संसदीय सीट पर सीपीएम इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में काम कर रही है और सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकर्ता गठबंधन उम्मीदवार की जीत सुनि>ित करने के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। वार्ता के दौरान सीटू के प्रतीक मिश्रा, सुधीर रंजन और अखिलेश्वर पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

# सोच-समझ कर करें वोटिंग: सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जेएमएम महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि कल राज्य में तीसरे चरण का मतदान लोकसभा की चार सीटों पर है। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में चुनाव है। इसके पहले तीन सीटों पर कोडरमा, हजारीबाग और चतरा में मतदान हुआ। एक जून को संथाल की तीन सीटों पर भी मतदान है। ये पहली बार है जब मतदाता बिना किसी बहकावे में आकर और सोच समझकर मतदान कर रहे है। बीजेपी जो इस चुनाव में पहले चरण से ही पिछड़ती नजर आ रही है। जो भाषा उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही है धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, जब समाज एक बड़ा वर्ग उन्हें निष्कासित करने लगा तो धर्म से नीचे उतरकर वह जाति समूह में बदल गई। जब चुनाव में टिकटों का बंटवारा हो रहा था, क्षत्रिय समाज को टिकट से वंचित किया गया तो उनकी नाराजगी सामने आई। कायस्थ समूह को भी अपमानित करने का काम किया गया।

**हार का ठिकरा दूसरे के सिर फोड़ने की तैयारी :** देश के बड़े नौकरशाह, विदेशी मामलों के जानकार, आर्थिक मामले के जानकार यशवंत सिन्हा के सुपुत्र जयंत सिन्हा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान रखते है, उन्हें भी निशाना बनाया। क्योंकि वे जानते है कि हजारीबाग वे हार गए, इसलिए हार का ठिकरा उनके सिर फोड़ने की तैयारी है। वहीं धनबाद का भी जनादेश आएगा तो राज सिन्हा को राजनीतिक मोहरा बनाया गया। ये लोग सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा लगाते है। जब नेताओं को शोकॉज किया गया और उनके जवाब आए तो बीजेपी ने कहा कि ये लोग सामंतवादी सोच के लोग है। कैसे-कैसे रंग बदलते रहते है ये लोग। चुनाव जीतना ही है चाहे व्यक्ति किसी भी पृष्ठभूमि का हो, क्वालिटी और पॉलिटी की कोई जरूरत नहीं है। कामन काउज की कोई रिस्पांसिबिलटी फिक्स नहीं है। केवल चुनाव जीतना है। अपने नेताओं के बारे में, अपने पूर्व सांसद के बारे में उनका प्रत्याशी किस भाषा का प्रयोग करता है। उससे हम सभी मर्माहत होते है। उन्होंने कहा कि चार जगहों पर जहां मतदान होने है वे सभी को आकर्षित करती है। मतदाता सुनि>त करें कि सुबह से ही लाइन में लगकर मताधिकार का प्रयोग करें। शाम में भी चार बजे लाइन में जाकर खड़े हो जाएं, जिससे कि जबतक वोटिंग होगी वे मतदान कर सकेंगे।

## जून में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अब जुलाई के इंक्रीमेंट का मिलेगा लाभ

**रांची।** रेलवे की ओर से वार्षिक इंक्रीमेंट को लेकर बड़ी घोषणा की गयी है। रेलवे बोर्ड की मानें तो अब 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी एक जुलाई से लागू होने वाले इंक्रीमेंट का लाभ दिया जायेगा। ये व्यवस्था इस साल से ही लागू की जायेगी। रेलवे बोर्ड की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्व की व्यवस्था के अनुसार 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई को मिलने वाले वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाता था। रेलवे नियुक्ति की तारीख के आधार पर अपने कर्मचारियों को एक जनवरी और एक जुलाई को तीन प्रतिशत वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ देती है।

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे एवं ईडी के संबंधों की जांच चुनाव आयोग करें : मनोज कुमार पांडेय



**रांची।** राजद के पदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा है कि बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक सोची समझी साजिश के तहत राज्य के दो मंत्री बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को बदनाम करने की साजिश रचने का काम किया है ताकि जनता के बीच गलत मैसेज जाय और इसका लाभ बीजेपी को मिले। इसकी जितनी निंदा की जाय कम है। श्री पांडेय ने कहा हे कि अगर दोनों मंत्री को ईडी द्वारा समन नहीं भेजा गया तो अखबार और मीडिया में कैसे निशिकांत दुबे द्वारा किस आधार पर बयान दिया गया। उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं ईडी एवं भाजपा के बीच कुछ तार जुड़ा हुआ है, जिसकी जांच नि>ित रूप से होनी चाहिए।

राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय कहा है कि आखिर जांच एजेंसी द्वारा होनी वाली कार्रवाई की जानकारी भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को कैसे हो जाती है। ऐसा लगता है की जांच एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी के अनुसार चलती है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग को स्वयं संज्ञान लेते हुए इसकी गहन जांच पड़ताल की जानी चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

## निर्दलीय उम्मीदवार संतोष कुमार जायसवाल ने संजय सेठ को दिया समर्थन

रांची। निर्दलीय उम्मीदवार संतोष कुमार जायसवाल ने एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत माता की आवाज सुनकर, विश्व बंधुत्व, हिंदुत्व, राष्ट्रीय एकता और अखंडता, विकास को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में देश सुरक्षित है। किसान, मजदूर, महिला और वंचित तबकों का विकास संभव है। झारखंड सहित पूरे देश में विकास की धारा बह रही है। पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। वह भी इस यज्ञ में अपनी आहुति दे रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वह एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए वोट करें। मिलकर क्षेत्र के विकास के लिये रांची लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ को अपना वोट दें।

# राजेन्द्र बाबू को मजदूर अपना हमदर्द समझते थे : कांग्रेस

## पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बेरमो में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बेरमो में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि जीवन पर्यन्त मजदूरों और आमजनों के लिए संघर्षरत रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह को झारखंड के ही नहीं, देशभर के मजदूर अपना हमदर्द समझते थे। अपने राजनीतिक जीवनकाल में लगभग पांच दशक तक मजदूरों के हक के लिए संघर्षरत राजेंद्र प्रसाद सिंह ने श्रमिक नेता के रूप में झारखंड ही नहीं, पूरे देश में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनायी। वे कहते थे कि एक मजदूर की आत्मा उनमें है, इसके बिना वे अधूरे हैं। राज्य विभाजन के बाद वे लगातार सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहते थे। संगठन और सरकार के बीच कार्यकताओं के लिए वह हमेशा एक पुल की तरह काम करते थे, कार्यकताओं को हमेशा संगठन की मजबूती के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित किया करते थे। उनका व्यक्तित्व मिलनसार और मददगार छवि के रूप में हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र बाबू पक्ष-विपक्ष सभी को साथ लेकर चलने पर विश्वास करते थे। झारखंड ही नहीं, एकीकृत बिहार में हमेशा उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया।

### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनी पुण्यतिथि

इधर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से अमूल्य नीरज खलको ,राकेश सिन्हा, जगदीश साहू,सोनाल शांति, ऋषिकेश सिंह, नेलीनाथन, मनोज सहाय पिंकू ,नीलांबर साहू, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी आदि शामिल थे।

# अब उच्च शिक्षा, मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल और रोजगार सृजन पर रहेगा ध्यान : बिद्युतबरण महतो



- 10 साल में सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का ईमानदारी से किया प्रयास : सांसद
- कहा-जमशेदपुर के कल्याण के लिए लागू की केंद्र सरकार की दर्जनों योजनाएं
- एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो की चुनाव पूर्व संध्या पर वायदे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद एवं एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने चुनावी भागदौड़ के बीच अपने दस वर्षों के कार्यकाल का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड रखा है। अपने दस वर्षों के संसदीय कार्यकाल एवं मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल को उपलब्धियों से भरपूर बताते हुए सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि हम इन दस वर्षों में हम हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। बीते दस वर्षों में जमशेदपुर में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार विकास को सबसे सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखकर कार्य कर रही है। जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में केंद्र की दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में हुए सुखद बदलाव का साक्षी रहा हूं। आइये देखते हैं लोकसभा क्षेत्र से सांसद के तौर पर 1500 से भी अधिक सवाल पूछने वाले विद्युत महतो के नजरों से कि दस वर्षों में जमशेदपुर कितना बदला है।

**जुगसलाई आरओबी निर्माण का वादा किया पूरा :** सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि जुगसलाई में रेलवे ओवरब्रिज की मांग 60 वर्षों से अधिक समय से थी। जिस रेलवे ओवरब्रिज के लिए विगत 60 वर्षों से इन्तेजार हुआ वो पूरा हुआ। इस ओवरब्रिज निर्माण के लिए जुगसलाई की जनता, बागबेड़ा की जनता और भारतीय जनता पार्टी ने लगातार संघर्ष किया। निर्माण कार्य के धीमी रफ्तार पर भी कार्यकर्ता हमेशा सजग रहे। रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का श्रेय जुगसलाई एवं बागबेड़ा की प्रबुद्ध जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूं।

**धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू :** सांसद विद्युत महतो धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण को लेकर आशान्वित हैं। धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का मुद्दा लगातर उठाने वाले विद्युत महतो ने कहा कि जमशेदपुर में एयरपोर्ट निर्माण जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य करना उनकी प्राथमिकताओं में हैं। क्षेत्र के औधोगिक विकास के लिए एयरपोर्ट का होना बहुत आवश्यक है।

**टाटानगर रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेल परियोजना में हुआ शामिल :** सांसद विद्युत महतो रेलवे के क्षेत्र में अपने प्रयासों को उल्लेखनीय बताते हुए कहते हैं कि बीते दस वर्षों में रेलवे के क्षेत्र में जमशेदपुर की जनता के लिए कई सराहनीय कार्य और प्रयास हुए। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सेकंड इंट्री गेट हो या टाटानगर को अमृत भारत योजना में शामिल करने की बात। दुरंतो एक्सप्रेस के टेक्निकल स्टॉपेज को कमर्शियल स्टॉपेज में परिवर्तित कर टाटानगर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हेतु जादूगोड़ा रांकिनी माता मंदिर के सामने एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया गया। जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दस वर्षों में दस से अधिक पावर सब स्टेशन एवं चार ग्रिड की स्थापना की गयी। यह ग्रामीण एवं किसानों की विशेष मांग थी।

**ईएसआई अस्पताल के 50 बेड के अस्पताल को बढ़ाकर किया 100 बेड :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में 50 बेड वाली अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 100 बेड किया गया। जिसके लिए भवन निर्माण कार्य पूरा हुआ। पांच मंजिला अस्पताल मजदूरों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु ऑपरेशन थियेटर, आइसीयू समेत कई अन्य सुविधा से युक्त है।

# एम्स और आइआइटी लायेंगे, बंद पड़ी सभी कंपनियां व खदानें खुलवायेंगे: समीर महंती



- इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती की चुनाव पूर्व संध्या पर वायदे
- चाकुलिया से गुड़ा मारा को रेल मार्ग से जोड़ना भी प्राथमिकता में शामिल, बंद ट्रेनों को फिर से चलाया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोक सभा सीट पर इंडिया समर्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर कुमार महंती में उम्मीद जताई है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और सहयोगी दलों ने जिस तरह इमानदारी से चुनाव के दौरान गठबंधन के नीति सिद्धांतों को जनता के बीच पहुंचाने का काम किया है, उससे लोग प्रभावित होकर तीर धनुष चुनाव चिह्न पर अवश्य वोट देंगे। समीर महंती का कहना है कि वह सांसद बनते हैं तो पूर्वी सिंहभूम जिले के आदर्श जिला बनवाने का काम करेंगे। यहां मेडिकल, उच्च शिक्षा और बंद पड़ी खदानों एवं कंपनियों को खुलवाना एवं उन पर ध्यान देना मेरी प्राथमिकता रहेगी। जिले में एम्स की स्थापना करायेंगे, ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल सेवा निःशुल्क जिले वासियों को मिल सके। वह सांसद चुने जाते हैं, तो ईमानदारी से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का सपना साकार करेंगे। इसके अलावा जिले में आईआईटी की स्थापना की जाएगी ताकि यहां के युवाओं को उच्च तकनीकी शिक्षा आसानी से मिल सके।

पूर्वी सिंहभूम जिले के उन क्षेत्रोंको रेल मार्ग से जोड़वाना भी समीर महंती की प्राथमिकता रहेगी। इसके तहत चाकुलिया से गुड़ा मारा को रेल मार्ग से जोड़ना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है बंद पड़े ट्रेनों का परिचालन फिर से सुनिश्चित कराया जायेगा और यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की विस्थापितों के लिए पुनर्वास एवं नौकरी की व्यवस्था करायी जायेगी। इसके अलावा नीमड़ीह से बोड़ाम-पटमदा होते हुए बंगाल तक रेलवे लाइन बीछवाना तथा वहां से ट्रेन परिचालन भी उनके भविष्य की योजनाओं में शामिल है।

इसके अलावा चाईबासा से हाता तथा हाता से तिरिंग तक एनएच-220 की मरम्मती एवं निर्माण का काम भी कराया जाएगा। जमशेदपुर में केबल कंपनी के साथ-साथ बंद पड़े अन्य कंपनियों को फिर से चालू करवाना भी उनकी प्राथमिकता है और कारखाने में कार्यरत मजदूरों को उनका हक अधिकार हर हाल में सुनिश्चित किया जायेगा। इसके अलावा बंद पड़े रखा नरवा तथा मऊ भंडार माइंस को पुणे सुचारू रूप से चालू कराया जायेगा ताकि यहां पर रोजगार के अवसर फिर से सृजित हो सके।

समीर सांसद बनते हैं तो इसी तरह धालभूम में बंद पड़ी स्लीपर फैक्ट्री को फिर से चालू कराया जायेगा ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हो सके। जमशेदपुर में बसी 86 बस्तियों को नियमित करने के लिए उचित पहल की जाएगी और टाटा अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस का दैनिक परिचालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा टाटा से जयनगर तथा टाटा से सहरसा तक रेल सेवा को चालू कराया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोग जो जमशेदपुर में काम करते हैं और बसे हुए हैं वे आसानी से अपने गांव जवार तक पहुंच सकें। बहरागोड़ा विधायक एवं जमशेदपुर लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती ने कहा है कि जमशेदपुर की जनता की सेवा करने के लिए ही वे चुनावी मैदान में उतरे हैं।

# बूथों पर पहुंचे मतदानकर्मी, वोट आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र में शनिवार को मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा। शनिवार 25 मई को कल 18 लाख 69,278 मतदाता अपने वोट डाल कर 25 प्रत्याशियों में से एक को नया सांसद चुनेंगे। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र पूर्वी सिंहभूम जिला के नाम से जाना जाता है। इसमें छह विधानसभा क्षेत्र क्रमशः बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम है।

इन सभी क्षेत्रों में मतदान की तैयारी को प्रशासन में आज अंतिम रूप दे दिया। सभी मतदान केंद्रों के लिए आज मतदान कर्मी और सुरक्षा कर्मी अपने-अपने गंतव्य के लिए बसों से रवाना हुए।

जमशेदपुर जिला पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षित और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों एवं दंडाधिकारियों को तैनात कर दिया है। आज कोऑपरेटिव कॉलेज और लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों की टोली अपने एवं एवं आवश्यक संसाधनों को लेकर बसों के जरिए अपने-अपने कलस्टर केंद्रों के लिए रवाना हुईं। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, सीनियर एसपी किशोर कौशल एवं डीडीसी मनीष कुमार की देखरेख में मतदान कर्मी और सुरक्षाकर्मी अपने अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।





कोऑपरेटिव कॉलेज और एलबीएसएम कॉलेज में बनाये गए डिस्पैच सेंटर से रवाना होने से पूर्व मतदान कर्मियों का स्वास्थ्य जांच भी कराया गया और उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों ने कॉफी मग एवं फूल देकर मतदान केंद्र के लिए खुशी-खुशी रवाना किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने उम्मीद कराई कि सभी मतदान कर्मी अपनी दक्षता एवं तत्परता से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करायेंगे।

मतदान केदो पर रवानगी से पूर्व मतदान कर्मियों ने कतारबद्ध होकर ईवीएम एवं एवं अन्य संसाधन प्राप्त किया। इस दौरान महिला मतदान कर्मियों में उत्साह देखते ही बन रहा था। महिला सुरक्षा कर्मियों को भी जिला प्रशासन ने काफी मग एवं गुलाब देकर मतदान केदो के लिए रवाना किया। जमशेदपुर जिला प्रशासन में विधानसभा वार अंतिम मतदाताओं की जो विवरण देश उपलब्ध कराया है उसके मुताबिक जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 9,37,412 पुरुष मतदाता और 9,31, 733 महिला मतदाता है जबकि जिले में 133 थर्ड जेंडर मतदाता है जबकि सर्विस वोटरों की कुल संख्या 2110 है।

## स्पीड न्यूज

### प्रेमी राहुल ने की थी बबिता रजक की हत्या

**चांडिल।** अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र में बाड़ेदा गांव में विगत 20 मई की रात बबिता रजक हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्याकांड के अनुसंधान के क्रम में थाना प्रभारी तंजिल खान के नेतृत्व में गठित टीम ने बबिता रजक के 21 प्रेमी वर्षीय राहुल रजक से पुछताछ में उन्होंने हत्या की बात कबुला है। इस संबंध में मृतिका के पति संजय रजक ने नीमडीह थाना में अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर को भी बरामद किया है। पुलिस ने प्रेमी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### देश के विकास में पहले मतदान फिर जलपान

**चांडिल।** स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सह समाजसेवी सुखराम हेंम्ब्रम ने देशवासियों से पहले मतदान फिर जलपान करने का अपिल किया है। राष्ट्र का निर्माण के लिए, देश के युवाओं का विकास के लिए, देश के किसान के आय बढ़ाने के लिए, देश के लोगों को मंहगाई से निजात दिलाने के लिए, देश में बढ़ रही बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए सोच समझकर देश हित के लिए मतदान करने को कहा यह बातें समाजसेवी सुखराम हेंम्ब्रम ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा। इस दौरान उन्होंने लोगों से लोगों से निश्चित रूप से मतदान करने को लेकर अपिल किया।

### सामर्थ्य ने चलाया जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से फिटनेस ग्रुप के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी ने पूरे जोश के साथ मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान में सहयोग करने के अलावा 25 तारीख को 25 लोग के साथ बूथ पर जाने का वादा किया। सामर्थ्य की अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा बूथ पर मतदाता की सेवा के लिए हमारे वालंटियर तैनात रहेंगे। उसके साथ ही वोटिंग का हमारा अभियान भी समाप्त हो जाएगा। फर्स्ट टाइम वोटिंग करने वाले युवा मतदाता को संस्था की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। जागरूकता अभियान के तहत शपथ लेना, रंगोली, मानव श्रृंखला, मोबाइल स्टीकर - बाइक स्टीकर, पौधारोपण, निबंध, स्लोगन, क्विज, प्रभात फेरी, खेल, नाटक, वोटर चौपाल, रील - वीडियो बनाना , बैनर - पोस्टर , वोट पाठशाला, फ्लैश मोबाइल, रात्रि चौपाल, डिस्प्ले सेल्फी, ऑनलाइन प्रचार - प्रसार, वृद्ध मतदाता तक पहुंच, लाफिंग एंड फिटनेस इवेंट के द्वारा जागरूक किया गया।

### टाटा मोटर्स अस्पताल में टीएमटी मशीन शुरू हुआ

**जमशेदपुर।** गुरुवार को टाटा मोटर्स अस्पताल में टीएमटी की मशीन एवं उसकी जांच करने की नई यूनिट का उद्घाटन टाटा मोटर्स के प्लांट हेड श्री रविंद्र कुलकर्णी, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह, महामंत्री श्री आरके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पिछले कुछ महीनो से हृदय संबंधी रोगों की शिकायत बहुत बढ़ गयी है।

## एक नजर में

### नारायण रेकी परिवार ने तरबूज और शर्बत बांटा



**जमशेदपुर।** नारायण रेकी सत्संग परिवार की ओर से बाराद्वारी स्ट्रेट माइल रोड साकची में तरबूज एवं शरबत वितरण किया गया। आयोजन में आशा चौधरी सहित कई महिलाएं शामिल थीं।

### महंगाई-बेरोजगारी को देख इंडिया को वोट दें : राकेश



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस की प्रदेश सचिव एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने जमशेदपुर संसदीय सीट के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस संसदीय सीट पर आत्म मंथन करके एवं देश में आसमान छूती महंगाई बेरोजगारी महिलाओं के उत्थान और अन्य देश की जालंत मुद्दों को एवं संसदीय सीट के समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपना मतदान बदलाव के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री समीर मोहंती के पक्ष में करके एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी ज्यादा मतदान कर सुनिश्चित करें। श्री तिवारी ने कहा कि इस सीट के सभी मतदाताओं को अपना बहुमूल्य मत जरूर देना चाहिए ताकि आप एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आपकी पहचान बन सके उन्होंने कहा सुबह-सुबह पहले अपना मतदान फिर जलपान करें।

### सत्यम संजीवन ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** सत्यम संजीवन ट्रस्ट के बैनर तले टेल्को एक नंबर गेट के पास शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें कि हमारे मुख्य अतिथि एसडीओ पारुल सिंह और साथ में हमारी विशिष्ट अतिथि किन्नर करीना राजपूत थीं। चुनाव के मध्य नजर की वजह से पारुल मैडम इस कार्यक्रम में नहीं आ सकी जो कि उन्होंने फोन के जरिए खेद जताया एवं वह फोन पर बनी रही और हम सबका हौसला बढ़ाती रही। साथ ही मतदाताओं का भी हौसला बढ़ाती रहीं। उद्घाटन विशिष्ट अतिथि किन्नर करीना राजपूत ने अपने हाथों से आने जाने वाले नागरिकों को ठंडी शरबत पिलाकर उन्हें पत्रांक देकर बहुत ही सरल तरीके से लोगों को मतदान देने के लिए जागरूक किया। आये हुए विशिष्ट अतिथियों ने भी लोगों को रोड पर जा जाकर मतदान देने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

# सोनारी एयरोड्रम बाजार में दिनदहाड़े आभूषण दुकान में डकैती, सनसनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना क्षेत्र के एयरपोर्ट बाजार के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े दोपहर करीब 1:50 पर एमबी ज्वेलर्स नामक दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें डकैतों के चेहरे भी दिख रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि अपराधियों के हाथों में दो पिस्तौल थी जबकि एक अपराधी के हाथ में स्टेनगन जैसा कोई हथियार था।





**डकैती के बाद सहमे दुकानदार और डकैती की सूचना मिलने पर पहुंचे सिटी एसपी मुकेश लुणावत।**

इन अपराधियों ने करीब 7 मिनट तक ज्वेलरी दुकान में रहकर इस घटना का अंजाम दिया है। इस घटना के दौरान अपराधियों ने पहले ग्राहक बनकर अंगूठी दिखाने का आग्रह दुकानदार से किया। इस दौरान वहां एक ग्राहक दंपति भी था । दुकानदार जब अंगूठी दिखा रह तभी अपराधियों ने अचानक से पिस्तौल निकाल लिया। इस दौरान गेट के पास खड़ा एक अपराधी एक बड़े बैग में रखे हथियार को भी निकाल लिया और उसने अंदर के ग्राहकों को डराया। सारे ग्राहक डर गए दुकानदार कौशल मालू भी डर गया। कौशल का भतीजा ऋषभ हथियार देखकर दुकान से घर की ओर जाने वाले कमरे में घुस गया और वहां का दरवाजा बंद कर लिया। अपराधी दरवाजा खुलवाने का प्रयास करने लगे बाद में कौशल मालूम है खुद कहा कि वे लोग जो चाहे ले जाए। इसके बाद सारे अपराधियों ने एक-एक कर सारे गहनों को समेट लिया और एक ही बाइक पर भाग निकले।

### वोटर कार्ड नहीं होने पर भी कर सकेंगे मतदान

**जमशेदपुर।** डीसी अनन्य मित्तल ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि, निर्वाचनों के लिए सभी निर्वाचकों जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (वोटर कार्ड) दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

### आज शाम 5:30 से शुरू होगा डिजनीलैंड मेला



**जमशेदपुर।** शनिवार को चुनाव के मद्देनजर आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर स्थित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड शाम 5 :30 से शुरू होगा। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया कि गर्मी की इस छुट्टी में बड़ी संख्या में बच्चे एवं उनके अभिभावक मेले का लुत्फ उठा रहें हैं। इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध हैं। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन आदि लगया गया है।

# मिथिला समाज समीर को नहीं विद्युत वरण को करेंगे समर्थन : प्रमोद मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** मिथिला समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा बागबेड़ा में बैठक आयोजित बैठक की अध्यक्षता कमलनाथ मिश्रा सूरज ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को समाज के समर्थन का ऐलान किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा ने कहा कि किसी को भी मिथिला समाज का ठेकेदार बनने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

मिथिला समाज अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कुछ लोग समाज के स्वयंभू ठेकेदार बनने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों ने लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को समर्थन की घोषणा की है। यह घोषणा कुछ लोगों का ही हो सकती है समाज से इसका कोई मतलब नहीं है।

मिथिला समाज के लोग आगामी लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एकजुट है क्योंकि भाजपा ने मैथिली भाषा को संविधान के अष्टम सूची में शामिल किया है एवं झारखंड राज्य में मैथिली भाषा का द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया। बैठक को संजय कुमार श्रीवास्तव, सागर झा, शिवानंद यादव, पप्पू खां, अर्जुन कामत, सत्य प्रकाश, विपिन ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# आनंदमूर्त्तिजी के अवदान दिवस पर हुई चित्रांकन प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गम्हरिया।** श्रीश्री आनंदमूर्ति जी के अवदान दिवस पर आनंदमार्ग स्कूल कांड्रा में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच क्विज व चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रभात संगीत पर नृत्य, कौशिकी और तांडव आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में वी सुदर्शन, हरिश्चंद्र विद्या मंदिर के प्राचार्य जग दुर्लभ एवं राज कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर नृत्य और भगवान श्री तांडव प्रतियोगिता में बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। साथ ही, क्विज और चित्रांकन प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी कुशल प्रतिभा का परिचय दिया। अंत मे इन प्रतियोगिताओ में अव्वल रहे रागी दास, सौम्या जामुदा, शुभोजित देव, वरलक्ष्मी, प्रतिमा, संजय सोरेन, शुभम मुर्मू, शुभम टुडु आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आनंदमार्ग प्रचारक संघ के जिला भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### शिव हनुमान मंदिर में मायुमं ने लगाया अमृतधारा



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को परसुडीह चांदनी चौक स्थित शिव हनुमान मंदिर,में मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा सत्र 2024-25 की तीसरी स्थाई अमृतधारा लगायी गयी। यह स्थाई अमृतधारा स्व. सत्यनारायण शिवा देवी सिंघानिया की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगासिया ने किया। अमृतधारा का लोकार्पण समाजसेवी रमेश सिंघानिया, कमल किशोर अग्रवाल एवं संदीप मुरारका ने किया। मौके पर शाखा सचिव विजय सोनी, पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता, मेघा चौधरी, उत्कर्ष अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक पांडे, स्वास्तिक पाठक, मनोज सिन्हा, अजितेश घोष, अमित, निखिल सिन्हा आदि का योगदान रहा।

# थोक वस्त्र विक्रेता संघ का मतदाता जागरूकता अभियान जारी




**व्यापारियों को प्रोत्साहित करते अध्यक्ष अनिल मोदी।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के प्रमुख व्यापारी संगठन जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वाहन हेतु एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम पहले संघ द्वारा बाजारों में पोस्टर लगाए गए थे। अगले चरण में संघ द्वारा व्यापारियों के सहयोग से सेल्फी स्टैंड लगाया गया है।अध्यक्ष अनिल मोदी ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।और लोकतंत्र में चुनाव एक त्योहार की तरह है।लोकतंत्र के इस सबसे बड़े त्योहार में प्रत्येक देशवासी को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चहिये।उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वाहन के तहत संघ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मतदान जागरूकता हेतु पहले बाजारों में पोस्टर लगवाए गए। इसके अगले चरण में प्रमुख दुकानों के बाहर सेल्फी स्टैंड लगाये गये हैं। ताकि आम मतदाता मतदान के प्रति जागरूक हो। संघ ने लोगों से आह्वान किया कि सभी अपने परिवार एवं कर्मचारियों का मतदान सुनिश्चित करवाये एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान में मुख्य रूप से अनिल मोदी, स्वरूप गोलछा, विमल जालान, अशोक सारस्वत, प्रदीप बिदासरिया, महेश सरायवाला, नवीन बरनवाल, राजू भरतिया, नरेश पड़िया, विशाल बरनवाल एवं अन्य सक्रिय है।

### कांड्रा में संथाली एल्बम ये दुलर गाते की शूटिंग



**गम्हरिया।** कांड्रा के खूबसूरत वादियों में शुक्रवार को संथाली एलबम 'ये दुलेर गाते' की शूटिंग की गयी। डियर अनिता प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली इस एल्बम की शूटिंग कलाकारों द्वारा कांड्रा बस स्टैंड समेत कई अन्य जगहों पर की गयी। इससे पूर्व इसकी शूटिंग आदित्यपुर, साकची, जुबली पार्क, रांगामाटी, सोनारी आदि में भी की जा चुकी है। बताया गया है कि इस एल्बम को आगामी जून माह में यूट्यूब चैनल डियर अनीता प्रोडक्शन पर रिलीज किया जायेगा। इस दौरान उपस्थित एल्बम के निदेशक सुरेंद्र टुडू ने बताया कि दर्शकों को इसमें कर्णप्रिय गीतो के साथ-साथ एक बेहतरीन लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी।

## स्पीड न्यूज

### तीरंदाजी सेमिनार में भाग लेने संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी हुए रवाना



**मेदिनीनगर।** हजारीबाग तीरंदाजी संघ के दो दिवसीय तीरंदाजी सेमिनार 25 मई से 26 मई तक हजारीबाग खेल स्टेडियम में किया गया है। जिसमें पलामू से 15 खिलाड़ियों का चयन पलामू तीरंदाजी संघ के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित कर के किया गया। जिसमे संत मरियम स्कूल के अंकित शर्मा, विशाल कुमार, रोहित कुमार, प्रीतम राज, सूरज चौधरी, अंश राज, सौरव कुमार अभिषेक कुमार सिंह, हिमांशु कुमार यादव, अभय सिंह का चयन किया गया। यह सभी खिलाड़ियों संत मरियम स्कूल शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ 24 मई वाराणसी एक्सप्रेस से रवाना हुए। मौके पर सुमित बर्मन ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें इस वजह से हजारीबाग तीरंदाजी संघ के द्वारा अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन किया गया है ।

### अवसाने से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के छेछानी के नदियों से बालू का अवैध उठाओ थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। अवसाने पंचायत के मुखिया ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ जाकर अवैध बालू लदे हुए ट्रैक्टर को जब्त किया। मौके पर चांदो पिकेट प्रभारी बीरेंद्र कुमार दल बल के साथ पहुंचकर बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। वहीं मुखिया जितेंद्र कुमार ने बताया कि बांसडीह पंचायत के टोला पिडहे निवासी बनारसी साव नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर हैं,लेकिन यहां हर दिन हमारे क्षेत्र से दर्जनों ट्रैक्टर धड़ल्ले के साथ अवैध रूप से बालू का उठाव कर रहे हैं। इस संदर्भ में चांदो पिकेट प्रभारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि चैनपुर थाना प्रभारी के आदेश आलोक में स्थल पर जाकर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चांदो पिकेट लाया गया। चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि चांदो पिकेट प्रभारी के द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

### भूमि विवाद में मारपीट, एक महिला घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के गुरी भंडार गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं। मिली जानकारी के अनुसार छन्नू विश्वकर्मा के घर निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी बीच उसके चाचा लालमुनि विश्वकर्मा अपने बेटों और कुछ सहयोगियों के साथ लाठी डंडा लेकर कार्यस्थल पर पहुंचे। जमीन को विवादित बताते हुए निर्माण कार्य बंद करने को कहा। कार्य बंद नहीं कराने पर लालमुनी विश्वकर्मा अपने बेटों के साथ मिलकर छन्नू विश्वकर्मा और उसकी पत्नी सुशीला देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें सुशीला देवी (25 वर्ष) का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। घायल सुशीला का इलाज मेदिनीनगर एमएचसीएच में चल रहा है।

### रोटरी स्कूल कैंपस में खड़ी बस में लगी आग कोई हताहत नहीं



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित रोटरी स्कूल के कैंपस में खड़ी बस में अचानक आग लग गयी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग को स्थानीय लोगों ने दमकल वाहन के आने के पूर्व आग पर काबू पाया। गर्मी छुट्टी होने के कारण स्कूल की सभी बसें कैंपस में खड़ी थी। जिसमें दो नंबर की बस में अचानक आग लग गयी। जिसकी धुआं उठने से आसपास के लोगों की नजर उस पर गयी। लोगों ने शोर मचाते हुए वहां जमा हुए। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। लेकिन उसके आने के पूर्व ही स्थानीय लोगों ने आग पर लगभग काबू पा लिया था। लेकिन जब दमकल वाहन पहुंची तो आग को पूरी तरह से बूझा दिया गया। गलीमत यह थी कि स्कूल बंद रहने के कारण बच्चे नहीं थे। नहीं तो किसी बड़ी घटना को यह आग अंजाम दे सकता था। दो नंबर बस में लगी आग के कारण बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से जल गया।

### जीवन ज्योति बीमा योजना: एसबीआई ने नॉमिनी को दिया दो लाख का चेक



**मेदिनीनगर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शुक्रवार को लाभुक लीलावती देवी को दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। स्वर्गीय नरेश राम ने वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराया था। पांकी थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी नरेश राम का मई 2023 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया था। मौके पर शाखा प्रबंधक जय प्रकाश नारायण, फील्ड आफिसर अनूप आलदा, पप्पू सिंह, दिलीप कुमार, सुधीर कुमार सहित कई बैंककर्मी उपस्थित थे।

# ज्योतिरीश्वर सिंह ने की आदित्य साहू को अविलंब पदमुक्त करने की मांग

- राजद की भाषा बोल रहे हैं आदित्य साहू : ज्योतिरीश्वर
- सामंती वाले बयान पर क्षेत्श्र के भाजपा कार्यकताओं में रोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू सामंती वाले बयान से राज्य के कार्यकताओं में रोष है। इसे लेकर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह एक बार फिर मुखर हुए हैं। उनका कहना है कि भाजपा में बड़े पद पर रह कर श्री साहू राजद की भाषा बोल रहे हैं, इसलिए दलहित में इन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाना जरूरी है। इस पूरे मामले को लेकर श्री सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होने कहा है कि दल के आंतरिक मामलों को सर्वाजनिक किये जाने के मुद्दे को उठाया तो आदित्य साहू को इसमे सामंतीपना नजर आने लगा। क्या दल और कार्यकता हित में बात करना सामंती होने का परिचायक है? जब इस सामंती शब्द पर सवाल उठने लगा तो पार्टी के एक प्रवक्ता इसे महामंत्री आदित्य साहू का निजी विचार बताने लगे। क्या पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस क्रांफेस में निजी विचार व्यक्त करने का अधिकार हमें पार्टी का संविधान देता है क्या? पूर्व मोर्चा अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि भाजपा मूल्यों और आर्दशों के साथ काम करने वाली पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे मजबूती प्रदान की है तो आज नरेंद्र मोदी जैसै करिश्माई नेतृत्व जिसका पूरा विश्व लोहा मान रहा है और जिनका इस देश की 140 करोड़ जनता एक परिवार है। मोदी जी का परिवार का दायरा इतना व्यापक है और उस दल में रह कर आदित्य साहू जिस जातिसूचक भाषा का प्रयोग कर रहे है , इससे उनकी संकीर्ण और जातिवाद से संक्रमित मानसिकता उजागर हो रही है। भाजपा में रह कर वह राजद संस्कृति को विकसित कर रहे है , इस पर अविलंब रोक लगना दलहित में जरूरी है।

# पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर विधायक ने गोड्डा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गोड्डा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने गोड्डा लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्यासी के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुये। लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया। साथ ही साथ कई जगह प्रचार प्रसार किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वाश कर रहा है इसलिए इस बार भाजपा गठबंधन चार सौ पार करके रहेगी।

**पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने देवघर में कराया रूद्राभिषेक, मांगी अमन चैन की दुआ :** लोक सभा चुनाव में प्रचार प्रसार करते हुए श्री चंद्रवंशी ने पलामू लोक सभा सहित प्रदेश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। उन्होंने बाबा की नगरी में रुद्राभिषेक कराया है। मौके पर विधायक नारायण दास, विनय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, मनीष जी सहित कई लोग मौजूद थे।

# विश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में जल्द शुरू होगा ऑपरेशन : सीएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में शनिवार को आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत सभी सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार और संचालन मिथिलेश दुबे ने किया। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफाई की अहम भूमिका होती है। हम उन्हें सफाई कर्मी नही कहते हुए सफाई मित्र कहकर बुला सकते हैं। साथ ही साथ सभी क्षेत्र में शुरुआत और अंतिम कार्य के बाद सफाई कर्मी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने सफाई कर्मी के बीच पुरुस्कार वितरण भी किया। सिविल सर्जन ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी कार्यों की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान सभी कार्य संतोषजनक पाया गया। उन्होंने बेहतर कार्य करने स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार की जमकर प्रशंसा की। साथ ही साथ जल्द ही विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी तरह की ऑपरेशन की सुविधा देने की बात कही। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार, जिला पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, अतुल कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, बीपीएम पंकज पाण्डेय, संतोष कुमार, बिडिएम रवि कुमार, अनिल पांडेय सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार बांटते अतिथि।

# तंबाकू का सेवन जानलेवा है, इसके प्रयोग से बचना जरूरी : डॉ प्रेमचंद

- राष्ट्रीय तंबाकू उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
- प्रशिक्षण में रेड क्रॉस के सदस्यों ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय तंबाकू उन्मूलन के तहत असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आईएमए हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डॉ प्रेमचंद ने कहा कि तंबाकू सेवन करने से मानव शरीर के प्रत्येक अंग को प्रभावित करता है। इतना ही नहीं धुम्रपान करने से लीवर कैंसर, रक्त कैंसर जैसे गंभीर रोग का जन्म मानव शरीर में होता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन एवं नशापान करने से मानव शरीर के पैर के अंगुठा से लेकर सिर तक के प्रत्येक भाग को गंभीर रोग जकड़ लेता है। इसलिए भारत सरकार द्वारा देशव्यापी कार्यक्रम चलाकर लोगों में जागरूकता फैलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन ना हम करें और ना ही किसी को करने दें। इसके लिए जनजागरूकता चलाने की जरूरत है। उन्होंने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके लिए कोटपा कानून भी बना है। जिसका सख्ती के साथ अनुपालन होना चाहिए। डा अनुप ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तंबाकू नशापान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे समाज के युवा पीढ़ी अधिक प्रभावित हो रहे हैं।





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

# पार्टी प्रत्याशी को जिताकर मोदी को पीएम बनाना है : डॉ लुईस मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं पूर्व मंत्री डॉ लुइस मरांडी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी के आवास पर दुमका सदर मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व मंत्री समेत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह दुमका सदर के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि गत कई दिनों से दुमका लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पंचायत के कई प्रखंडों में लोकसभा के प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में पार्टी के कई पदाधिकारी और नेता बड़े ही प्रभावी ढंग से पार्टी के सिद्धांतों और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताते हुए 1 जून को कमल फूल छाप में वोट देने के लिए आग्रह कर रहे हैं । इसे लेकर संबंधित मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ नेताद्वयों ने लोगों के विचारों और सुझाव को मानकर पुरजोर तरीके से चुनाव में लग जाने का सुझाव दिया। बैठक में बतौर अतिथि पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपने-अपने बूथों को जीतने का मंत्र देते हुए कहा कि पार्टी प्रत्याशी को जिताना है और मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। जबकि प्रभारी अविनाश वर्मा ने पार्टी द्वारा निर्गत पर्ची और नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों के बीच में जाकर अपनी बात बताने का आग्रह किया। बैठक का की अध्यक्षता एवं संचालन सदर मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने किया । धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बैजनाथ यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा विस्तारक विजेंद्र ओझा, धर्मराज मंडल, संजय केसरी, सुनील मरांडी, जितेंद्र कुमार, संतोष भाला, मधु देवी, नरेश मंडल, गोल्डन सिंह, मोहम्मद हुसैन, संजय केसरी, अशोक कुमार, नीरज भंडारी एवं पलामू निवासी आकाश वर्मा समेत सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक और बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

### अवैध लकड़ी सहित टेंपो जब्त, चालक फरार



**नीलांबर पितांबरपुर, पलामू।** वन विभाग ने पांकी मेदनीनगर मुख्य पथ के कुंदरी वन विभाग के चेक नाका के पास से एक टेंपो (जेएच 03 ए 2503) पर अवैध 49 पीस चौखट लदी टेंपो को जब्त किया है। जबकि टेंपो के चालक टेंपो छोड़कर भाग निकला। रेंज अफसर उमेश दुबे ने बताया कि टेंपो मलिक शमीम अंसारी पिता कबीर अंसारी ग्राम परसावां थाना पांकी का रहनेवाला है। अवैध लकड़ी के परिचालन को लेकर टेंपो चालकों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस टेंपो चालकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इस संबंध में वन विभाग के क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे ने बताया कि अवैध लकड़ी के परिवहन की रोकथाम के लिए छापामारी जारी है।

### चाचा की बार-बार शिकायत से नाराज भतीजे ने चाचा को किया घायल, आरोपी भतीजा गिरफ्तार



**नावा बाजार, पलामू।** चाचा द्वारा बार बार शिकायत किए जाने से नाराज भतीजे ने चाचा को तेजधार हथियार से मारकर घायल कर दिया। छुड़ाने गए पिताजी को घायल कर दिया। घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र के सोहदाग खूर्द का है। जानकारी के अनुसार सोहदाग खुर्द के भीष्म नारायण सिंह अपने भाई जगनारायण सिंह के घर जाकर भतीजा बाबुलाल सिंह का बराबर शिकायत करते थे। रोज की तरह 21 मई के शाम में भीष्म नारायण सिंह भाई के जाकर भतीजे की शिकायत बता रहे थे इससे नाराज बाबुलाल सिंह ने तेजधार हथियार से अपने चाचा पर हमला कर घायल कर दिया। इस घटना में आरोपी बाबुलाल सिंह के पिता जगनारायण सिंह भी घायल हो गए हैं। दोनों घायलों का इलाज मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल चाचा भीष्म नारायण ने अपने भतीजे बाबुलाल सिंह के खिलाफ नावाबाजार थाना क्षेत्र में 23 मई को प्राथमिकी दर्ज कराया। थाना प्रभारी चिन्टु कुमार ने बताया कि घायल भीष्म नारायण सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाबुलाल सिंह को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डिप्टी डायरेक्टर विवेक चंद्रवंशी ने ब्लड डोनेट करनेवालों के प्रति जताया आभार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर पलामू।** झारखंड रक्तदाता दिवस पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ब्लड बैंक के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, डिप्टी डायरेक्टर विवेक चंद्रवंशी, एमएस डॉ ओपी श्रीवास्तव वीसी प्रोफेसर डॉ कल्याण कुमार, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ स्त्रावंती, प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार, ब्लड बैंक गढ़वा जिला कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार, एडमिंस्टर नीतीश कुमार, संदीप कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने की सघन वाहन जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर यातायात प्रभारी समाल अहमद ने शहर के रेड़मा चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। उन्होंने चौक से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच गहनतापूर्वक किया। इतना ही नहीं दो पहिया व चार पहिया वाहनों के डिक्की को खोलकर जांच किया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि वाहन जांच करने से लोगों में सजगता आती है। ऐसा करने से कोई भी व्यक्ति अपने वाहन में अवैध सामान लेकर नहीं चलेगा। यदि ऐसा कोई व्यक्ति करता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि कुछ वाहनों के चालान काटे गये हैं। उन्होंने कहा कि सघन वाहन जांच अभियान लगातार शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर चलाया जायेगा। यातायात प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय चालक वाहन नियमों का पालन करें।

# सगुना मुखिया पुत्र ने दिखायी दबंगई, मारपीट कर मकान का दीवार तोड़वाया, मां-बेटा घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पिटाई से घायल वृद्धा कुसुम देवी और विवादित भूमि पर भुक्तभोगी को पिटाई कर गिराया गया दीवार।

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सगुना निवासी पारस कुमार पिता गुलाबी राम ने मेदिनीनगर एससी एसटी थाना प्रभारी को आवेदन देकर सगुना की मुखिया मंजु देवी के पुत्र रंजीत सिंह समेत असमाजिक तत्वों से बचाते हुए सुरक्षा की गुहार लगायी है। पारस ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है कि ग्राम खरौंधा में वर्ष 2010 में रजाक मियां से जमीन खरीदा था। मेरे पिता गुलाबी राम के नाम से जमीन का रजिस्ट्री है और रसीद भी कट रहा है। इस जमीन पर 14 वर्षों से खेती करते आ रहे हैं। 22 मई को उक्त जमीन पर मजदूर लगाकर मकान बनवाने का कार्य करा रहे थे। घर का निर्माण कार्य चल रहा था तभी सगुना मुखिया मंजु देवी का पुत्र रंजीत सिंह, अमन सिंह, सहदुल मियां सभी ग्राम खरौंधा निवासी उनलोगों के साथ करीब 20 लोग लाठी डंडा लेकर वहां पहुंचे। सभी ने पारस व उसकी मां पर जानलेवा हमला कर दिया। जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर दुव्यर्वहार भी किया। गाली गलौज करते हुए कार्य कर रहे मजदूरों को भगा दिया। इतना ही नहीं असमाजिक तत्वों ने गृह निर्माण कार्य को रोकते हुए बन रहे घर के दीवार को तोड़वा दिया। इसके बाद पारस व उसकी मां कुसुम देवी 58 वर्ष की पिटाई कर घायल कर दिया।

**खास बातें :** रंजीत सिंह का कहना है कि वह मुखिया पुत्र है। बिना मुखिया के आदेश के कैसे घर बना रहा है। मुखिया पुत्र ने धमकी दिया कि दोबारा घर बनाने के लिए काम शुरू किया तो जान से मार देंगे। भुक्तभोगी परिवार ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर दोषी मुखिया पुत्र समेत 20 अन्य लोगों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परिजनों के सुरक्षा की गुहार लगायी है। इधर, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद व पाटन थाना प्रभारी लालजी ने भुक्तभोगी परिवार के घर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया।

# यज्ञ समाज को जोड़कर रखता है

- कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर / पलामू।** पांकी प्रखंड के ग्राम सोरठ के तुरीया दोहर में शुक्रवार को पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू किया गया। महायज्ञ जल, जंगल, जमीन, गांव और गाय को बचाने हेतु गौशाला का निर्माण कराने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी विधायक के निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी ने किया। उक्त लोग महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान संबोधित करते हुए बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ से विश्व बंधुत्व की भावना जागृत होती है। यज्ञ समाज को जोड़ने का काम करता है। जीवन के संपूर्ण संस्कार ही यज्ञ है। महायज्ञ कार्यक्रम 24 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया। साथ ही 25 मई से 28 मई तक प्रातः काल में पंच महाभूत पूजन 28 मई को हवन पूर्णाहुति विशाल भंडारा एवं संतों की विदाई दी जायेगी। कलश यात्रा में संजय चंद्रवंशी, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, ताल मुखिया अनीता लोहरा, रंजय ठाकुर, हरिद्वार महतो, बृजनंदन राम, राजीव रंजन, मोहन, बबलू मनोज सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



वैदिक गौ महायज्ञ के दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# जे.एम.एम के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा की

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** शुक्रवार को बोरियो थाना क्षेत्र मंगरूटीकर फूटवाल मैदान में हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं जे एम एम के कार्यकताओंको संबोधित किया। संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि 2014 में जब मोदी जी सरकार में आई तो उन्होंने काला धन वापस लाने, सभी के खाते में 15 लख रुपए देने एवं दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी; लेकिन ऐसा कहीं कुछ नहीं हुआ. युवा बेरोजगार हैं, काला धन वापस नहीं आया, ना ही किसी के खाते में 15 लाख रुपए ही आए. सिर्फ चुनावी झूठे वादे और जुमला बाजी के दम पर वह शासन और सत्ता में आई. लोग महंगाई की मार से त्रस्त हैं। कल्पना सोरेन ने मणिपुर में हुई घटना की भर्त्सना की. उन्होंने कहा कि भाजपा ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. वहां आदिवासियों की बहु बेटी की आबरू से खिलवाड़ किया गया. 2019 में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनते ही कोरोना की बीमारी देश में दस्तक दे दी. लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी हेमंत सोरेन ने अपनी और अपनी परिवार की चिंता किये बगैर निःस्वार्थ भाव से काम किया. हेमंत सोरेन ने पेंशन योजना के लिए 60 वर्ष की उम्र सीमा को घटाकर 50 वर्ष कर दिया है। 20 लाख लोगों के लिए हरा राशन कार्ड बनाया है. बीजेपी ने 11 लाख डिलीट कर दिया. झारखंड में सर्वजन पेंशन केंद्र की योजना नहीं।36 लाख लोगों को लाभान्वित करते हुए हेमंत ने तीन कमरों का मकान दिया. 20 लाख लोगों को लाभ देने का काम करेंगे. कहा कि बीजेपी ने 7.5 हजार सरकारी स्कूलों को बंद कराया। उन्होंने झारखंड राज्य आदिवासियों का बताते हुए इसके विकास और उत्थान के लिए विजय हांसदा को जिताने की अपील की. वहीं। 1 जून को आप अपने इस अधिकार का प्रयोग कर झामुमो को जीत दर्ज कराएं. ये जीत दिशोम गुरु शिबू सोरेन ओर हेमंत सोरेन की होगी।कल्पना सोरेन ने कहा कि झामुमो का चुनाव चिह्न तीर-धनुष है. ये सिर्फ चुनाव चिह्न ही नहीं बल्कि शिबू सोरेन,हेमंत सोरेन, सिदो कान्हू,तिलका मांझी,चांद भैरव का मान-सम्मान,स्वाभिमान और अभिमान है तीर कमान. इसे याद रखना है और एक जून को चार नंबर बटन दबाकर विजय हांसदा को जिताकर हेमंत दादा के हाथ को मजबूत करना है ?.मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, विकास हेम्ब्रम, जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी के साथ अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एसकेएमयू के नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों ने कुलपति का किया आभार व्यक्त



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर डॉ बिमल प्रसाद सिंह से मिलकर आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष 2022 में नियुक्त कुल 58 सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्टि की गयी थी। इस सिलसिले में उक्त बैच के शिक्षकों ने कुलपति से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो सिंह ने शिक्षकों को विश्वविद्यालयहित में काम करने की सलाह देते हुए कहा कि आप सभी की नियुक्ति से विश्वविद्यालय में बेहतर पढ़ाई का माहौल बना है। कुलपति से मिलने वाले शिक्षकों में डॉ प्रेमलता मुर्मू, डॉ महाश्वेता, डॉ. खुशबू तिग्गा, प्रीति किरण हासदा, अमित नाग, दीपक कुमार दास, डॉ बिनोद मुर्मू, डॉ सच्ची स्नेह, डॉ अनिता चक्रवर्ती, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ रूपम कुमारी, डॉ सुबोध रजक, डॉ चन्द्रशेखर रजक आदि उपस्थित थे।

### पति पर जानलेवा हमले में तीन को चार साल की सजा

**दुमका।** जमीन विवाद में दंपती पर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से घायल करने वाले तीन आरोपितों को शुक्रवार को चतुर्थ जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया। मसलिया के बांसजोड़ा के रहने वाले शिवधन मरांडी, मिथुन मरांडी व संतोष मरांडी को अदालत ने चार साल और पांच हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर तीनों को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सरकार की ओर से पीपी चंपा कुमारी व बचाव पक्ष की ओर से सुबोध चंद्र मंडल और सुनील जायसवाल ने बहस की।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 11 सितंबर 18 को बांसजोड़ा गांव के सुनील हेम्ब्रम ने सभी आरोपित पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। जिसमें कहा कि घटना की सुबह पत्नी सुशीला हेम्ब्रम व छोटे भाई की पत्नी मर्शिला मुर्मू के साथ खेत जोतने के लिए बुरू आहार गया था। अचानक तीनों आरोपित तलवार व लाठी लेकर खेत की ओर आने लगे। हमले की आशंका से भागना शुरू किया तो खदेड़कर पकड़ लिया। सभी ने जान मारने की नियत से दंपती पर तलवार आदि से हमला कर घायल कर दिया। इन लोगों से पहले से जमीन का विवाद था, इसलिए जान मारने की मंशा से हमला किया। अदालत ने नौ गवाह के बयान और सरकारी वकील की दलील सुनने के बाद सभी को दोषी करार दिया।

### कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




**बेरमो/कथारा।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निबंध लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता का थीम हाउ टू रीस्टोर द लैंड एंड प्रीवेंट डिजरटिफिकेशन & ड्रॉट था। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नवी से बारहवी के बच्चो ने भाग लिया, वही चित्रांकन प्रतोयोगिता में कक्षा चतुर्थ से बारहवी के भाग लिया।बच्चों ने इसी थीम पर इंग्लिश में निबंध लिखा एवं ड्राइंग किया। सीसीएल कथारा से आए पदाधिकारी उप प्रबंधक श्री अवनिश कुमार एवं श्री श्याम सुंदर जी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हमारे पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 5 जून को मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान ?हमारी भूमि? नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन पर केंद्रित है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन जी के अ फड श्री विपिन राय , सीसीए कोऑर्डिनेटर बी के दसौंधी, जितेंद्र दुबे, जयपाल साव, राकेश पांडे, संजय महतो, अमरनाथ यादव, गौरव कुमार, विकास कुमार, आदिब अहमद, लाल बाबू प्रसाद यादव, चिंटू कुमार सिंह, शुभम कुमार, सुमन पांडे सहित सभी शिक्षेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### बोकारो में 27 से आयोजित होगी झारखंड राज्य यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर में आगामी 27 से 29 मई तक बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 24वीं झारखंड राज्य यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एक प्रेसवार्ता में बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों की बालक व बालिका की कुल 24 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। इसमें पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम जमशेदपुर रांची जैप1 बोकारो स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुमका रामगढ़ हजारीबाग सरायकेला धनबाद बोकारो जामताड़ा की टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता में ही बेहतर प्रदर्शन के आधार पर झारखंड की बालक व बालिका टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रशिक्षक सह जेबीए के सचिव जेपी सिंह अध्यक्ष हरभजन सिंह व कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी उपस्थित रहेंगे। एमजीएम के प्राचार्य सह प्रतियोगिता के संरक्षक फादर रेजी सी वर्गीस ने कहा कि यह हर्ष का विषय है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के रहने–खाने की व्यवस्था विद्यालय में ही की गई है। बोकारो के सचिव गोपाल ठाकुर ने कहा कि प्रतियोगिता को बेहतर बनाने के लिए बोकारो जिला ओलंपिक संघ भी पूरी तैयारी कर रहा है। मौके पर बोकारो बास्केटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार राम लखन मिस्त्री कुणाल कुमार संदीप भोला मनोज दुबे सुधीर कुमार रण विजय ओझा हारून सौरव कुमार मीनाक्षी कुमारी राजेश्वर सिंह राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

### बीएसएल में आयोजित रु-ब-रू कार्यक्रम में सुरक्षा की ली गई शपथ

**बोकारो।** बीएसएल अधिकारियों का निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन विकास केंद्र में रुबरु नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के लगभग चालीस अधिकारियों ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण नियंत्रण विभाग) नितेश रंजन ने इस्पात उत्पादन में ग्रीन हाउस गैस और कार्बन फुटप्रिंट पर नियंत्रण की थीम पर एक प्रस्तुतीकरण किया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल में ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी के लिए अपनाए जा रहे उपायों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की गई। अधिकारियों को इस्पात उद्योग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं और चुनौतियों से भी अवगत कराया गया। निदेशक प्रभारी ने ग्रीन हाउस गैस और प्रति टन इस्पात उत्पादन पर 2 टन से कम कार्बन उत्सर्जन के लिए सेल तथा बोकारो स्टील प्लांट की कटिबद्धता के बारे बताया तथा इस बात पर जोर दिया कि हम सभी लोगों को कार्यस्थल पर अपने कार्यों में मूल्यवर्धन करना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### स्टोन बोल्डर मामले की सुनवाई टली



**साहिबगंज।** साहिबगंज के सामाजिक कार्यकर्ता अरशद नसर द्वारा झारखण्ड राज्य के एकमात्र जिलें साहिबगंज से गुजरने वाली गंगा नदी को प्रदुषित होने से बचाने व जलीय जीव जंतू संरक्षित डॉल्फिन को बचाने व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/23 की शुक्रवार को होने वाली सुनवाई अप्रिय कारणों से टल गयी.अब इस मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी.बताते चले की मेसर्स जी.के इंटरप्राइजेज मालदा व माँ तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर द्वारा साहिबगंज जिले से बिहार के कटिहार जिले के मनिहारी में गंगा नदी से स्टोन बोल्डर नियम विरुद्ध तरीके से भेजने को लेकर भारत सरकार,बिहार सरकार व झारखंड सरकार व अन्य को प्रतिवादी बनाते हुए बीते वर्ष अरशद ने एनजीटी में याचिका दायर की है.जिसकी कई सुनवाई पुर्व में हो चुकी है.शुक्रवार को सुनवाई टलने से इस मामले के याचिकाकर्ता अरशद नसर कोलकाता से वापस लौट गए तो दुसरी तरफ सुनवाई टलने से पत्थर कारोबारियों समेत पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली.अब सबकी नजरें अगली सुनवाई तिथि पर टिक गईं है।

### मधु पहाड़िया की लाश मिलने से मची सनसनी



**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत केरिया गांव निवासी मधु पहाड़िया लगभग उम्र 40 पिता स्व,चुलवा पहाड़िया की लाश केरिया गांव के आगे रानीडीह गांव के बगल में शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही बोरियो थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मधु पहाड़िया गुरुवार को अपने घर पर ही थे, इधर सदर अस्पताल में मृतक के रिश्तेदार बड़े पिता सुदरा पहाड़िया ने बताया कि किसी ने मधु पहाड़िया के फोन पर बुलाकर ले जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जेल में अनशन पर बंदी, चिट्ठी वाइरल

घटना के बाद 23 मई की शाम 4 बजे से मंडल कारा के बंदी अनशन पर चले गए। इससे संबंधित एक चिट्ठी वाइरल हो रही है। जिसमें 169 बंदियों ने हस्ताक्षर किया है। उक्त चिट्ठी में बंदियों ने मंडल कारा की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाया है। साथ ही साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर शोषण होने की बात कही है। चिट्ठी में उपायुक्त से मिलने की इच्छा जताई गई है। साथ ही उपायुक्त से मिलने तक अनशन जारी रखने की बात कही है।

लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी पूरी आज होगा मतदाना

## बेरमो प्रखंड के 1 लाख 38 हजार 140 मतदाता अपने मतदान का करेंगे उपयोग

▸▸ बेरमो के 142 बूथों पर होगा मतदाना, सुरक्षा की सारी इंतेजाम पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** लोकसभा चुनाव को लेकर बेरमो प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 25 मई को होने वाले मतदाना को लेकर मतदान केंद्रों को व्यवस्थित कर लिया गया है। शुक्रवार को पोलिंग पार्टी व सुरक्षा कर्मी मतदाना केंद्रों पर आकर अपना योगदान दिया है। बेरमो विस क्षेत्र से कुल 3,25,731 मतदाता है। जिसमें पुरूष मतदाता 1,66,999 और महिला मतदाता 1,58,732 है। जबकि बेरमो प्रखंड के 142 बूथ पर 1,38,140 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूष 70,760 व महिला मतदाता 67,380 है। 18 से 20 वर्ष के 5,860 युवा मतदाता है। युवक 2,669 व युवती 3191 है। चुनाव को लेकर 17 सेक्टर बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही बूथों में रैम्प, बिजली, फर्निचर, शेड, पानी, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, व्हील चेयर सहित धात्री महिलाओं के लिए अलग कमरे की व्यवस्था किया गया है। बेरमो प्रशासन ने बेरमो प्रखंड के 42 दिव्यांग व 85 प्लस के मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न करवा लिया है।

वहीं 230 दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र पर लाकर मतदान करवाया जायेगा। निर्वाचन कार्य में दो जोन मजिस्टेड, 17 सेक्टर मजिस्टेड, 17 पुलिस मजिस्टेड नियुक्त किया गया है।

## बोकारो विधायक बिरंची ने अपने आवास पर की प्रेस वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक एवं विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड मतों से जीतेगी और पार्टी के उम्मीदवार ढुल्लू महतो सदन में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। जनता ढुल्लू महतो को वोट देने का मन बना चुकी है। सेक्टर1 स्थित अपने आवास में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता परिवारवाद के खिलाफ है। उन्होंने प्रदेश की झामुमो सरकार पर हमला बोलते हुए ढुल्लू महतो को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर जिला अध्यक्ष जयदेव राय पूर्व जिला अध्यक्ष रोहितलाल सिंह दिलीप श्रीवास्तव संजय त्यागी वीरभद्र प्रसाद सिंह अशोक कुमार पप्पू महेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

## निष्पक्ष व स्वतंत्र मतदान के निमित्त प्रशासन है कटिबद्ध : विजया जाधव

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** गिरिडीह व धनबाद लोकसभा क्षेत्र में निवास करने वाले बोकारो जिले के 14, 85, 250 मतदाता लोकसभा निर्वाचन में अपनी भागीदारी निभाते हुए मतदान कर सकेंगे। जिले के लगभग 96 प्रतिशत घरों में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वितरण किया जा चुका है। बीआइएसएसएस सेक्टर 8 बी स्थित डिस्पैच सेंटर से सभी मतदानकर्मी अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने के लिए रवाना हुए। जिले भर में 94 बूथ ऐसे हैं जहां से सुरक्षा के मद्देनजर मतदानकर्मी अगले दिन सुबह चास के बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केन्द्र के लिए रवाना होंगे। उक्त जानकारी देते हुए गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी डीईओ सह बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि निष्पक्ष व स्वतंत्र मतदान को लेकर हम पूरी तरह कटिबद्ध हैं। 25 मई को चुनाव को लेकर जिले भर के सभी कार्यालयों संस्थानों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। जिले भर में 12 चेकपोस्ट बनाये गए हैं और मतदान के दिन पश्चिम बंगाल से सटी सीमाएं सील रहेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से बोकारो हवाई अड्डा पर विशेष हेलीकॉप्टर तैयार है। पोलिंग पार्टी को मेडिकल किट दी गई हैं। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। बोकारो में 23 सखी बूथ बनाये गए हैं जहां महिलाओं की जरूरत के सारे संसाधन उपलब्ध करवाये गए हैं। जिले भर में 37 पर्दानशीं बूथ भी बनाए गए हैं। लोगो को सहयोग देने के लिए हर बूथ पर चार चार वालंटियर तैनात रहेंगे और दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए 350 व्हीलचेयर खरीदे गए हैं। मौके पर एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की ओर से सारी व्यवस्था की गई है। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 70 वर्षीय वृद्ध ने अपने ही घर पर फांसी लगा कर किया आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता


**बरहेट।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव निवासी पांडू केवट (70) वर्ष अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। फिलहाल परिजन से इस घटना का कारण की कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि इस घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस मृतक का घर जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही प्रशासन इस मामले की आवश्यक कार्रवाई हेतु आगे छानबीन में जुट गई है।

## हार्ट अटैक से बचाव हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** युवाओं में बढ़ते हृदयाघात से बचाव के लिए चास रोटरी द्वारा द्वारा बोकारो मॉल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में युवाओं को सीपीआर ट्रेनिंग दी गई। मौके पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्षा पूजा बैद ने कहा कि युवाओं को हार्ट अटैक से बचान के लिए अपने खानपान व रहन सहन में बदलाव लाना जरूरी है। पूजा बैद ने कहा कि अभियान का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों को प्रशिक्षित करना है जो हार्ट अटैक के पहले 60 मिनट के दौरान मदद कर सके क्योंकि इस दौरान उचित कार्रवाई करने से इसके प्रभावों को उल्टा जा सकता है। डॉ निशांत ने कहा कि हाल में युवाओं में दिल के दौरे के मामले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि दिल के दौरे को कैसे पहचाना जाए और उस पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। डॉ निशांत ने कहा की ज्ञान की यह कमी दिल का दौरा पड़ने वाले किसी व्यक्ति के लिए विनाशकारी हो सकती है। संस्था की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि लगभग 100 व्यक्तियों को आज की ट्रेनिंग का लाभ मिला।

# पूर्व मंत्री स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की जगह-जगह मनायी गयी पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो के जन-जन के नेता एवं मजदूर मसीहा बेरमो से 6 बार विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि बेरमो कोयलांचल में जगह-जगह मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर बेरमो के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित विधायक आवासीय कार्यालय पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व विधायक ममता देवी,श्वेता सिंह आदि पहुंचे और स्व सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि स्व राजेंद्र बाबू मेरे पिता तुल्य थे। कहा कि स्व राजेंद्र बाबू विराट व्यक्तित्व के धनी, राजनीति क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखने वाले, श्रमिक क्षेत्र के एक मजबूत स्तंभ, मजदूर एवं गरीबो के मसीहा थे। स्व सिंह के बड़े पुत्र बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, छोटे पुत्र कुमार गौरव सिंह, उनकी धर्मपत्नी रानी सिंह, घनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुपमा सिंह,गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय सांसद प्रत्याशी डॉक्टर उषा सिंह सहित उनकी बहुएं, पोता-पोती के अलावे उनके शुभचिंतकों और समर्थकों ने पंक्ति बद्ध होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, श्यामल कुमार सरकार, वीरेंद्र सिंह, सुबोध सिंह पवार ,छेदी नोनिया, परवेज आलम, उत्तम सिंह, लक्की सिंह,अरुण सिंह, शिवनंदन चौहान,राकेश कुमार सिंह, श्रीकांत मिश्रा, अजय कुमार सिंह, इनमोसा नेता विजय कुमार सिंह, मुरारी सिंह , विल्सन फ्रांसिस ,शत्रुघन सिंह, महारुद्र नारायण सिंह, चंद्रशेखर बरनवाल, अंजनी त्रिपाठी, सुनील सिंह, ललन रवानी, वार्ड पार्षद, रश्मि सिंह, रेहाना खातून, सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक एम के अग्रवाल,कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, पीओ रंजीत सिंह,अरविंद शर्मा व राकेश सत्यार्थी, एसओपी प्रतुल कुमार, इन्जीनियर विवेक कुमार सहित राजू सिंह, शक्ति सिंह व तरूण सिंह, आर उनेश, मनोज सिंह, वैभव चौरसिया, पिंटू सिह, अभय कुमार सिंह ,दिनेश सिंह, संतोष सिंह, जयराम सिह, गणेश मल्लाह ,मोहम्मद जावेद खान, रोहित मित्तल सहित उनके सैकड़ों कार्यकर्ता और शुभचिंतक शामिल हुए। इसके पहले असंगठित इंटक अमलो कार्यालय राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पांच नंबर स्थित कार्यालय में स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह का चौथी पुण्य तिथि बनाए गए। यहां उपस्थित सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने प्रिय नेता स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्म शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया। साथ ही मजदूरों की सेवा करने का संकल्प लिया। यहाँ सैकड़ो कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्व राजेन्द्र बाबू के अधूरी सपने को बेरमो विधायक के साथ मिलकर पुरा करने का संकल्प लिया।


# आधे अधूरे इंतजाम

चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरातफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें। चारधाम यात्रा चूंकि अक्टूबर तक चलती है, इसलिए कुछ समय बाद आप वहां जाएं। आप जब भी इस धार्मिक यात्रा पर जाएं तो कुछ और बातों का ध्यान रखें। चारों धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, ऑक्सीजन लेबल भी कम होता है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही कदम बढ़ाएं। यात्रा के दौरान जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां साथ लेकर जाएं। जुकाम, बुखार, सिरदर्द आदि की दवाइयां साथ में रखें। यात्रा मार्ग में खानपान का खास ध्यान रखें। ताजे भोजन का सेवन करें। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम प्रायः बदल जाता है। इसलिए ऊनी वस्त्र, कंबल, वाटरप्रूफ बिस्तर, बरसाती, छाता, टार्च आदि अवश्य साथ में रखें।आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है।


# व्यापार युद्ध

अमेरिका द्वारा चीन से आयातित कुछ वस्तुओं पर लगाए करों में तीखी वृद्धि पूर्ण-स्तरीय व्यापार युद्ध को चालू करने का बायस नहीं बन पाई क्योंकि इसके निशाने पर वह वस्तुएं हैं जिनकी बिक्री चीन अमेरिका में ज्यादा नहीं करता। इसलिए यह प्रतीकात्मक कदम मुख्यतः राष्ट्रपति बाइडेन के घरेलू राजनीतिक हितों को साधने की गरज है। भले ही चीन निशाने पर ली गई इन वस्तुओं में बहुतों का बड़ा उत्पादक है लेकिन वह अपने माल के लिए अन्य मंडियां तलाश लेगा। बल्कि यह अमेरिकी आयातक हैं जिनके पास कुछ वस्तुओं को मंगवाने के वैकल्पिक स्रोत नहीं हैं, फिर चीन तीसरे देश में लगाए अपने कारखानों की मार्फत इन वस्तुओं को अमेरिका पहुंचा सकता है। इसी बीच, अमेरिकी उपभोक्ता महंगा माल खरीदने के लिए विवश रहेंगे। इस प्रकार के रक्षात्मक खेल (जो कि भारी सब्सिडी देकर अमेरिकी उत्पादकता को फिर से जिंदा करने का दूसरा पहलू है) पहले अपनाए गए आक्रामक रुख के विपरीत है। उम्मीद यह थी कि उक्त आक्रामक कदम अमेरिका के दुश्मनों की घेराबंदी करेंगे। कोई शक नहीं कि प्रतिबंधों से चुभन होती है (जैसा कि हमेशा प्रतिबंधों के मामले में होता है) लेकिन इसका असर आंशिक रहा। रूस ने अपने तेल एवं गैस के लिए नए ग्राहक ढूंढ़ लिए जबकि पूरबी यूरोप को अपनी ऊर्जा जरूरतों के अहम स्रोतों के तौर पर सस्ती रूसी गैस से हाथ धोना पड़ा, जिससे जर्मनी जैसे मुल्क की भी आर्थिकी हिल गई। इसी बीच, रूसी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होती गई। रूस और चीन, दोनों ने भुगतान का नया तरीका विकसित कर लिया और इससे डॉलर पर निर्भरता न रही (अब इनका 95 फीसदी व्यापार स्थानीय मुद्रा में हो रहा है), यहां तक कि एक अलग स्विफ्ट नामक बैंकिंग संचार प्रणाली भी विकसित कर ली है।

# हिट एंड रन काबू करने एआई तकनीक होगी कारगर







- आर दवे

पुणे हिट एंड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपित को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देशव्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चचाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपित की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलब्ध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24-24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने को कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किलोमीटर की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकुसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है!

ऐसे हिट एंड रन देश में चचाओं में रहते हैं। दो-चार दिन हो-हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं। लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं, क्योंकि वो रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 बरस के नाबालिग औलाद ने अक्टूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला। कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी। तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा। लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6-7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं। लेकिन पुलिस का रवैया अलग-अलग विचारणीय है?

पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सुबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढ़हाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की श्रृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फरार्टे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एंड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं। लगता नहीं कि अपराध की गंभीरता देखी जानी चाहिए न कि उम्र? नए दौर में कानून में ऐसे सुधारों की दरकार है जिसमें आयु की जगह अपराध की गंभीरता और मंशा अहम हो। नाबालिगों के ऐसे-ऐसे अपराध सामने आने लगे हैं जो चिंताजनक हैं। लूटपाट, हत्या, गैंग रैप, धमकाना और वो साइबर अपराध जिन्हें करते वक्त नाबालिग कैसे बड़ों-बड़ों को मात देता है। तब उसका अपराध नाबालिग होने के कारण छूट का कारण कैसे हो सकता है?

> भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजाना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है। उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है।

भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजाना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है।

उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेंड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वक्त-बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके। पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी और जांची जाएं।

एआई तकनीक का ऑटोमैटिक अलार्म सिस्टम भी संदिग्ध, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर, बिना हेलमेट, या बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन निष्पक्षता व पारदर्शिता से ट्रैप कर पलक झपकते चाहे शहर हों या राजमार्ग, सारी सूचनाएं सर्वर, करीबी गश्ती दल, थाने या नाके तक पहुंचाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा।

## खास बात

### योग का दायरा

**स्वामी मुकरथ**



कर्म योग- यह पश्चिमी संस्कृति में 'कार्य के अनुशासन' के रूप में भी जाना जाता है। यह योग के चार महत्वपूर्ण भागों में से एक है। यह निस्वार्थ गतिविधियों और कर्तव्यों के साथ संलग्न हुए बिना तथा फल की चिंता किए बिना कोई काम करना सिखाता है। यह मुख्य पाठ है जो कर्म योगी को सिखाया जाता है। यह उन लोगों के लिए है जो आध्यात्मिक पथ की खोज करते हैं और परमेश्वर के साथ मिलना चाहते हैं। इसका अपने नियमित जीवन में ईमानदार तरीके से नतीजे की चिंता किए बिना अपने कर्तव्य का संचालन करके भी अभ्यास किया जा सकता है। यह आध्यात्मिक विकास का मार्ग है। असल में कर्म जो हम करते हैं वह क्रिया है और उसका नतीजा इसकी प्रतिक्रिया है। व्यक्ति का जीवन अपने कर्म चक्र द्वारा शासित होता है। अगर उस व्यक्ति के अच्छे विचार, अच्छे कार्य और अच्छी सोच है तो वह सुखी जीवन जिएगा वहीं वह व्यक्ति अगर बुरे विचार, बुरे काम और बुरी सोच रखता है तो वह दुखी और कठिन जीवन जिएगा आज की दुनिया में ऐसे निस्वार्थ जीवन जीना बहुत मुश्किल है क्योंकि मानव कर्म करने से पहले फल की चिंता करने लगता है। यही कारण हैं कि हम उच्च तनाव, मानसिक बीमारी और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कर्म योग सभी भौतिकवादी रास्तों से छुटकारा पाता है और एक खुश और सफल जीवन का नेतृत्व करता है।

ज्ञान योग- इसे 'विजडम योग' के रूप में भी जाना जाता है। यह सभी के बीच एक बहुत ही कठिन और जटिल रास्ता है।

यह किसी व्यक्ति को गहरी अंतरात्मा के मन से ध्यान और आत्म-प्रश्न सत्र आयोजित करने के द्वारा विभिन्न मानसिक तकनीकों का अभ्यास करके आंतरिक आत्म में विलय करना सिखाता है। यह किसी व्यक्ति को स्थायी जागरूक और अस्थायी भौतिकवादी दुनिया के बीच अंतर करना सिखाता है। यह पथ 6 मौलिक गुणों - शांति, नियंत्रण, बलिदान, सहिष्णुता, विश्वास और ध्यान केंद्रित करके मन और भावनाओं को स्थिर करना सिखाता है।

# मन्त्र का प्रभाव

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंद सरस्वती**

**जब** आप मंत्र का अभ्यास कर रहे होते हैं तो क्या होता है? अधिक से अधिक विचार खुद को व्यक्त करते हैं। मन जंगली हो जाता है। जब तक तुम व्याप्त हो, तुम शांत हो; आपका मन शांत है। लेकिन जब आप मंत्र पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करते हैं, तो सब कुछ गहराई से निकलता है। क्या इसका मतलब यह है कि आप प्रगति नहीं कर रहे हैं?

क्या यह एक नकारात्मक लक्षण है? नहीं- उस अवधि के दौरान जब आप मंत्र का अभ्यास करते हैं, मन जितना जंगल में जाता है, उतना ही यह आपके लिए बेहतर होता है। यह मन की स्पष्टता, शांति या निष्क्रियता नहीं है जिसकी आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात मन का सामना करना है- पूरी प्रक्रिया को देखने के लिए। सोचना एक प्रक्रिया नहीं है - यह एक पैनोरामा है। मन नहीं चलता, मन नहीं चलता, मन नहीं चलता। यह सिर्फ एक बात है। लेकिन आप मन को भागों में देखते हैं, इसलिए आपको लगता है कि यह गतिमान है, जैसे आप सूर्य को चलते हुए देखते हैं लेकिन पृथ्वी नहीं। यह सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जिसे हम सभी को समझना चाहिए।

योग में यह विचार बहुत महत्वपूर्ण है। यह संपूर्ण मानसिक स्थिति, होने की स्थिति को प्रभावित करता है। आप विचारों को आगे बढ़ाते हुए महसूस करते हैं, भावनाएं जंगली चलती हैं, जुनून आपको विश्वास दिलाता है। लेकिन वह आपका अनुभव है, आपकी अनुभूति है - यह तथ्य नहीं है।

**मैं** समय हूं...
मैंने देखा है वो दौर, जब एक परिवार के राज में जनता के हक का पैसा खुलेआम खाया जाता था।
लेकिन मैं वो दौर भी देख रहा हूं, जब जनता का हक सीधे जनता के बैंक खाते में पहुंच रहा है।
**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद कोडरमा**

## रोचक ट्वीट

**देशभक्ति** के टेंपो' में सवारी के दौरान युवाओं की पीड़ा को और करीब से जाना। देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के साथ नरेंद्र मोदी ने धोखा किया है - सेना और इन पर अग्निपथ योजना जबरदस्ती थोप दी।
**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**





**हमारी** सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू किया, छात्रवृत्ति तीन गुना तक बढ़ाई गई, आठ लाख से ज्यादा बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया, पेंशन तथा राशन कार्ड से जोड़ा गया।
**- चंपई सोरन, सीएम**

## कॉर्टून वर्ल्ड

### धंधा या पर्यावरण



## लेटर टू एडिटर

### तेल की बढ़ती कीमत

देश में तेल के मूल्यों में कमी की गयी है जो स्वागत योग्य है लेकिन तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती।

**- भवेश, गढ़वा**

### गरीबों की सरकार?

**आम** जनता के लिए सस्ते अनाज की सप्लाई के लिए किसानों को जो समर्थन मूल्य सरकार देती थी वह गुजरे जमाने की बात हो जाएगी। कृषि सेक्टर पूरी तरह से मुनाफे से संचालित कार्पोरेट सेक्टर के नियंत्रण में आ जाएगा। आखिर कार्पोरेट के अच्छे दिनों के लिए तो मोदीजी सत्ता में आए हैं। अब जनता ठगी महसूस कर रही है विशेषकर मजदूर और किसान।

**- प्रदीप सिन्हा, हजारीबाग**

# चांद पर खनन की तैयारी में जुटा नासा

**नागेन्द्र सिंह**

## अंतरिक्ष विज्ञान

नासा ने कहा है कि चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को जमा करना और उसे नासा को सौंपना, चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा की दिशा में पहला कदम होगा। चांद की सतह पर खनिज की खनन के लिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिखाई सक्रियता। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा ने एलान किया है कि वह चांद की चट्टानों को निजी कंपनियों से खरीदना चाहता है, ताकि चांद पर खनन के कार्यों को शुरू किया जा सके। अंतरिक्ष एजंसी कंपनियों से प्रस्ताव ले रही है कि वे रोवर्स (चांद की सतह पर चलने वाली गाड़ियां) का उपयोग करके चंद्रमा से मिट्टी और पत्थरों को कैसे एकत्र करेंगे। नासा ने विभिन्न कंपनियों से चांद पर खनिज खनन योजना को लेकर प्रस्ताव मंगाया है। नासा ने योजना बनाई है कि वह चांद से लाए गए 50 से 500 ग्राम तक के नमूनों को खरीदने के लिए क्रमशः 15 हजार और 25 हजार डॉलर तक की राशि का भुगतान करेगा। नासा ने कहा, चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को इकट्ठा करना और उसे नासा को सौंपना चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा को साकार करने की दिशा में पहला कदम होगा।

इस पहल से भविष्य में अंतरिक्ष उद्यमियों द्वारा चांद की जमीन पर खनन कार्य का तौर-तरीका विकसित करने में मदद मिलेगी। इस पहल से भविष्य के लिए अंतरिक्ष अभियानों में भी मदद मिलेगी। नासा की योजना है कि 2024 से पहले इस तरह के प्रयोग पूरे कर लिए जाएं। नासा ने 2024 तक मानव को फिर से चांद की सतह पर उतारने की योजना बनाई है। कंपनियों को चांद की सतह पर चंद्रमा की धूल या चट्टानों को इकट्ठा करना होगा। प्रत्येक कंपनी को उनके द्वारा इकट्ठा किए गए नमूनों की तस्वीरों को नासा को भेजना होगा। इसके अलावा इन नमूनों को कहां से इकट्ठा किया गया और इससे संबंधित डाटा भी अंतरिक्ष संस्थान को सौंपना होगा। शुरूआती योजना के मुताबिक, चांद की धरती से जमा किए गए नमूने को 50 से 500 ग्राम के बीच होना चाहिए और भविष्य के मिशन द्वारा संग्रह के लिए तैयार होना चाहिए।

नासा बाद की तारीखों में संग्रह के तरीकों का निर्धारण करेगी। एक ब्लॉग पोस्ट में नासा के प्रशासक जिम ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, हम अपनी नीतियों को खोज के एक नए युग में लाने के लिए लगा रहे हैं, जिससे मानव सभ्यता को खासा लाभ होगा।

ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, वाणिज्यिक भागीदारी का लाभ उठाने से हमारी स्थायी, अभिनव, और कम दर में सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर लौटने की क्षमता बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि नासा की योजनाएं 1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि का उल्लंघन नहीं करेंगी, जो मानती है कि आकाशीय निकाय और अंतरिक्ष स्वामित्व के राष्ट्रीय दावों से मुक्त हैं।

नासा की इस योजना की नींव 2015 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित किए गए कानून में पड़ी। इस कानून को बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए मंजूरी दी थी। इस कानून के तहत निजी कंपनियों को चांद की धरती पर खनन करने, संपत्ति का अधिकार, वहां पानी, खनिज एवं अन्य पदार्थों के उत्खनन का अधिकार सौंपा गया। ब्रिडेनस्टाइन के मुताबिक, नासा का हालिया कदम दुनिया के 110 देशों के बीच 1967 में हुए ह्यआउटर स्पेस ट्रीटी ऑफ 1967 समझौते के तहत ही है।

चांद और अंतरिक्ष के अन्य ग्रह-उपग्रह इस्तेमाल या अन्य किसी भी तरह से किसी देश की राष्ट्रीय संपदा नहीं माने जाएंगे या उनके लिए संप्रभुता का दावा नहीं किया जाएगा। उनके मुताबिक, हमें चांद की सतह पर मौजूद बर्फ का इस्तेमाल करना होगा।

# देवर्षि नारद के लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## विमर्श

मीडिया का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है।

भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा।वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है।

इसी धारणा से कार्य करना चाहिए।आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी। वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई। उन्होंने हिन्दू और मुसलमानों की बात करना शुरू कर दिया। लेकिन वर्ग संघर्ष के चिंतन को बनाये रखा। ये कथित प्रगतिशील पत्रकार हिन्दू और मुसलमानों के संघर्ष की रचना करने लगे। इन्होंने यह मान लिया इनका वर्ग संघर्ष चलता रहेगा।

वामपंथी रुझान वाले यहीं तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने सवर्ण और दलित के बीच भी वर्ग को हवा देना शुरू किया। वामपंथी रूझान की पत्रकारिता ने हिंदुओं के विरोध को अपना पैशन बना लिया। वर्ग संघर्ष के सिद्धांत पर उन्होंने यह विचार फैलाया की हिन्दू शोषक और मुसलमान शोषित है। इसीलिए पश्चिम बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा उन्हें दिखाई नहीं देती। किंतु कुछ लोग मजहब के आधार पर समाज विरोधी कार्य करें, यह कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करें, तो इसे भगवा आतंकवाद के रूप में प्रसारित किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही वामपंथी विचारकों को लेखन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** नईसराय एफसीआई गोदाम के निकट स्थित मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में प्रत्येक माह की भांति पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भव्य भंडारा हुआ। झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने मां काली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से जहां भक्ति की भावना का प्रसार होता है । साथ ही लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम का सफल बनाने में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरूण कुमार महतो, समाज सेविका संध्या शर्मा, चमेली देवी, पूनम सोनी, ऋतु सिंह, विनीत सोनी, विवेक सोनी, राजेश तिवारी, अतिराज शर्मा, अमृत शर्मा, रमेश तिवारी, रीना शाह, शशि देवी, सुनीता शाह, नेहा सिंह, सीमा सिंह, शालिनी तिवारी, कंजूला देवी, पुष्पा देवी, मंजू देवी आदि योगदान दिया।

### पति को मिला बीमा का लाभ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बैंक ऑफ इंडिया ने चिकोर निवासी संजू देवी के पति दिनेश कुमार तुरी को बीमा के तहत दो लाख रुपये दिया। शाखा प्रबंधक माधुरी कुमारी ने बताया कि दिनेश तुरी ने पत्नी का प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा शाखा से करवाया था। संजू देवी कई दिनों से बीमार चल रही थी। 9 मार्च को संजू देवी का इलाज के दौरान मौत हो गई थी। कागजी प्रक्रिया पूरा हो जाने के बाद बीमा का लाभ दिनेश तुरी को दिया गया। शुक्रवार को पैसा भी आश्रित के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया के सभी ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा अवश्य करायें। बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रकार की बीमा योजना चला रही है। जिसका लाभ ग्राहक उठा सकते हैं। मौके पर प्रबंधक रोहित कुमार, मैनेजर सुषमा कुमारी, बैंक कर्मी सुप्रिया रानी सहित कई बैंककर्मी मौजूद थे।

### मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र अंतर्गत गेगदा स्थित कुमेल उरांव के आवास पर गुरूवार को विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने प्रेस कांफ्रेंस किया। मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव, अब्दुल क्यूम अंसारी, किशोर कुमार महतो, कौलेश्वर महतो, अलीम अंसारी, कपिल मुंडा, छोटू करमाली शामिल थें। प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन से लगातार बातचीत करने के बावजूद सूचना प्रकाशित किए बिना गुपचुप तरीके से पीवीयूएनएल के अधिकारियों और एजेंसियों के एजेंटों के माध्यम से सोची-समझी षड्यंत्र के तहत लगातार विस्थापित-प्रभावितों को दरकिनार कर अन्य लोगों की स्थाई नियुक्ति की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि 26 मई को कटिया सरना काली मंदिर में मोर्चा की बैठक में क्रमबद्ध आंदोलन की घोषणा की जायेगी। जिसमें सभी विस्थापित-प्रभावित भारी संख्या में उपस्थित होंगे।

### पतरातु पावर लीग क्रिकेट शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल लिमिटेड के स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा सभी क्रिकेट प्रशंसकों को एकजुट करने के उद्देश्य से पतरातु पावर लीग क्रिकेट मैच का पहला सीजन 21 मई से 3 जून तक शाम 7 बजे से टाउनशिप ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। इस लीग का उद्घाटन 21 मई को टाउनशिप ग्राउंड में आरके सिंह हेड ऑफ प्रोजेक्ट, अनुपम मुखर्जी जीएम (प्रोजेक्ट), देवदीप बोस जीएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया है। बताया गया कि पतरातु पावर लीग मैच में पांच टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। इसमें पलामू पैंथर्स, बेटला टाइगर्स, दलमा टस्कर्स, उधवा एविएटर्स और पारसनाथ वोल्व्स की टीम शामिल है। खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए आरके सिंह ने कहा कि यह क्रिकेट लीग स्पोर्ट्स काउंसिल पतरातु द्वारा कर्मचारियों के बीच न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बल्कि एक परिवार के रूप में एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि कार्य तो जरूरी है लेकिन खेल-कूद भी जीवन का अभिन्न अंग होता है। श्री सिंह ने कहा कि खेल-कूद शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन की भी सीख देता है।

### इस बार लोस चुनाव में अधिक मतदान

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा का चुनाव 20 मई को संपन्न हुआ। हजारीबाग लोकसभा के अंतर्गत 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें बरही, बड़कागांव, हजारीबाग सदर, मांडू और रामगढ़ शामिल हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव के पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने अधिक मतदान करवाने को लेकर अभियान चलाया। जिसका परिणाम यह हुआ कि इस बार के हजारीबाग लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक 68.37 प्रतिशत मतदान रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एवं 66.25 प्रतिशत मतदान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में हुआ। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान 68.37 प्रतिशत हुआ। साथ ही मतदान पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में जिला उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने अहम योगदान दिया।

# भुरकुंडा : दोहरे हत्याकांड में राजा चौधरी को उम्रकैद



**सहारा के एजेंट कमलेश शर्मा और पत्नी चंचला देवी की हत्या में रामगढ़ की अदालत ने सुनाया फैसला, 10 हजार रुपये भी लगाया जुर्माना**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** भुरकुंडा दोहरे हत्याकांड में राजा चौधरी को रामगढ़ की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक दुबे की अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया है।

जानकारी के अनुसार भुरकुंडा ओपी के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में तीन वर्ष पहले सहारा के एजेंट कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी की हत्या मामले में राजा चौधरी को अदालत ने आईपीसी की धारा 302 के तहत 14 मई 2024 को दोषी कर दिया था। पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड 184/21 में यह फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक परमानंद यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर 2021 को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में सहारा के एजेंट और कांग्रेसी नेता कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी पर अपराधियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया था। इस वारदात में कमलेश नारायण शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। उनकी पत्नी चंचला देवी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा था। कमलेश नारायण शर्मा के छोटे भाई जयेन्द्र कुमार शर्मा के बयान पर प्राथमिक के दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को इस मामले में अभियुक्त बनाया। इसमें सायल निवासी राजा चौधरी, विजय चौधरी, राहुल चौधरी और राम अचल शामिल थे। ट्रायल के दौरान राहुल चौधरी की मौत हो गई। साक्ष्य के अभाव में विजय चौधरी और राम अचल को अदालत ने बरी कर दिया। आठ गवाहों और पुलिस की जांच के आधार पर राजा चौधरी को दोषी करार दिया गया था। पुलिस की जांच और गवाहों के आधार पर राजा चौधरी पर बकरी चोरी का आरोप लगा था। इस मामले में सायल निवासी राजा चौधरी जेल भी गया था। पुलिस की जांच में यह भी कहा गया है कि राजा चौधरी को ऐसा लगता था कि चोरी के यह आरोप कमलेश नारायण शर्मा के इशारे पर लगाए गए थे। बदले की भावना से जी रहे राजा ने कमलेश नारायण शर्मा पर हमला करने की योजना बनाई और 15 अक्टूबर 2021 की रात वह उनके घर में घुस गया। जब कमलेश नारायण शर्मा अपनी पत्नी चंचला देवी के साथ सो रहे थे। इसी दौरान उसने धारदार हथियार से उन पर हमला किया। 16 अक्टूबर 2021 की सुबह घर वालों ने कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी को खून से लथपथ उनके कमरे में ही पाया था।

### सीबीएसइ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुये सम्मानित

**हजारीबाग।** सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के भैया-बहनों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया। भैया-बहनों को समिति के संरक्षक, श्रद्धानंद सिंह, समिति के सदस्य, संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन ने मोमेंटो एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि आप सभी जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करें। संजय उपाध्याय ने कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है। सम्मानित किये गए छात्रों में कक्षा 10वीं से अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज 94.20 प्रतिशत, सौम्या रानी 93.80 प्रतिशत, खुशी रंजन 93.60 प्रतिशत, मृद्धि 93.60 प्रतिशत, काव्या सिन्हा 93.20 प्रतिशत, आदित्य सिन्हा 92.80 प्रतिशत, नैना कुमारी 92.40 प्रतिशत, रितिक कुमार यादव 92.20 प्रतिशत, निखिल कुमार 92 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी 91.80 प्रतिशत, आर्यन कुमार 91.20 प्रतिशत का नाम शामिल है।

# 107 किलो डोडा और 54 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चौपारण पुलिस को नशा के खिलाफ लगातार मिल रही है सफलता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** पुलिस को नशा के खिलाफ लगातार मिल रही है सफलता। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि चौपारण थाना क्षेत्र के दुरागढ़ा नामक गांव के निवासी कैलाश सिंह एवं बिट्टू सिंह अपने-अपने घरों में भारी मात्रा में डोडा एवं गांजा तस्करी करने के लिए छिपाकर रखा था, जिसे बरामद करने एवं संलिप्त व्यक्तियों को पकड़ने को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा अनुगंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी, चौपारण के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें उक्त दोनों के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पुअनि निलेश कुमार रंजन, पुअनि बिन्देश्वर महतो, पुअनि संजय कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल को शामिल किया। प्राप्त सूचना के आलोक में गठित दल के सदस्य रात में करीब 3 बजे सर्वप्रथम कैलाश सिह के घर का घेराबंदी किया गया, उसी दौरान घर से 02 व्यक्ति भागने



लगे। जिन्हें पकड़ने के लिए खदेड़ा गया, जिस क्रम में एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा एक भागने में सफल हो गया।

पकड़ाये व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाग कैलाश सिंह उम्र करीब 50 वर्ष पिता-जगरनाथ सिंह ग्राम-दुरागढ़ा थाना-चौपारण जिला-हजारीबाग तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम बिरेन्द्र सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सा-साहोर थाना-राजपुर जिला-चतरा बताया गया, जो कि कैलाश सिह का दामाद था। कैलाश सिंह के घर का तलाशी लेने पर उसके मिट्टी-खपड़ैल घर से 07 प्लास्टिक के बोरियों में भरकर रखा 82 किलो 200 ग्राम डोडा एवं 04 प्लास्टिक के बोरिया में भरकर रखा कुल 35 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके बाद बिट्टू सिंह के घर में छापामारी हेतु घेराबंदी किया गया तो बिट्टू सिंह अपने घर से निकलकर भागने लगा, जिसे पकड़ने के लिए पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया। उसके बाद उसके घर की तलाशी लिया गया तो बिट्टू सिंह के घर से 05 प्लास्टिक के बोरियों में भरकर रखा 25 किलो 200 ग्राम डोडा तथा 04 प्लास्टिक के बोरिया में भरकर रखा 18 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस प्रकार दोनों घरों से मिलकर कुल 107.4 किलोग्राम डोडा एवं 54.1 किलोग्राम गांजा को विधिवत रूप से जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है। जांच के कम में पता चला कि कैलाश सिंह अपना दामाद बिरेन्द्र सिंह एवं गांव के ही बिट्टु सिंह पिता स्व० मिश्री सिंह सा.-दुरागढ़ा थाना-चौपारण जिला-हजारीबाग के साथ मिलकर अवैध रूप से गांजा, डोडा एवं अफीम लाकर जमा करता है और तस्करी करता है। गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विनोबा भावे विवि में नहीं दिया जाता है सूचना अधिकार के तहत जानकारी : चंदन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है।जहां लगातार यहाँ चोरियों का दौर चल रहा है वहीं वित्तीय और प्रशासनिक विफलता को छुपाने में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं।विश्वविद्यालय पिछले कई महीनों से सूचना अधिकार के तहत कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कर रहा है।इस कुव्यवस्था के कारण विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है।इस पूरे मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंदन सिंह ने पूर्व में भी कुलपति को लिखित आवेदन दिया था।

चंदन सिंह ने कहा कि सूचना पदाधिकारी से सूचना मांगने पर सूचना नहीं दी जा रही है। वहीं प्रथम अपीलीय पदाधिकारी को भी पत्र देने के बाद कोई कारवाई नहीं की जा रही।विश्वविद्यालय में फैली भ्रष्टाचार को लेकर निम्न मामलों में चंदन सिंह ने विश्वविद्यालय से सूचना अधिकार के तहत जवाब माँगा है। विश्वविद्यालय के प्रोक्टर और छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह ने विभाग से कब लियेंन लिया।इन्हें मानविकी का डीन कब बनाया गया।विभाग से लियेंन लेने के बाद विश्वविद्यालय अधिनियम के किस नियम के तहत किसी को उसी विभाग में पदस्थापित किया जा सकता है. विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के सेल्फ फाइनेंस विषयों के शिक्षकों की अहर्ता क्या है,शिक्षकों की अहर्ता उपलब्ध करवायें।विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में कितने शिक्षक अहर्ता को पूरी नहीं करते।फाइनेंस एडवाइजर को मिलने वाली सुविधा और उनकी गाड़ी की लॉग बुक की प्रति भी माँगी गई है। वहीं प्रोक्टोरियल बोर्ड का निर्णय या गठन किस परिस्थिति में और किसके विरुद्ध होता है और विश्वविद्यालय अधिनियम के किस नियम परिणियम के तहत किसी गैर छात्र पर छात्र अनुशासन समिति की कारवाई की जा सकती है कि प्रति उपलब्ध करवायें. इन विषयों पर विश्वविद्यालय से मांगे गये जवाब पर विश्वविद्यालय का कोई जवाब नहीं आया है।इस पूरे मामले में चंदन सिंह ने कहा है कि जल्द ही राज्य सूचना आयोग को पत्र लिखेंगे और पूरे मामले में थाने में मामला भी दर्ज करवायेंगे।जवाब नहीं देने से विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा नहीं हो पा रहा।

### पांच दिवसीय विद्युत शिविर आज से

**कटकमसांडी।** विद्युत प्रमंडल हजारीबाग की ओर से कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न गांवों में पांच दिवसीय विद्युत शिविर लगेगा। यह जानकारी कनीय अभियंता कृष्णा बालमुच और एसडीओ कृष्णदेव प्रजापति ने दी। अधिकारियों ने बताया कि 25 मई को प्रखंड के पबरा, लुपुंग, डाड़, 26 मई को डाटो खुर्द, 27 मई को शाहपुर, 28 मई को आराभुसाई, 29 मई को ढौठवा और 30 मई को कुरहगड़ा, रेबर, पेलावल व बहिमर में शिविर का आयोजन किया गया है। इस विद्युत शिविर में बिजली उपभोक्ता अपने बकाये बिजली के बिलों का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही विद्युत से संबंधित समस्याओं का भी समाधान शिविर में किया जायेगा। नए उपभोक्ता इस शिविरों में आकर नया कनेक्शन भी ले सकते हैं।

### एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के आईक्यूएसी के तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से भारतीय समाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर-ईआरसी) प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को होटल श्री विनायक सभागार में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि यह सेमिनार सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड सीएसआर : द रोल ऑफ ऑपर्च्युनिटीज फोर ट्राइबल कम्युनिटीज विषय को लेकर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के 70 से भी अधिक पंजीकृत शोधार्थी अपना शोधपत्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ अपने-अपने विचार भी रखेंगे।

# अन्नदा कॉलेज में जल्द शुरू होगा नामांकन

**इंटर एवं स्नातक में नामांकन फॉर्म भरने के लिए बना हेल्प डेस्क**

**हजारीबाग।** शहर के बीचोबीच स्थित अन्नदा कॉलेज में इंटरमीडिएट एवं स्नातक के नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। कॉलेज में नामांकन फॉर्म भरने के लिए हेल्प डेस्क, नामांकित विद्यार्थियों के लिए जगह जगह साइनेज, पूर्व छात्र छात्राओं से संपर्क के लिए छात्र संघ, इत्यादि की सुविधा प्रदान की गई है। कॉलेज में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों के विविध विषयों की पढ़ाई होती है। विद्यार्थियों के अकादमिक मूल्यांकन के लिए आतंरिक परीक्षा आयोजित की जाती है। कॉलेज से इंटरमीडियेट की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी अगर स्नातक के लिए इसी कॉलेज में नामांकन करायेंगे तो उन्हें नामांकन के समय दो हजार रुपए की रियायत दी जाएगी। कॉलेज में वोकेशनल कोर्स बीसीए, बीबीए एवं बायो टेक्नोलॉजी की भी पढ़ाई होती है।

## डेंटल कॉलेज में व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित

- **छात्रों में व्यक्तित्व विकास का जरूरी : डॉ श्रीनिवास**
- **डॉ नंदी ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास के लिए बहुमुल्य सुझाव और परामर्श दिया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि ओएमआर प्रोफेसर डॉ देवर्षि नंदी ने शामिल होकर छात्रों को व्यक्तित्व विकास के लिए अपना बहुमुल्य सुझाव व परामर्श दिया। इसमें यूजी और प्रशिक्षु वर्ग के कई छात्रों ने शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ लिया। जिसमें छात्रों को सकारात्मक, भावनाओं पर नियंत्रण, एक- दुसरे पर करूणा, प्रशंसा करना, धैर्यवान बनना, प्रभावशाली संवाद, साहस, सहयोग एवं उत्साह सहित कई विषयों पर संवाद कर उच्चतम जीवन शैली का निर्माण करने का छात्रों को आवश्यक सुझाव दिया गया। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के लिए व्यवहारिक निर्माण करने पर जोर दिया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि छात्रों में सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व विकास का होना बहुत ही जरूरी है। इससे संचार कौशल, पारस्परिक कौशल, नेतृत्व कौशल और तकनीकी कौशल में सुधार होता है। छात्रों को उनके दीर्घकालिक कैरियर उद्देश्यों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करता है। छात्रों के आत्मविश्वास के स्तर तक पहुंचने। नियंत्रण करने और उसे बढ़ाने के लिए निगरानी प्रदान करता है। ताकि वे उच्च क्षमता के साथ सवर्णिम भविष्य बना सकें।

## एक नजर में

### चरही : शंकर सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि मनी




**चरही ।** हजारीबाग में ओल्ड एज होम में शुक्रवार को वृद्धों के बीच भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला मंत्री स्व.शंकर सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। स्व.सिंह के तस्वीर पर बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। स्व.सिंह के पुत्र भामसं के जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि मेरे पिता मजदूरों के बीच रहकर उनके दुख दर्दों में शरीक रहते थे। उन्होंने कहा कि इनके रहते मजदूरों का शोषण बंद हो गया।उनकी मौत के बाद मजदूर अपने आपको असहाय महसूस करने लगे।पूरे जिले में मजदूर के जाने-माने कदावर नेता मेंसे एक थे। पूरे कोयलांचल क्षेत्र आज भी इनकी कमियों को महसूस किया जाता है। नीरज सिंह ने ओल्ड एज होम में वृद्धाओं के बीच खान का वितरण किया। मौके पर पप्पु दुबे,मनोरमा सिन्हा, रितेश सिंह सहित भामसं के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अचलजामो में धूमधाम से मना बैसाखी उर्फ बिशु

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंडअंतर्गत पंचायत अचलजामो में इस वर्ष भी अचलनाथ धाम अचलजामो के शिव मंदिर में वैशाखी उर्फ बिशु पूजा एवं मेला का आयोजन बहुत धूम धाम से किया गया। इस त्योहार में 7 दिन के कठिन उपासना एवं कर्मकांडो के उपरांत गांव के 20 भक्त गन एवं एक पुरोहित उमाकांत पांडेय पंडित के द्वारा पूर्णिमा के दिन एवं पूरी रात नेग विधान के बाद 50 फिट ऊंचा लकड़ी के पोल में कील के सहारे घूमने के पश्चात व्रत की विधिवत समाप्ति की जाती है। शुक्रवार सुबह की गई। पूजा कार्यक्रम में मुख्य रूपसे उपेंद्र महतो,भगीरथ साव, बसन्त रजवार,दिनेश सिंह, धनन्जय ठाकुर,महावीर बंगाली,मनु साव नारायण महतो,टेकलाल महतो,दसरथ महतो,दिलेश्वर महतो,दिनेश महतो संयम एवं नियम पूर्वक पूजा में भाग लिए। मेले के आयोजन में मुख्यरूप से पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक,पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, शिक्षक अजित गोस्वामी,दशरथ महतो,मंगर महतो, चुरामन महतो सुनील कु राय, संजय राय, गिरीश महतो गोविंद महतो, बैजनाथ प्रसाद, संजय ठाकुर पंचानन स्वर्णकार नंदलाल विश्वकर्मा अर्जुन नायक के साथ काफी संख्या में युवा एवं वरिष्ठ समाजसेवी ग्रामीण महिला पुरुष का योगदान सराहनीय रहा।

### चरही में मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न

**चरही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।श्रद्धालुओं ने लगातार नौ दिनों तक लोटन सेवा करते रहे।इस पूजा की शुरूआत 15 मई को पटभंगी पूजा से किया गया था।गुरुवार रात को शिव मंदिर में भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर भभूत अर्पन किया।उसके बाद भगवान शिव पर अर्पित किये गए भभूत को पूरे गांव में वितरण किया गया।इस अवसर पर पूजा कमिटी के द्वारा मेला और दूरदराज गावों आए दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते रहे।शुक्रवार अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चले।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुनः भक्तों ने शिव मंदिर में भगवान शिव का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद को प्राप्त किया।उसके बाद अपने-अपने पीठ पर रस्सी से बंधे लोहे के मोटे-मोटे नुकिले कील को गुथवाकर 50 फिट के ऊपर बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्न कर पारण किया।मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा कमिटी के बासुदेव करमाली,उमेश सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली, सत्येन्द्र नारायण सिंह,कुलेश्वर करमाली,किशुन महतो,बंगाली करमाली,शिव कुमार यादव,पाहन गोविंद भोक्ता,पुजारी ललन पंडित, मेघनाथ करमाली,उमेश ठाकुर,रविंद्र करमाली,जवाहर करमाली,सन्नी करमाली,बैजू करमाली,जंगल करमाली की अहम भूमिका रही।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**चरही ।**चरही पुलिस ने गुरुवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाइक को पकड़ा।साथ ही एक व्यक्ति को भी धरदबोचा।चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम चरही के एनएच- 33 पर वाहन चकिंग लगाया गया था।इसी बीच बिना नंबरन के एक होंडा स्प्लेंडर बाइक तेज रफ्तार में आ रहा था। उक्त होंडा बाइक को देख पुलिस को शक हुआ। बाइक पर सवार हजारीबाग मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तुराव (पतवा) निवासी जफर अंसारी पिता मोकिम अंसारी से कागजात की मांग की गई।पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर बाइक चोरी का बताया गया। सहयोगी के पास बाइक को बेचने के लिए चरही की ओर आया था।पुलिस बाइक चोर को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।साथ ही बाइक को जब्त कर थाना लाया गया।पुलिस अन्य अभियुक्तों को छापेमारी करने में जुटी।

### खड़े कंटेनर में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**बरही।** एनएच 33 स्थित करसो प्लांट के समीप एक पुराने खड़े कंटेनर में अचानक आग लग जाने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के अनुसार कंटेनर के पीछे का कुछ हिस्सा और चक्का जल गया है। कंटेनर में आग कब और कैसे लगा इस संबंध में आस पास के लोगो को कुछ भी जानकारी नहीं है। स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार यह कंटेनर पिछले कई दिनों से खड़ा था जो बरही के किसी व्यवसाई का बताया जा रहा है। कंटेनर का आगे का कुछ हिस्सा पहले जला हुआ है।शुक्रवार की अहले सुबह आग लगने की घटना सामने आई। जिससे कंटेनर का पीछे हिस्सा और चक्का जलकर खाक हो गया है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अब तक किसी ने भी कोई शिकायत दर्ज नहीं कारवाई है।

### महेसरा मवि में शुद्धिकरण आधार कार्ड कैंप शुरू

**दारू।** जिनगा पंचायत के महेसरा मध्य विद्यालय दारू में 23 मई से नया आधार कार्ड बनाने एवं शुद्धिकरण कैम्प लगा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि अभिभावकों और छात्रों को सूचित किया जा रहा है आपकी सुविध के लिए आपके अपने पोषक क्षेत्र के नामांकित और अनामांकित बच्चों का नया आधार बनाने या आधार में शुद्धि कैम्प में जाकर जरूर करवा लें। आप अपने साथ नया आधार बनाने के लिए जन्म प्रमाणपत्र और अभिभावक का आधार लेकर जाएंगे और शुद्धि के लिए अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे। अपने आस पास सगे संबंधियों को भी इस की जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### डीएस कॉम्पलेक्स में खुला रेड चिल्ली रेस्टुरेंट



**रामगढ़।** डीएस कॉम्पलेक्स में शुक्रवार को चिल्ली रेस्टुरेंट का उद्घाटन समाजसेवी देवराज सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि रेस्टुरेंट खुलने से सभी को अच्छा खाना मिलेगा। लोगों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस कॉम्पलेक्स में बहुत सारी दुकान और बैंक है। अब आराम से लोग खाने पीने का लुप्त उठाएंगे। वही रेड चिल्ली के संचालक जन्मेजय प्रताप, उमेश प्रकाश सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, संजीत सिंह उर्फ छोटू, निखिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे रेस्टुरेंट में खाने के लिए अच्छी और सभी तरह के व्यंजन उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। हमारे यहां भेज और नॉन भेज साथ ही चाउमिन के अलावे कई तरह के व्यंजन मिलेंगे। मौके पर रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजीत पांडेय, मनजी सिंह, अशोक सिंह, जे पी सिंह, मनोज कुमार, रीमा कुमारी, गौतम सिंह, रोकी सिंह, नागेश्वर सिंह, परमेश्वर सिंह, विकास सिंह, ननकू साव आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो पूर्व जिला अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि मनी



**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे श्याम किशोर सिंह की पहली पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके गांव डंडाडीह में मनाया गया। मौके पर लोगों ने स्व. सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में झामुमो नेता सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, केंदीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला प्रवक्ता संजय साजन, प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नंद किशोर मेहता, बिनय सिंह, संयुक्त सचिव सह श्याम किशोर सिंह के पुत्र शशंक सिंह उर्फ. बब्लू, गुड़िया देवी, कांग्रेस के राजेंद्र जायसवाल, अशोक पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा के एक शिष्टमंडल ने किया पीएचडी पंपहाउस व इंटेकवेल का निरीक्षण



**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने टंडवा में दूषित पानी आपूर्ति की सूचना मिलने पर त्वरित संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर भाजपा शिष्टमंडल ने पीएचडी पंप हाउस और इंटेकवेल का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि इंटेकवेल में कीचड़ और बालू भरा हुआ है, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है और पानी दूषित हो रहा है। शिष्टमंडल ने विधायक दास को बताया कि अगर इंटेकवेल की सफाई कर दी जाए और उसकी ऊंचाई बढ़ाकर घेराबंदी कर दी जाए, तो निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की जा सकती है। निरीक्षण शिष्टमंडल में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, ईश्वर दयाल पांडे, गोविंद तिवारी, राजेंद्र नायक, गणेश गुप्ता, विकास कुमार मालाकार, अजय कुमार गुप्ता, अजय सिंह, बबलू गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, बालेश्वर नायक, हीरालाल नायक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सजनी ब्रांड को कॉपीराइट मामले में मिली क्लीन चिट



**सिमरिया।** सजनी ब्रांड के प्रोपराइटर महेंद्र प्रसाद केशरी पर सलोनी ब्रांड के महेश एडिबल वाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 19 दिसंबर 2023 को कॉपीराइट करने को लेकर मामला दर्ज किया था। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने 21 मई 2024 को सजनी ब्रांड पर सलोनी ब्रांड द्वारा लगाए गए कॉपीराइट के आरोप को खारिज कर दिया और सजनी ब्रांड को क्लीन चिट दे दी।न्यायालय ने पाया कि सजनी ब्रांड ने कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं किया है। न्यायालय ने सजनी ब्रांड के प्रोपराइटर महेंद्रा ट्रेडर्स आयल सेक्सन को पुनः शुरू करने का आदेश जारी किया है। महेंद्र केशरी ने कहा कि उनके ऊपर जलनशीलता को लेकर झूठा मामला दर्ज कराया गया था और उन्होंने न्यायालय और वकील प्रदीप कुमार सिंह को धन्यवाद दिया।

### डीसी की अध्यक्षता में मतगणना के तैयारियों को लेकर किया समीक्षा बैठक



**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतगणना की तैयारियों को लेकर चतरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने की। बैठक में कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 04 जून 2024 को चतरा कॉलेज चतरा में होने वाली मतगणना की तैयारियों पर चर्चा की गई। मतगणना केन्द्र में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों, काउंटिंग एजेंट और सफाई कर्मियों को पहचान पत्र देने, मतगणना के लिए संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण देने, मीडिया कर्मियों के लिए बैठने की व्यवस्था करने और मतगणना केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम और अन्य उपकरणों को लगाने के निर्देश दिए गए।

### भद्रकाली महाविद्यालय में नए सत्र के लिए नामांकन शुरू

**इटखोरी।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के निदेर्शानुसार भद्रकाली महाविद्यालय, इटखोरी में नए सत्र 2024/2028 के लिए बीए, बीएससी और बीकॉम सेमेस्टर 1 में नामांकन 25 मई 2024 से चांसलर पोर्टल के माध्यम से शुरू हो गया है। कला संकाय में अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, संस्कृत, खोरठा, मनोविज्ञान और मानवविज्ञान विषयों में नामांकन हो रहा है। विज्ञान संकाय में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और जंतु विज्ञान विषयों में नामांकन लिया जा रहा है। वाणिज्य विभाग में सभी समूहों में नामांकन हो रहा है। इच्छुक छात्र चांसलर पोर्टल के माध्यम से भद्रकाली कॉलेज में नामांकन के लिए 25 मई से 16 जून तक आवेदन कर सकते हैं। जो छात्र सीयूईटी परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे भी 12वीं के प्राप्तांकों के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। नामांकन में किसी भी प्रकार की कठिनाई से बचने के लिए महाविद्यालय में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान करने में महिला वोटर रही आगे

# कोडरमा लोकसभा सीट के लिए पड़े 13 लाख 63 हजार 331 मत

➲ पुरूषों की अपेक्षा 15. 85 प्रतिशत ज्यादा महिलाओं ने वोट दिया

**उमा शंकर ब्यूरो हेड कोडरमा**

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब प्रत्याशियों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी व इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी विनोद सिंह के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि, इस बार के चुनाव में आधी आबादी की भूमिका चुनाव परिणाम में बड़ा रोल अदा कर सकती है। 20 मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के आंकड़े कुछ इसी ओर इशारा कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूरे संसदीय क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने जम कर वोट डाला है। पुरुषों की अपेक्षा करीब 15. 85 प्रतिशत महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कुल 22 लाख पांच हजार 318 मतदाता हैं, जिसमें 13 लाख 63 हजार 331 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया है। इसमें 7 लाख 45 हजार 928 महिला व 6 लाख 17 हजार 400 पुरुषों ने मतदान किया है। वहीं तीन थर्ड जेंडर ने भी अपने मत का प्रयोग किया है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में 61. 81 प्रतिशत मतदान हुआ है, इसमें 70 प्रतिशत मतदान महिलाओं ने दिया है और 54. 15 प्रतिशत वोट पुरुषों ने दिया है। इस प्रकार 15. 85 प्रतिशत महिलाओं ने पुरुष की अपेक्षा ज्यादा वोट दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में महिला वोटरों की कुल संख्या 10,65,246 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,40,049 है। वहीं चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत गांडेय में और सबसे कम जमुआ में रहा है। विधानसभावार आंकड़ों पर गौर करें, तो सबसे ज्यादा गांडेय में महिलाओं ने वोट दिया है। गांडेय विधानसभा क्षेत्र में 74. 73 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया है। जबकि बगोदर विधानसभा क्षेत्र में 74. 49 प्रतिशत और बरकट्ठा में 69. 89 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया है। इसके अलावा धनवार में 68. 55, कोडरमा में 66. 75 और जमुआ में 66. 22 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट दिया है।

**कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदान की स्थिति**

| विधानसभा | पुरुष मतदान | महिला मतदान | अन्य | कुल मतदान |
|---|---|---|---|---|
| कोडरमा | 1,14,704 | 1,33,353 | 01 | 2,48,058 |
| बरकट्ठा | 1,03,711 | 1,30,593 | 00 | 2,34,304 |
| धनवार | 96,172 | 1,20,484 | 01 | 2,16,657 |
| बगोदर | 1,04,279 | 1,38,270 | 01 | 2,42,550 |
| जमुआ | 94,208 | 1,09,606 | 00 | 2,03,814 |
| गांडेय | 1,04,326 | 1,13,622 | 00 | 2,17,948 |
| कुल | 6,17,400 | 7,45,928 | 03 | 13,63,331 |

**गत चुनाव की तुलना में गिरा मतदान प्रतिशत**

जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2019 में कोडरमा में 66. 68 प्रतिशत मत पड़े थे। जबकि इस बार के चुनाव में 61. 81 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट दिया है। इस तरह इस बार के चुनाव में 4. 87 प्रतिशत वोटिंग कम हुई है।




### सेक्रेड हार्ट स्कूल में मदर्स-डे के साथ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को मदर्स-डे के साथ साथ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र पिऊ विश्वास की मां मौसमी विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में चयनित हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में लावणी फोक डांस, म्यूजिकल योगा, हिंदी एवं अंग्रेजी में स्वागत गान, मदर्स-डे आधारित मधुर गीत संगीत पर सभी अभिभावक झूम उठे। वहीं मदर्स-डे पर आयोजित सेल्फी प्रतियोगिता के 20 विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसमें प्रियांशु कुमार, अभिजीत सिंह, प्रीतम राज मोदी, आरोही शर्मा, अद्रिजा विश्वास, अंकुश कुमार, हर्षित कुमार, अदिति कुमारी, अंश वर्मा, समर कुमार, उजमा कौशर, तहा कयूम, अंशिका कुमारी, प्राची कुमारी, आयुष प्रीतम, नव्या श्री, सत्यम कुमार, प्रेमराज, आरुष गुप्ता और अड्रिसा का नाम शामिल है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वर्ग में माताओं द्वारा डांस एवं गीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें गंगा कुमारी, अनामिका भारती, शिल्पा कसेरा, ज्योति सिंह, चांदनी सिंह, मोना कुमारी, रजनी देवी, मौसमी विस्वास, नीलम कुमारी, प्रीति सिंह राठौड़, चांदनी सिंह, पुष्पा झा के नाम शामिल हैं। नृत्य में प्रीति सिंह राठौर एवं शिल्पा कसेरा, गीत में ज्योति सिन्हा, रैंप वॉक में पूजा देवी प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। वहीं सीबीएसई के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से ऊपर मार्क्स लाने वाले छात्रों को उपहार एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमे युग बरगावे, गौरव राज सिंह, अमन कुमार सिंह, राखी कुमारी, अभिनव सिंह, प्रतीक्षा कुमारी, वन्दना कुमारी, खुशी कुमारी शर्मा, अनीश कुमार, इशिका सिंह, प्रियांशु कुमार सिंह, आफरीन प्रवीण, राज नंदनी, पीयूष कुमार, शिवम रजक, कोमल कुमारी, अनमोल राज के नाम शामिल है। वहीं पुरस्कार वितरण समिति में डायरेक्टर प्रमोद कुमार, स्कूल प्राचार्य प्रमोद शर्मा, मुख्य अतिथि मौसमी विस्वास, एसएमसी मेंबर्स आरिफ अंसारी, फकरुद्दीन, रंजीता कुमारी, सुरेंद्र मिस्त्री, स्वाति वर्मा, आईसीआईसीआई बैंक से रीजनल मैनेजर (आईबी) दिलीप कुमार एवं सनी कुमार आदि मौजूद थे।

### बी.आर इंटरनेशनल स्कूल में उत्कृष्ट छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** बी.आर इंटरनेशनल स्कूल के 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएनपी बर्णवाल एवं प्रुसार्थ क्लासेस के निदेशक मनोज कुमार सिंह विद्यालय के निदेशक ओपी राय, प्राचार्या डॉ. राखी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को एवं उनके अभिभवकों को सम्मानित किया गया। वर्ग दशम के विक्रम कुमार का प्रदर्शन विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने 96 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर रहा। तो वहीं 12वीं के पुष्कल कुमार 90 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर रहा है। स्कूल टॉपर समेत 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट एवं मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। वहीं बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को आज अपने परिश्रम का इनाम मिल रहा है, पर जो बच्चे आज यहां जगह नहीं बना पाये हैं उन्हें इनसे सीखने की जरूरत है। वहीं प्राचार्या डॉ. राखी शर्मा ने कही कि बच्चों का मेहनत, अभिभावकों का सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही आज यह सफलता मिली है। वहीं विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें एक नयी ऊर्जा का संचार होता है साथ ही आनेवाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। मौके पर मनोज कुमार, सुनील कुमार, नवलकिशोर, अभिजीत, कमलेश, विजय प्रकाश, नागेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, चंदन गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी फुलकुमारी, विक्रम कुमार, पुष्कल कुमार, आस्था गुप्ता, निशि भारती, अदिति, हिमांशू, अभिषेक, मनमीत, सौम्या, समेत दर्जनों शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या

# हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टीका: गौतम कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा एवं चिल्ड्रन आफ इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सुदूरवरती क्षेत्र जरगा पंचायत भवन में नशा मुक्ति को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। नशे की वजह से युवा पीढ़ी खतरे में है। नशा का सेवन कर लोग कैंसर, टीवी, दमा जैसे खतरनाक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। हमारे देश का उज्जवल रभविष्य युवाओं पर टिका है। मगर देश की युवा पीढ़ी ही यदी गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उसका भविष्य अंधकार में चला जाता है। इसलिए लोगों को जागरुक होकर इसे रोकने की जरूरत है। वहीं एलईडीसीएस के अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि नशा पान करने वाले परिवार की स्थिति अच्छी नहीं होती। आए दिन परिवारों में दंपति के बीच झगड़ा होते रहता है, जिसके कारण परिवार बिखर जाता है। परिवार को बचाने के लिए नशा से छुटकारा जरूरी है।

वहीं एलईडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि नशा पान से सामाजिक, आर्थिक, मानसिक व शारीरिक हानि होती है। अधिकांश अपराध नशा पान के बाद ही किया जाता है। परिवार, समाज व देश को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए और इससे होने वाली हानियों को बताकर लोगों को खास कर युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है। नशे से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों, खेलो और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना होगा। स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करना होगा। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी ने भी कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम परवीन ने किया । जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीनबंधु ने किया। मौके पर न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, गीता कुमारी, मुन्नी देवी, सुरेंद्र राम, शिव कुमार, सुषमा सहित दर्जनों महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।




## एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने दिए कई निर्देश



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में मासिक क्राइम बैठक (अपराध गोष्ठी) का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने थानावार विभिन्न प्रकार के लम्बित कांडों के प्रगति की समीक्षा किया और सभी थाना प्रभारियों को अनुसंधान में तेजी लाते हुए लम्बित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे वारंट और कुर्की जप्ती के कार्रवाई में तेजी लाने, नियमित रुप से गश्ती करने आदि का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में अपराध पर अंकुश रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने, सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाने आदि का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न थाना, संस्थान में कार्यरत पुलिसकर्मी, पदाधिकारी ने भाग लिया। वहीं सभी पदाधिकारी, कर्मियों के समस्या को सुना गया एवं उसके निदान हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी पुरूषोतम कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार समेत सभी थाना प्रभारी आदि मौजुद थे।

### आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से समूह के दीदियों द्वारा हस्त निर्मित बांस सामग्रियों का एग्जीबिशन



**कोडरमा।** हैंड इन हैंड इंडिया के ग्राम उत्थान कार्यक्रम के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूह के दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से समूह के दीदियों द्वारा हस्त निर्मित बांस सामग्रियों का एग्जीबिशन शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष रांची पटना मुख्य मार्ग के बगल में लगाया गया। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित बांस के विभिन्न क्राफ्ट जैसे डस्टबिन, सिक्की डलिया, फ्रूट बास्केट, पेट्रोमैक्स, फ्लावर पॉट समेत कई डेकोरेटिव बांस की सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं एग्जीबिशन में मौके पर गंगा स्वयं सहायता समूह की शीला देवी तथा विलास देवी सहित हैंड इन हैंड इंडिया के मोबिलाइज तोप्ती सेन उपस्थित थी। ज्ञात हो की झरीटांड की 15 महिलाओं के द्वारा बांस के विभिन्न क्राफ्ट निर्माण करने का कार्य किया जा रहा है। जिसे प्रोत्साहित करने के लिए एग्जिबिशन लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, एपीएम रूपेश कुमार, तुलसी कुमार, दीपक कुमार, सविता कुमारी, वैभव कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### फैमिली गार्डन रेस्टोरेंट शाही रसोई ढाबा का उद्घाटन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** फैमिली गार्डन रेस्टोरेंट शाही रसोई ढाबा का भाजपा नेता रमेश हर्षधर, निवर्तमान वार्ड पार्षद अनुराग सिंह, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं रमेश हर्षधर ने कहा कि बिशनपुर रोड टीओपी के सामने शाही रसोई शुद्ध शाकाहारी, साउथ इंडियन, चाइनीस भोजन के लिए एक अच्छा रेस्टोरेंट खोला गया है। झुमरीतिलैया की जनता लजीज भोजन के लिए एक बार शाही रसोई में अवश्य पधारें और लजीज व्यंजनों का आनंद लें। शाही रसोई के ओनर शैलेश सिंह, विक्की सोनकर, विवेकानंद प्रसाद ने झुमरी तिलैया की जनता के लिए एक अच्छा शुद्ध एवं शाकाहारी रेस्टोरेंट खोला है और उन्होंने जनता से आह्वान किया है आप अपने परिवार के साथ लजीज व्यंजन और शुद्ध शाकाहारी भोजन के लिए अवश्य पधारे। उद्घाटन में शामिल रविंद्र श्रीवास्तव, रितेश लोहानी, नवनीत ओझा, कुलदीप वर्णवाल, नितेश सिंह, अरुण वर्णवाल, विजय यादव, संतोष कुमार, भैरौ प्रसाद, धीरेन्द्र पाण्डेय, मंयक सिंह, प्रमोद महतो, महादेव दास, रुमा देवी, मंजु देवी, सपना सिंह, गीता देवी, सीमा सिंह, रेणु देवी, रेखा भदानी, वेवी देवी, दीपा देवी आदि लोग शामिल थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया गया। वहीं रिसोर्स पर्सन सुमित दत्ता द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम के संदर्भ में प्रथम दिन स्वास्थ्य और अच्छाई, द्वितीय दिन मानसिक स्वास्थ्य, तृतीय दिन तनाव प्रबंधन, चतुर्थ दिन जीवन कौशल शिक्षा, पंचम दिन आत्म जागरूकता, षष्ठम दिन भावात्मक बुद्धि एवं अंतिम सप्तम दिन संचार कौशल पर विस्तृत रूप से जानकारी साझा किए। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त बिंदुओं पर दिनवार सुव्यस्थित तरीके से विविध घटकों एवं तथ्यों से अवगत कराते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संकाय से संदर्भित विभिन्न समस्याओं का अचूक समाधान बताया साथ ही संकाय में क्रियान्वयन स्थित को सुगम एवं सरल बनाने के अनूठे तरीके से अभिभूत कराया। रिसोर्स पर्सन के रूप में मनोवैज्ञानिक सह सफल परामर्शदाता सुमित दत्ता को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम से संकाय सदस्यों में निश्चित तौर पर उनके अंदर निहित विविध प्रवृतियों एवं व्यक्तित्व का विकास एवं क्रियाशील होती है। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से संकाय सदस्यों में कार्यक्षमता सहित उनके कार्यशैली में स्थिरता एवं नवाचार जैसी नूतन कौशल का विकास होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. रविकांत तिवारी, वीरेंद्र यादव, डॉ. पुजा कुमारी, पवन कुमार, गौतम कुमार, अवधेश कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के देखरेख में सम्पन हुआ।

## सीएमडी ने मगध परियोजना का किया दौरा, दिए दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के नए अध्यक्ष सह सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने टंडवा में संचालित एशिया की सबसे बड़ी मगध कोल परियोजना का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले खदानों का निरीक्षण किया और महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से परियोजना विस्तारीकरण के बारे में जानकारी ली। सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिया और परियोजना के विस्तार के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने मगध खदान के अतर्गत संचालित साइडिंग और निर्माणधीन एनटीपीसी कोयला कन्वेयर का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत की। उन्होंने हितधारकों के साथ भी बातचीत की। सीएमडी ने विभिन्न मुद्दों जैसे संचालन, उत्पादन, संप्रेषण, विस्तार योजना, सुरक्षा आदि पर चर्चा की और उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिए। ज्ञात हो कि सीएमडी बनने के बाद निलेंदू कुमार सिंह का मगध परियोजना में यह पहला दौरा था।

### कुंदा से एक महिला और उसका बेटा एक हफ्ते से लापता



**कुंदा।** थाना क्षेत्र के डोकवा गांव से एक महिला और उसका बेटा एक हफ्ते से लापता हैं, जिससे उनके परिजन काफी परेशान हैं। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पाया है।अजित रविदास ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपने बेटे और पत्नी के गायब होने की सूचना पुलिस को दी है। अजित रविदास ने बताया कि 17 मई को बेटा पियूष कुमार (4 वर्ष) का पैर टूटने को लेकर पत्नी कविता देवी (33 वर्ष) से नोंक-झोंक हुई थी। जिससे पत्नी 18 मई सुबह करीब पांच बजे बेटा पियूष को लेकर घर से निकल गई और आज तक वापस नहीं लौटी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

स्पीड न्यूज

## युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत आमगांव निवासी 22 वर्षीय संजीत केरकेट्टा ने गुरुवार की अपराह्न कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होते देख परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गये। जहां इलाज के उपरांत उसे गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक युवक 5-6 साल से लंबी बीमारी से तंग आ चुका है। उसके पूरे शरीर में हमेशा दर्द बना रहता है। परिजनों ने देहाती इलाज के अलावा कई अन्य जगहों पर काफी इलाज कराया। लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। बीमारी से तंग आकर युवक ने गुरुवार की अपराह्न कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

## मजदूर आया करेंट की चपेट में, इलाज के दौरान हुई मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के उर्मी गांव में निर्माण कार्य में मजदूरी करने के दौरान मजदूर बेंजामिन मिंज करेंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन बेंजामिन को इलाज के लिये सदर अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक गांव में ही एक घर निर्माण में मजदूरी का काम कर रहा था। काम करने के दौरान घर के आंगन में कपड़ा सुखाने वाले तार में बिजली का नंगा तार सट जाने से काम करने के दौरान मजदूर चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मृतक के घर मे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## डोभा में डूबने से बच्ची की मौत

**कैरो।** थाना क्षेत्र के गुड़ी गांव में डोभा में डूबने से तीसरी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई। मृतिका की पहचान गुड़ी निवासी मंटू साहू के 12 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पिंकी खेलने के दौरान फिसल कर डोभा में गहरे पानी में चली गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बच्ची को डोभा से बाहर निकालकर आनन फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकिसकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इधर कैरो थाना पुलिस मामले की जांच व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## किडनी फेल मरीज की जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

**गुमला।** लाइफलाइन संस्थान के सदस्य ने एक किडनी फेल मरीज की सहायता के लिए शुक्रवार को रक्तदान किया। लाइफलाइन संस्थान गुमला के सदस्य प्रियशु राज ने एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर के मरीज की सहायता की। हम सभी जानते है एबी पोस्टिव ग्रुप का ब्लड रेयर होता है और उन्होंने बताया कि यह उनका पहला रक्तदान है। मरीज की सहायता कर के बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। क्योंकि इतनी भीषण गर्मी की वजह से लोग रक्तदान करने में भी घबराते हैं। इसलिए स्थिति को देखते हुए संस्था की ओर से रक्तदान शिविर आयोजन की जाएगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, कहा

# सामग्री गिराने में देरी होने से इस तरह की घटना घटित होती है

खबर मन्त्र संवाददाता



पीड़ित परिवार से मिलते मजदूर नेता व घटनास्थल पहुंची मनरेगा लोकपाल

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली में गुरुवार को मनरेगा कुआं खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मिट्टी में दबने से मौत हों गई थी। घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को लोहरदगा मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की । इस दौरान उन्होंने घटना पर अफसोस जताते हुए कहा की जीवन से बड़ा कुछ भी नही है। चार लोगो की मौत होना बेहद दुखद है। उन्होंने सभी मृत्तको को मनरेगा नियमो के तहत मुआवजा दिलाने की बात भी कही। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा की सरकार और तकनीकी विभाग को इस पर सोचना होगा की कैसे इस तरह की घटना को रोका जा सके। जान की कीमत पर कुंआ का निर्माण नहीं चाहिए। उन्होंने सामग्री देर से मिलने की बात को स्वीकार करते हुए कहा की उन्हें भी लगातार इस तरह सूचना मिल रही है। कई लाभुक द्वारा उन्हें फोन और पत्र के माध्यम से इसकी सूचना दे गई है। इस पर वो आगे की करवाई करेंगे।

**डीसी ने बनाया जांच टीम :** घटना में लाभुक असलम अंसारी के पुत्र और पुत्री की मौत हो गई। घटना के दूसरे दिन विभिन्न संगठन और जिले के अधिकारी पहुंचकर सांत्वना दिया। जिले के डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के आदेश पर मृतकों के परिजनों को आपदा ,मनरेगा और श्रम विभाग से मिलने वाले मुआवजा को लेकर करवाई शुरू कर दी गई है। इधर डीसी ने इस घटना की जांच के लिए एक टीम बनाई है। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नेतृत्व में टीम घटनास्थल पहुंचकर बारीकियों से अध्ययन किया। मौके पर मुखिया,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,कनीय अभियंता सहित कई लोगो से पूरी जानकारी ले गई। घटना के पीछे मुख्य वजह सामग्री आपूर्ति में देरी होने के बात भी कही गई। हालांकि पूरी जांच रिपोर्ट के बाद ही सही से आकलन किया जा सकता है।

**लाभुक ने लगाया बीपीओ पर घूस लेने का आरोप,बीपीओ ने बताया बेबुनियाद :** इधर घटना की सूचना पर मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह भी असलम अंसारी के घर पहुंचकर दुःख व्यक्त करते हुए कहा की इस घटना में प्रशासनिक लापरवाही की बात सामने आ रही है। उन्होंने बताया की मृतक की पिता सह योजना के लाभुक असलम अंसारी ने सेन्हा मनरेगा बीपीओ पर मनरेगा से कुंआ योजना देने के नाम पर 16 हजार रुपया घूस लेने का आरोप लगाया गया है। राजेश सिंह ने इसपर जांच कर करवाई की मांग की है। इधर घूस के आरोप पर बीपीओ नीलेंदर कुमार ने कहा की उनपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। वो खुद सेन्हा प्रखंड में दिसंबर 2022 में ज्वाइन किया है। जबकि लाभुक को योजना 201819 में मिला था। ऐसे में इस तरह का आरोप पूरी तरह गलत है।

## जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण


यक्ष्मा कर्मियों से जांच प्रक्रिया व दवाओंकी जानकारी लेते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला यक्ष्मा उन्मूलन केंद्र गुमला तथा सदर प्रखंड कार्यालय दुन्दरिया गुमला का उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर गणेश राम, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. नाग भूषण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सर्वप्रथम शहर से 2 किलोमीटर दूर दुन्दरिया में स्थित टीवी जांच केंद्र में मरीजों के जांच संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं यक्ष्मा कार्यालय के लैब टेक्नीशियन संजय प्रसाद प्रियदर्शी द्वारा मरीजों के इलाज से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया। साथ ही लैब रजिस्टर के द्वारा मरीजों की संख्या बताई गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सदर अस्पताल गुमला में संग्रह केंद्र स्थापित किया जाए और प्रतिदिन टी.बी. जांच में भेज कर जांच कराया जाए। जिससे जांच की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। उपायुक्त द्वारा टीवी के ड्रग्स स्टोर के अद्यतन स्थिति, दवा का वितरण, संधारण रजिस्टर इत्यादि के विषय में फर्मासिस्ट दीपक कुमार साहू से पूर्ण जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि रायडीह प्रखंड के अस्पताल में उपरोक्त डिजिटल एक्सरे मशीन को अधिष्ठापित कराया जाए।

## संवेदक की मनमानी से ग्रामीण किसान गोल बंद

**भंडरा।** प्रखंड के भैसमुंदो गांव के ग्रामीणों ने मुखिया परमेश्वर महली के नेतृत्व में शुक्रवार को भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर पांडे बांध डैम में संवेदक द्वारा पानी बहा देने के सैकड़ों किसानो की समस्या से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई है । किसानो ने अपने आवेदन में आशा लकड़ा को बताया कि झारखण्ड राज्य को पहचान कृषी प्रधान के रूप में है। यहां के किसान खेती बाड़ी को ही अपना जिविकोपार्जन का साधन मानते है। इसके लिए सरकार नदी डैम सहित कई साथ- जलस्त्रोत को पुनर जिवित व जीर्णोद्धार कर किसान हित में योजना चला रही है। परन्तु लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अन्तर्गत उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गाँव में स्थित पाडेबांध डैम जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक व विभाग कि लापरवाही के कारण किसानों को विगत दो पर्षा से खेती बाड़ी करने से वंचित रहना पड़ा है इस वर्ष बारिश होने से डैम में पानी भरा हुआ था। ग्रामीण किसानो ने बताया कि डैम से नहर के माध्यम से 600 हेक्टेयर से खेती होता है।

## 20 लाभुकों के बीच किया गया बकरा-बकरी का वितरण


लाभुकों के बीच बकरी का वितरण करते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को पशुपालन विभाग और जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत बकरा बकरी यूनिट का वितरण 20 लाभुकों के बीच किया गया। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के 20 परिवार के बीच चार बकरी और एक बकरा यूनिट का वितरण किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने लाभुकों को एक एक यूनिट बकरा बकरी दिया। साथ ही पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी लाभुक पशुपालन के माध्यम से लाभ उठाएं ।बकरी पालन कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं और लोगों को भी पशुपालन के लिए प्रेरित करें। ताकि उनका भी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इसके साथ ही दवा का वितरण भी किया गया। वीएलएफसी अभिनंदन ने बताया कि 90% सब्सिडी पर लाभुकों को बकरी पालन हेतु एक एक यूनिट बकरा बकरी दिया गया है। मौके पर उपस्थित लोगों में अमित आइंद, हेमंत मांझी, जयप्रकाश पासवान, पार्वती देवी,बरती देवी, पुष्पा देवी, गंगोत्री देवी सहित कई लाभुक शामिल थे।

## उप विकास आयुक्त ने संचालित विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



अवुवा आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीडीसी, सिंचाई कूप निर्माण का निरीक्षण करते डीडीसी

**चैनपुर।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने शुक्रवार को चैनपुर प्रखण्ड का दौरा किया। दौरे के क्रम में ग्राम पंचायत मालम में अबुआ आवास योजना के लाभुक हाफिज बीबी व जसीना प्रवीण के द्वारा निर्मित आवास का निरीक्षण किया।

लाभुक के द्वारा प्रथम किस्त की सहायता राशि प्राप्त कर जमीनी स्तर तक का कार्य कर लिया गया था। उन्हें निर्देश दिया कि अगले 04-05 दिनों के अंदर आवास को छत ढालने तक काम करना सुनिश्चित करेंगे एवं बीडीओ चैनपुर को निर्देश दिया कि लाभुकों के द्वारा छत ढ़लाई का कार्य किये जाने के उपरांत उन्हें तृतीय किस्त की राशि अविलंब भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं डीडीसी ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मालम पंचायत में मनरेगा योजना से बन रहे जगेश्वर रौतिया का कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जहां पाया कि लगभग 15 फीट कुंआ की खुदाई हो चुकी है। जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिये। वहीं मनरेगा योजना से चल रहे बागवानी, टीसीबी निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## जंगली हाथी ने किसान के फसल को किया नष्ट

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रोज कहीं न कहीं किसानों के घर एवं फसलों को हाथी बर्बाद कर रहे हैं। ताजा मामला चैनपुर के बेंदोरा गांव का है। जहां देर रात जंगली हाथियों ने गांव के किसान मंगल मुंडा के डेढ़ एकड़ में लगे खीरा कद्दू एवं करेले को रौंद कर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान मंगल मुंडा ने बताया कि गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने खेत में लगे फसलों सहित सब्जियों को बर्बाद कर दिया। जब सुबह हमलोग सब्जी तोड़ने गए तो देखा की हाथियों के द्वारा पूरे खेत को तहस नहस कर दिया है। बताते चलें की चैनपुर अनुमंडल के जारी डुमरी सहित कई जगहों पर हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने चलाया छोटे कारीगरों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

### कारीगरों के बीच तौलिया का किया वितरण


कारीगर को तौलिया प्रदान करते संतोष झा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** स्वदेशी जागरण मंच छोटे कारीगरों के स्वास्थ्य की रक्षा को लेकर शुक्रवार को उनके बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छोटे स्तर पर काम करने वाले टेक्निकल कारीगर जो अपने काम के क्रम में प्रदूषण धूल आदि से उत्पन्न होने वाले बीमारियों से बचने के लिए कोई भी एहतियात नहीं बरतते उन्हें जागरूक किया। स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य छोटे-छोटे कामगारों से मिलकर उन्हें इनसे होने वाली बीमारियों से बचने का उपाय बताया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि लकड़ी का काम करने वाले कारीगर लकड़ी काटने के क्रम में उड़ने वाले धूल से खुद को बचाव करने के लिए कोई एहतियात नहीं बरते हैं। वही बेल्डिंग का काम करने वाले कारीगर लोहा बेल्डिंग के क्रम में उड़ने वाले धुंआ (आयरन ऑक्साइड) के खतरनाक प्रभाव को झेलते हैं। टाइल्स मार्बल का काम करने वाले क्रेशर में काम करने वाले मजदूरों के फेफड़ों में पत्थर का चूर जमा हो जाता है और एक उम्र के बाद गंभीर बीमारी से पीड़ित हो जाते हैं। जबकि मास्क लगाकर या तोलिया को नाक कान में बांधकर काम करने से धूल से होने वाली बीमारियां जैसे दमा, हप्सी, गला के संक्रमण, बहरापन, फेफड़े का रोग टीवी जैसे रोगों से बचा जा सकता है।

## सड़क निर्माण के दौरान उड़ते धूल कण से राहगीर परेशान

**चैनपुर।** चैनपुर से जारी तक हो रहे सड़क निर्माण में उड़ते धुल से राहगीर परेशान हैं। इन दिनों जारी से चैनपुर मार्ग का कार्य तेजी से चल रहा है। रोड में गिट्टियां डालकर उसे रोलिग कर दिया जा रहा है। पानी नहीं डाले जाने से धूल उड़ रही है। जिससे राहगीरों की समस्याएं बढ़ गई हैं। राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब बड़े वाहन गुजरते हैं। बड़े वाहनों के पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। इससे सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते।धूल के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया,साइकिल व पैदल चल रहे लोगों के लिए हो रही है।इन लोगों की आंखों में धूल के कण चले जा रहे हैं। जिससे दिखाई देने में समस्या हो रही है।

### खबर एक नजर में

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना समिति का पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक


बैठक में मौजूद प्राथना समाज के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के नौडीहा स्थित नवनिर्मित आदिवासी कला संस्कृति भवन भंडरा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा समिति पुनर्गठन व संस्कृति भवन उद्घाटन हेतु बैठक की गई। इस दौरान पाहन बुधराम उरांव, बलदेव उरांव, सारू पाहन द्वारा विधिवत डंडा कटा अनुष्ठान कर नवनिर्मित भवन में प्रवेश किया गया। साथ ही राजी पड़हा सरना प्रार्थना समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रकाश उराँव उपाध्याय रति उराव जतरू उराँव सचिव सुखदेव राव उपसचिव मारवाड़ी उराँव गोपाल उराँव को सा अध्यक्ष बीजू उराँव उप कोषाध्यक्ष सोमा उराँव मीडिया प्रभारी विष्णु उराँव, विनोद उराँव, राजेंद्र पन्ना, संरक्षक रवीन्द्र उराँव, बुद्धदेव उराँव, आलोक उराँव, जेना उराँव, महावीर उराँव, मनोज उराँव, रंथु उराँव, महिला टीम राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष सलीमा उराँव उपाध्याय फूल कुमारी उराँव सचिव बालमुनि उराँव, कोषध्यक्ष पुनम उराँव उपरोक्त समिति के पदाधिकारियो को सर्व सम्मति से चयन किया गया। कार्यक्रम में मुखिया रूप से पूर्व जिला परिषद शामिल उराँव, विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उराँव, फुल देव उराँव, राम विलास उराँव, बुधराम उराँव, बंदे पाहन, सारू पाहन एवं समाज के महिला पुरुष आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने मनरेगा अंतर्गत निमार्णाधीन सभी कुओं का भौतिक जांच करने का दिया निर्देश


बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को अबुआ आवास योजना, मनरेगा और कल्याण छात्रवृत्ति योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत निमार्णाधीन सभी कुओं का एक विशेष अभियान चलाकर भौतिक जांच करने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इस अभियान में प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी और अभियंता शामिल होंगे। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, गांवों में औसत योजनाओं का संचालन, योजना की पूर्णता, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, एरिया अफसर एप में अफसरों व अभियंतों द्वारा किया गया फील्ड विजिट की इंट्री आदि की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जीवन में पांच सूत्रों को आत्मसात की जरुरत : प्रतिभा शास्त्री


खेल कूद गतिविधि में शामिल युवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आर्य वीरदल व गुरुकुल शांति आश्रम के संयुक्त तत्वधान में चतुर्थ दिवसीय आर्य वीर दल शिविर का शुभारंभ प्रातःकाल योगासन प्राणायाम सूर्य नमस्कार दंड बैठक सर्वांग सुंदर व्यायाम चंद्र नमस्कार भूमि नमस्कार लाठी भाला कराटे योगासन का अभ्यास कराया गया। बौद्धिक कक्षा को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रतिभा शास्त्री ने कहा कि विद्यार्थी को विद्यार्थी जीवन में पांच लक्षणों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। सर्वप्रथम कौवे की तरह चेष्टा होनी चाहिए, बगुले की तरह एकाग्र होकर ध्यान करने की आदत या शक्ति होनी चाहिए और स्वान की तरह कच्ची नींद रहनी चाहिए तथा अल्पाहारी विद्यार्थी को होना चाहिए साथ ही गृह त्यागी विद्यार्थी के पांच लक्षण को आत्मसात करने की जरूरत है। आर्य समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता चमरराम ने अपने तबला वादन से सबका मन मोह लिया। गुरुकुल के ब्रह्मचारी उमेश आर्य और उनके साथियों ने मिलकर सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय प्रशिक्षक आशीष कुमार आर्य ने किया। आर्य समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता चमरराम ने अपने तबला वादन से सबका मन मोह लिया गुरुकुल के ब्रह्मचारी उमेश आर्य और उनके साथियों ने मिलकर सुमधुर भजन प्रस्तुत किया।

## बुद्ध पूर्णिमा में महा आरती का होना शुभ कार्य : सचिन


महाआरती में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर में बजरंग दल द्वारा महाआरती का आयोजन स्वयंभू महादेव शिव मंदिर छत्तरबगीचा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य सुर्यनारायण पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सतीश जायसवाल थे। कार्यक्रम के पूर्व बच्चों के द्वारा मंदिर की पूरी साफ सफाई की गई। बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में बच्चे माताएं राम भक्त ने महा आरती में भाग लेकर अति उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया। मौके पर सुर्यनारायण पाठक ने बतलाया कि गौतम बुद्ध ने कहा है मन जो कहता है वह हम करते हैं।

स्पीड न्यूज

## लोकसभा आम चुनाव में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 5882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**लातेहार।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लातेहार जिले में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि निर्धारित किया गया था। साथ ही सुविधा केन्द्र एवं पीवीसी बनाया गया था। जिसमें एसेंशियल सेवा, मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिसझ्रसुरक्षा जवानों ने मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लातेहार जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 5882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत 87.19 रहा। चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया। तथा सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 27 से 28 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।

**पोस्टल बैलेट के उद्देश्यः** इस लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे, कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते है। वें अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## भाई ने बहन को डांटा तो बहन ने खा ली कीटनाशक दवा


घायल लक्ष्मी कुमारी।

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बारीखाप निवासी लक्ष्मी कुमारी 16 वर्ष पिता बहादुर गंझू ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों द्वारा लक्ष्मी कुमारी को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज कर स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मामूली बात को लेकर लक्ष्मी कुमारी के भाई ने उसे डाटा था और वह गुस्से में आकर घर में रखें टमाटर में छिड़कने वाली कीटनाशक दवा खा ली और वह अचेत हो गई।

## चतरा लोकसभा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना बड़ी सफलता: मिथिलेश पासवान


मिथलेश पासवान फाइल फोटो।

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने बयान जारी कर चतरा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर पुलिस एवं मीडिया कर्मियों को आभार व्यक्त किया है। मौके पर उन्होंने कहा कि देश के इस लोकतंत्र के महापर्व पर चतरा लोकसभा में पूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराना बहुत बड़ी सफलता कही जा सकती है। चुनाव के दौरान कहीं भी किसी तरह का अप्रिय घटना नहीं होना चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रशासन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस चुनाव में प्रशासन व पुलिस काफी चौकस रही जिस वजह से चतरा लोकसभा के सभी मतदाताओं ने भय मुक्त वातावरण में अपने मत अधिकार का प्रयोग किया जो इस लोकसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है।

### उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर चुनावी कार्य में बाधा बनने वाले कर्मियों के उपर प्राथमिकी दर्ज

# डिस्पैच सेंटर पर मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त नौ कर्मी बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के हो गये थे अनुपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त नौ कर्मियों को बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। लोक सभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 के तहत निम्नलिखित कर्मियों को विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था।

### विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के नाम

अनुराग राजेन्द्र उरांव, टाईपिस्ट, कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी, लातेहार (प्रथम मतदान पदाधिकारी), अनिल कुमार, सहायक अध्यापक, उ०म०वि० बारा, प्रखंड-बारियातू (तृतीय मतदान पदाधिकारी)। मुनेश्वर राम नगेशिया, सहायक अध्यापक, उ० प्रा०वि० डोगाडीहपाठ, प्रखंड-महुआडांड़ (तृतीय मतदान पदाधिकारी)। प्रभात कुमार, सहायक अध्यापक, उ०म०वि०, मान्जर, प्रखंड-लातेहार (द्वितीय मतदान पदाधिकारी)। बिरबल उरांव, सहायक अध्यापक, उ०प्रा०वि०, लावागड़ा, प्रखंड-लातेहार (तृतीय मतदान पदाधिकारी)। जनेश्वर सिंह, सहायक अध्यापक, उ०म०वि०, कचनपुर, प्रखंड-बरवाडीह (द्वितीय मतदान पदाधिकारी)। अशोक बृजिया, अनुसेवक, रा0+2 उच्च विद्यालय, नेतरहाट, प्रखंड-महुआडांड़ (तृतीय मतदान पदाधिकारी)। महीपत सिंह, सहायक शिक्षक, म०वि० गाड़ी, प्रखंड-बरवाडीह (पीठासीन पदाधिकारी)। राजेन्द्र करमाली, इ०पी० मजदूर, तेतरियाखाड़ कोयला परियोजना, बालूमाथ (तृतीय मतदान पदाधिकारी) के नाम शामिल है।

## चुनावी कार्य में बाधा बनने वाले कर्मियों के उपर प्राथमिकी




उपरोक्त क्रमांक 01 में अंकित कर्मी दिनांक 18.05.2024 को तथा क्रमांक-02 से 09 तक अंकित कर्मी दिनांक-19.05.2024 को इन्डोर स्टेडियम, लातेहार के सामने पार्टी डिस्पैच हेतु बने पंडाल पर बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहकर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आइपीसी की धारा 187 एवं 188 का उल्लंघन किया गया है। इन्होंने बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहकर चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बाधित किया है। पार्टी मिलान के दिन इनके अनुपस्थित पाये जाने के कारण पार्टी मिलान करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है एवं उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है।

### मतदान कर्मियों ने स्पष्टीकरण का भी नहीं दिया था जवाब

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लातेहार के द्वारा कमांक 01 पर अंकित कर्मी से तथा कमांक-02 से 09 तक में अंकित कर्मियों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति के लिए 24 घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित करने का निर्देश दिया गया था, परन्तु अभी तक किसी के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके कार्य के प्रति लापरवाही, कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता एवं उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने को परिलक्षित करता है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार उपरोक्त कर्मियों के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, आईपीसी की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## प्रखंड कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं की हुई बैठक


बैठक करते सेविका।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सहिया एवं सेविका की बैठक रखी गई। मौके पर बोलते हुए सोमा उराँव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले योजना, मातृत्व वंदना योजना, कन्यादान योजना का व्यापक पर पैमाने पर प्रचार प्रसार करना है और लोगों को जागरूक करना है। ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद योजनाओं का लाभ उठा सके। वही बाल विकास परियोजना द्वारा समर अभियान के तहत घर-घर से कुपोषण एवं अनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जायेगी, इन चिन्हित लोगों की उनके निकटतम आँगनवाड़ी पर जाँच की जायेगी। इसके लिए पोषण ट्रैकर एप बनाया गया है। लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में हो रही देरी को खत्म करने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी कार्य समय पर संपन्न करना है। इसके लिए प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### बरवाडीह के मंगरा, कंचनपुर व उकामाड़ में जल्द होगा अंडरपास का निर्माण: विधायक

# केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर भी प्रयासरत है विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास का सार्थक परिणाम देखने को मिल रहा है। विधायक की पहल पर धनबाद रेल मण्डल के बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत उकामाड़, मंगरा और कचनपुर में लिमिटेड हाईट सबवे (एलएचएस) या फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के निर्माण कार्य की मांग को रेलवे द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। बता दें कि विधायक लगातार इसके लिए प्रयासरत थे। बीते जनवरी माह में भी विधायक ने रेलवे को पत्र लिखकर ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन के लिए उक्त स्थलों पर अंडरपास का निर्माण कराने की मांग की थी। जिसपर हाजीपुर रेल मंडल के महाप्रबंधक ने शीघ्र इसकी स्वीकृति प्रदान करने को लेकर आश्वस्त किया है। रेलवे ने पत्र के माध्यम से बताया है कि उक्त स्थानों का निरीक्षण रेल के अधिकारियों द्वारा शीघ्र कराया जाएगा। जिसके उपरांत एलएचएस या एफओबी का कार्य प्रस्तावित किया जाएगा।

### शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा केंद्रीय विद्यालय: रामचंद्र सिंह


रामचंद्र सिंह, विधायक।

इधर रामचंद्र सिंह ने खबर मंत्र को बताया कि बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर भी वह लगातार प्रयासरत रहे है। इसके लिए उन्होंने वरीय अधिकारियों से वार्ता की है। विधायक ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास को लेकर कृत्संकल्पित हूं और रहूंगा। बताया कि केंद्रीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। इधर कांग्रेस वरिष्ट नेता अनिल सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, दीपू तिवारी, अजीत गुप्ता, रिकी गुप्ता, राहुल गुप्ता, सुभम दुबे, सुरेश मिश्रा, अवधेश मेहरा और संजय यादव समेत सैकड़ों लोगों ने विधायक रामचंद्र सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक


बैठक करते बीडीओ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर प्रखंड के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री उरांव ने कहा कि मनरेगा के तहत जो भी योजना संचालित है उसे बरसात से पूर्व निष्पादन करें। एवं मजदूरों का पैसा समय से उनके खाते पर भेजें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अबुआ आवास की जो भी राशि लंबित है। उसे जल्द से जल्द लाभुकों के खाता में भेजना सुनिश्चित करें। वही बीडीओ ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में शामिल सभी विभाग के सभी कर्मियों को अपना सहयोग देने के लिए लोगों को बधाई दी। व कहा कि आप लोगों ने यह चुनाव में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं आप ही लोग का मेहनत एवम ईमानदारी से किये गए कार्य से ही चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो पाया है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर रोजगार सेवक रेखा कुमारी, पंचायत सेवक, रामावतार, ममता कुमारी, अर्जुन राम, रीना कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार ,चीकू कुमार, संजय यादव, नरेश कुमार, कनीयअभियंता बाबूलाल उरांव, मोहम्मद राशिद समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने मगध परियोजना का दौरा कर लिया खदान का जायजा



**बालूमाथ।** सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड (सीसीएल) के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने बालूमाथ प्रखंड में सीसीएल द्वारा संचालित मगध परियोजना का दौरा किया। सीएमडी बनने के बाद निलेंदू कुमार सिंह का मगध परियोजना में पहला दौरा था। जहाँ मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। जिसके बाद सीएमडी मगध खदान का निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ उन्होंने परियोजना के व्यू पॉइंट से खदान का निरीक्षण किया और महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से परियोजना विस्तारीकरण के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन करने की बात कही। खदान के निरीक्षण के बाद उन्होंने मगध खदान के अतर्गत संचालित साइडिंग और निर्मान्नाधीन एनटीपीसी कोयला कन्वेयर बेल्ट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के पहचान मगध परियोजना कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सीसीएल के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक किया और उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया।

## सर पर मौत बनकर झूल रहा शुक्र बाजार में 11 हजार वोल्ट का जर्जर तार

# बाजार टांड तक जर्जर है 11 हजार वोल्ट का तार

- सर से महज 8-10 फीट ऊपर झूल रहा है हाई टेंशन तार
- दो बार ग्रामीण सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगा चुके हैं गुहार पर नहीं निकला समाधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार टांड में 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार, एलटी तार व बिजली का खंबा पूरी तरह से जर्जर हो गया है व लोगो के सर पर मौत बनकर झूल रहा है। स्थानीय लोगो ने बताया कि हरैया स्थित तैलिक साहू भवन लेकर शुक्र बाजार टांड तक 11 हजार हाई टेंशन तार, एलटी तार व बिजली के खंभों की स्थिति काफी दयनीय व जर्जर हो गयी है। घनी आबादी वाले क्षेत्र स्थिति बाजार में सर से


लटका हुआ तार।

महज 8-10 फिट ऊपर हाई वोल्टेज तार लोगो के सर पर काल बनकर लटक रहा रहा है। पूर्व में कई बार हाई वोल्टेज तार टूट कर गिरा भी है। जिसे देखने वाला न ही कोई जनप्रतिनिधि है, न ही प्रशासन व संबंधित विभाग। वर्तमान में स्थिति यह है कि 11 हजार वोल्ट हाई वोल्टेज तार के टूटने के बाद कई स्थानों जैसे तैसे जोड़ कर बिजली सेवा चलाई जा रही है। स्थानीय लोग ने बताया कि विगत दिसम्बर 2023 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तहत लगाए गए शिविर में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता के नाम आवेदन देकर जर्जर तार व बिजली के खम्भो को बदलने की गुहार लगायी थी। लेकिन अब लगभग 5 माह बीत जाने के बाद भी इसे गम्भीरता से नही लिया गया। बता दें कि पूर्व में कई बार विभिन्न अखबारों के द्वारा भी उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाया गया है, लेकिन विभाग चिर निद्रा में सोयी किसी बड़ी अप्रिय घटना का इन्तेजार कर रही है।

### क्या कहते हैं विभाग के अधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि बिजली विभाग समस्या से भली भांति अवगत है। नया 11 हजार वोल्ट का तार व कवर एलटी तार लगाने को लेकर कार्यकारी एजेंसी कंपनी के द्वारा सर्वे भी कर लिया गया है, जल्द ही काम शुरू होगा।

## नामुदाग से अज्ञात चोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडर लोड पिकअप वाहन का किया चोरी



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नामुदाग गांव से अज्ञात चोरों ने दिन गुरुवार की रात्रि में ऑक्सीजन सिलेंडर लोड पिकअप वाहन का चोरी कर लिया है। वहीं चोरी की घटना के विषय में जानकारी देते हुए पिकअप वाहन के चालक संतोष नायक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी जे.एच 03 ए.एल 1469 नंबर की पिकअप वाहन को अपने घर के पास लगाकर घर में सोया हुआ था सुबह में उठकर जब देखा तो वाहन वहां पर नहीं था आसपास के लोगों से पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला तो उसे समझ में आ गया कि वाहन की चोरी हो गई है। उसने बताया कि पिकअप वाहन में ऑक्सीजन का 45 पीस खाली सिलेंडर लोड था और सुबह में उसे वाहन लेकर रांची जाना था। वहीं चालक संतोष नायक ने पिकअप वाहन का चोरी होने की सूचना लिखित रूप से मनिका थाना को दिया है। वहीं मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि चालक के द्वारा वाहन चोरी होने का आवेदन प्राप्त हुआ है पुलिस के द्वारा पिकअप चोरी के घटना में शामिल लोगों का पहचान किया जा रहा है बहुत जल्द चोरी के मामले का खुलासा किया जाएगा इसके लिए मनिका पुलिस टेक्निकल सेल का भी सहारा ले रही है।

# बारियातू सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने में सहयोग करने वाले को जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायतो में भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ चुनाव सम्पन्न कराने वाले सभी कर्मी व आम जनमानस को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नंद कुमार राम व थाना प्रभारी राजा दिलावर ने आभार व्यक्त किया है। वहीं सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी नंद कुमार ने कहा की सभी मतदान कर्मी अपने-अपने जिम्मेवारी के साथ ईमानदारी पूर्वक कार्य को निर्वहन किया है जिसका सकारात्मक रिजल्ट मिला है. सभी 50 बूथों में बारियातू प्रखंड क्षेत्र में मतदाताओं ने 70.38 प्रतिशत मतदान किया. जहाँ शांतिपूर्ण तरीके से मतदान समाप्त कराने में मतदान कर्मियों के साथ प्रखंड क्षेत्रवासी भी प्रशासन को मदद किया। प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर मतदाताओं में काफी उत्साह के साथ अपना मतदान किया। महिला पुरुष युवक युवतियाँ सभी समय पर आकर मतदान केंद्र पहुँच कर शांतिपूर्ण तरीके से कतार में खड़े होकर मतदान किया। विधिवत सभी मतदान कर्मी मतदाताओं को सहयोग कर मतदान कराया। बारियातू प्रखंड क्षेत्र के सभी कुल 50 बूथों में 31559 मतदान हुआ जो सकारात्मक है। जागरूकता अभियान से महिला काफी प्रभावित होकर 16505 मतदान किए। जबकि पुरुष 15054 मतदान मत का उपयोग किया है। वहीं सभी कर्मी ने पेयजल व्यवस्था करवाने के साथ यहां के ग्रामीण बढ़ चढ़ कर सहयोग करने में अहम भूमिका निभाए। सभी बूथों में किसी तरह का कोई अफवाह और बिवाद नहीं हुआ। सभी राजनीतीक पार्टी भी शांति व्यवस्था बनाकर मतदान कराने में सहयोग किया। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कहा की विधि व्यवस्था शशक्त के बनाए रखने के लिए सभी पुलिस कर्मी भी सहयोग किया। पुरे क्षेत्र में शांति माहौल रहा यह सब यहां के क्षेत्रवासियों का समझदारी का परिचय है। इस तरह का शांति माहौल बनाकर चुनाव सम्पन्न कराना सभी श्रेय आम जनमानस के साथ मतदान कर्मियों को जाता है। इसलिए थानेदार व बीडीओ ने मतदानकर्मी व ग्रामीणों को आभार व्यक्त किया है।


आभार जताते सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी व थाना प्रभारी।

# इंद्रनील भारती ने आईआईएमसी सीयूईटी परीक्षा में ऑल इंडिया में 318 रैंक किया प्राप्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**चंदवा।** चंदवा के हुटाप स्थित अविराम कॉलेज के सचिव इंद्रजीत भारती के पुत्र इंद्रनील भारती ने आईआईएमसी सीयूईटी परीक्षा में ऑल इंडिया में 318 रैंक प्राप्त किया। कुडू प्रखंड के माराडीह जैसे छोटे से गांव से अपनी शिक्षा पूर्ण कर अविराम संस्थान के सचिव बने इंद्रजीत भारती के बड़े बेटे इंद्रनील भारती ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन जो प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी एग्जामिनेशन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में 318 वां रैंक प्राप्त क्षेत्र को गौरवांवित किया है। यह परीक्षा मास कम्युनिकेशन का भारत का प्रतिष्ठित संस्थान में से एक है। इसकी प्रवेश परीक्षा में लाखो बच्चे प्रवेश के लिए परीक्षा देते हैं। ऑल इंडिया में 318 रैंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। इसी वर्ष डिजिटल मीडिया के लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई, सिंबॉसिस यूनिवर्सिटी पुणे और हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा भी अच्छे रैंक से उत्तीर्ण की है। इंद्रनील भारती ने प्राथमिक शिक्षा माराडीह स्थित अविराम एकेडमी से प्राप्त कर लिवेंस एकेडमी और श्यामली रांची और दिल्ली यूनिवर्सिटी से होनहार मेधावी छात्र के रूप में अपनी पढ़ाई की और वे आगे ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अपने पिता इंद्रजीत भारती के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करना चाहते है। इंद्रनील का कहना है कि उनका पूरा परिवार विशेष रूप से वे अपने पिता और अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार की दूरदर्शिता ग्रामीण विकास, शिक्षा, आजीविका आदि के कार्यों को देख कर बड़े हुए है और वे भी मास मीडिया के द्वारा इसी दिशा में कुछ नया करना चाहते हैं।



# पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव हमलोगों को डराते हैं कि पाकिस्तान के पास परिमाणु बम है। मैं लालू यादव एंड कंपनी को कहने आया हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं। हम पाकिस्तान के परमाणु बम से नहीं डरते हैं। यहां मैं कहकर जा रहा हूं कि पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा। हम उसे लेकर रहेंगे। अमित शाह शुक्रवार को बिहार के भोजपुर जिले में आरा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजकुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों ने धारा 370 को संभाल कर रखा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया। मोदी ने इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया। झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश और तेलंगाना पूर्ण रूप से नक्सलवाद से मुक्त है। आप मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे। शाह ने कहा कि पांच चरणों के हुए



मतदान में ही राजग 300 का आंकड़ा पार कर चुका है। पांच चरणों में ही पीएम मोदी 310 से ज्यादा सीटें जीत चुके हैं। परिवारवाद की पोषक पार्टी लालू-राहुल का सूफड़ा साफ हो चुका है। बिहार में इस बार आईएनडीआई गठबंधन का खाता भी नहीं खुलने वाला है। अमित शाह ने महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि आरा में गलती से भी भाकपा-माले जीत गया तो यह लोग फिर से नक्सलवाद लेकर आएंगे। आप अपने खेत-खलिहान पर कब्जा चाहते हो क्या? यदि माले आया तो पीछे-पीछे नक्सलवाद भी आ जाएगा। लेकिन, इसका कोई सवाल ही नहीं है। हमारे आरके सिंह लाखों वोटों से जीतने वाले हैं।

## साइबर अपराध को अंजाम देने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



**अररिया।** भारत और नेपाल के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध को अंजाम देने वाले तीन साइबर अपराधियों को अररिया जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के जोगबनी थाना क्षेत्र के टिकुलिया बस्ती वार्ड संख्या चार से की गई। गिरफ्तार किए गए तीन साइबर अपराधियों में एक भारतीय, जबकि दो नेपाली नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से भारतीय करेंसी 50 हजार 300,नेपाली करेंसी 8 हजार 500, दो आईफोन जो मोबाइल फोन दो लैपटॉप 59 एक्टिवेटेड सिम कार्ड और 55 अनएक्टिवेटेड सिम कार्ड बरामद किया। पुलिस के गिरफ्त में आए साइबर अपराधी साइबर क्राइम के विभिन्न आयाम के साथ-साथ सट्टा बाजार,ऑनलाइन फ्रॉडिजम आदि अपराधों को अंजाम देते थे। एसपी अमित रंजन ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि पकड़ा गया तीनों साइबर अपराधी इंटरनेशनल लेवल पर साइबर क्राइम करते थे। मुख्य रूप से यह लोग सट्टा बाजार के लालच में फंसाने का काम करते थे। एसपी ने बताया कि रेटिना का फोटो खींच हेराफेरी और आधार कार्ड में हेरफेर करके एक ही व्यक्ति के नाम पर अनेक मोबाइल सिम कार्ड को एक्टिवेट कर नेपाल में साइबर फ्रॉडिज्म में इस्तेमाल किया जाता था। इन साइबर अपराधियों का लक्ष्य प्रति माह 2 हजार सिम कार्ड का रहता है ।छापेमारी में 114 सिमकार्ड बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से लगातार साइबर अपराध को अंजाम देने की जानकारी मिल रही थी।

## आरा में आरक्षण पर अमित शाह का बड़ा दावा

## 'पार करा दो 400... रद्द कर देंगे इनका रिजर्वेशन'

बिहार के आरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर आरा से भाकपा (माले) जीत गया तो नक्सलवाद फिर आ जाएगा। लेफ्ट वाले केवल बंदूक की भाषा समझते हैं। आपके पास दो विकल्प हैं, एक तरफ जंगलराज वाले भ्रष्टाचारियों का गठबंधन हैं और दूसरी तरफ पारदर्शिता से गरीब कल्याण करने वाली मोदी सरकार है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपलोग 400 पार करा दो, मुस्लिम आरक्षण रद्द कर पिछड़ा-अति पिछड़ा को देने का काम करेगी।

**राहुल और लालू के गठबंधन का सूपड़ा साफ :** अमित शाह ने विपक्ष को घेरते हुए लोगों से पूछा कि आपको लालू का जंगलराज चाहिए या मोदी का गरीब कल्याण। उन्होंने चुनाव परिणाम की चर्चा करते हुए दावा किया कि अब तक हुए चुनाव में एनडीए 310 पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार में राहुल और लालू के गठबंधन का सूपड़ा साफ हो चुका है।

उन्होंने परिवारवाद पर लालू यादव को घेरते हुए कहा कि लालू यादव का पूरा जीवन परिवार के लिए ही गया। यहां यादव समाज भी गलत मुगालते में है। लालू के दोनों लाल बिहार में मंत्री बने। एक पुत्री राज्यसभा सांसद बनी। राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया। राबड़ी देवी के दोनों भाई को भी मंत्री और सांसद लालू यादव ने बनाया। आपके लिए लालू यादव के पास कोई जगह नहीं है।

**कर देंगे मुस्लिम आरक्षण रद्द :** उन्होंने कहा कि लालू यादव को पिछड़ों के लिए सम्मान होता तो कपूर्री ठाकुर को कब का भारत रत्न मिल गया होता। पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर पिछड़ों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, लालू यादव और ममता बनर्जी पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, दलित, आदिवासी और पिछड़ा-अति पिछड़े के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। ये मुस्लिम आरक्षण करना चाहते हैं। आप 400 पार करा दो। मुस्लिम आरक्षण रद्द करके पिछड़ा-अति पिछड़ा को देने का काम भाजपा करेगी।

## खबर एक नजर में

### दो कारतूस तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के टपुआ मोड़ के पास पुलिस ने दो अवैध कारतूस तस्कर को गिरफ्तार किया है। एकचारी थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार गुरुवार देर रात गश्ती टीम के साथ टपुआ मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी बुद्धुचक की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से पुलिस ने एक विन्डोलिया, 17 कारतूस, 2 मोबाइल और 1 ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर एकचारी थाना क्षेत्र का खवासपुर निवासी पिंटू कुमार तथा पीरपैंती थाना क्षेत्र के कहलगांव निवासी नंदन कुमार बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पिंटू कुमार का अपराधिक इतिहास रहा है। जबकि अन्य अभियुक्त का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### बिहार में छठे चरण के चुनाव में आठ लोकसभा सीटों पर 35 करोड़पति प्रत्याशी

**पटना।** बिहार में छठे चरण के चुनाव में शनिवार को आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इनमें सीवान, महाराजगंज, बाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली और गोपालगंज सीटें हैं। आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 86 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। इनमें 35 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनाव में 34 निर्दलीय भी मैदान में हैं। इनमें नौ करोड़पति हैं। इन उम्मीदवारों में 24 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 22 पर गंभीर केस दर्ज हैं। चार पर हत्या और तीन पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच के मुताबिक बाल्मीकिनगर से राजद उम्मीदवार दीपक यादव सबसे धनी उम्मीदवार हैं। इन्होंने अपनी संपत्ति 74 करोड़ 87 लाख रुपये से ज्यादा बताई है। दूसरे स्थान पर वैशाली से लोजपा (रा) की उम्मीदवार वीणा देवी हैं। इनकी जायदाद 46 करोड़ 71 लाख रुपये की है। तीसरे नंबर पर महाराजगंज से कांग्रेस उम्मीदवार आकाश सिंह हैं। इनकी संपत्ति 36 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

### शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सभी तैयारी पूरी

**पूर्वी चंपारण।** शिवहर व पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारा पूरी कर ली गयी है। भयमुक्त मतदान कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि दोनों संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान कर्मी मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो जाएंगे। भारत नेपाल सीमा सील रहेगा।

## सेल के डेम में मछली मारने की सूचना पर आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल के डेम में शुक्रवार को अवैध रूप से जाल लगाकर मछली मरवाने की सूचना पर सेल के भूसम्पदा पदाधिकारी बुलू दीगल ने भवनाथपुर थाना को सूचना देने के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को जाल टीब्ब और एक कमांडर जीप को जप्त कर थाना लाते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि पलामू के बेलवाटीकर से एक दर्जन मछुवारों को टाउनशिप निवासी अवोस माली के द्वारा डेम में ठेका मिलने के हवाला देकर मछली मारने के लिए लाया



मछली मारते लोग

गया था। जहां गुरुवार शाम को डेम में मछुवारों को जाल लगाते कुछ स्थानीय लोगों ने देखा था। इसकी भनक देर शाम सेल के अधिकारी और सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ को लगी। रात्रि में ओंरा होने के कारण शुक्रवार की सुबह दुबारा लोगों ने देखा की मछुवारे डेम से जाल निकाल रहे थे। जिसके बाद मछली खरीदने वाले स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने पुलिस को भेजकर सभी मछुवारे को जाल, गाड़ी, टिब्ब के साथ थाना ले आया गया। जहां मछुवारों ने मजदूरी पर अवोस माली के पास मछली मारने का हवाला दिया। लेकिन इस अवैध रूप से सेल के डेम से मछली मरवाने में एक सेल कर्मचारी की भी दबे जुबान से नाम सामने आ रहा है।

हालांकि देर तक इस घटना को लेकर सेल अधिकारी के द्वारा किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने सभी लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। ग्रामीण के कथना अनुसार एक सप्ताह पूर्व में भी डैम से लगभग चालीस किलो मछली मारकर बेचने का मामला प्रकाश में आया था। बताते चले कि सेल के डैम में पूर्व में ठेका के माध्यम से बड़े पैमाने पर कतला, रेहू, सयुर, मछली का कारोबार किया जाता था जिसमे भवनाथपुर से पलामू , यूपी और कोलकाता तक मछली सप्लाई होता था। परंतु इसके बाद दोबारा सेल के ठेका में रेट हाई हो जाने के कारण टेंडर बंद कर दिया गया है। कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा चोरी छिपे मछली निकालने का कार्य होता रहता है। अगर इस मछली मारने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना घटती है तो इसकी जिमेवारी सेल प्रबंधन को ही लेनी पड़ेगी।

## अवैध बिजली चोरी के खिलाफ नौ लोगों पर एफआईआर

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अमल राय के नेतृत्व में अवैध बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कनीय अभियंता ने शारदा एवं सोनडीहा गांव से नौ लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के विरुद्ध थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। उन्होंने यह भी बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत जो भी लोग अवैध बिजली चोरी करते पकड़े जाएंगे, उनके विरूद्ध नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। छापामारी अभियान में सद्दाम हुसैन, बदरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुघर्टना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीती रात भवनाथपुर-मकरी मुख्य स्थित ढेकुलिया के समीप दो मोटरसाइकिल के आपस में टक्कर से खरौंधी प्रखंड के राजी निवासी गुलाबचंद पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। गुलाबचंद व विकास पासवान दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर भवनाथपुर से राजी जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से शराब के नशे में आ रहे संतोष कुमार भुईयां के मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। जिससे गुलाबचंद पासवान का पैर टूट गया। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया है। वहीं दूसरी घटना में अरसली निवासी शांति देवी अपने पुत्र राजू के साथ मोटरसाइकिल से अस्पताल से इलाज कराकर लौट रही थी। चिकितसको ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया है।

## पंचतत्व में विलीन हुए पंडित दिनेश पांडेय



पंडित दिनेश पांडेय की फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार स्थित मझिआंव खुर्द गांव निवासी सह महामृत्युंजय जाप के साधक पंडित दिनेश पांडेय का शुक्ल पक्ष वैशाख पूर्णिमा गुरुवार की देर शाम हृदयघात नामक बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। बेहद ही मिलनसार एवं मिष्टभाषी प्रवृत्ति के धनी श्री पांडेय के आकस्मिक निधन की सूचना पाते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन को लेकर उनके आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। मृतक पांडेय बेहद ही धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति माने जाते थे। वे महामृत्युंजय जाप के साधक एवं ज्योतिष विद्या के जानकार व्यक्ति थे। इधर उनकी मौत की सूचना पाते ही नगर पंचायत कि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने भी शोकाकुल परिवारों से मिलकर परिजनों को ढांढस बंधाया और भगवान से दुख की इस घड़ी में परिजनों को सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी भी पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शुक्रवार को उनके अंतिमयात्रा में परिजनों के अलावे सैकड़ो की संख्या में शामिल लोगों के द्वारा पार्थिव शरीर को कोयल नदी के राधाकृष्ण मंदिर घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया।

## ज्ञान निकेतन में इन हाउस टीचर्य ट्रेनिंग संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में वर्तमान सत्र 2024-25 का प्रथम इन हाउस टीचर्स ट्रेनिग प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस दौरान रिसोर्स पर्सन एवं मनोरंजन खेल में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को तकनीकों और आाुनिक शिक्षाशास्त्र, रणनीतियों से लैस करता करता है। जो उन्हें अपने छात्रों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने, प्रबांन करने और सिखाने में मदद करता है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं





सम्मानित करते निदेशक

और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही सामग्री के साथ संचालित किए जाते हैं, तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। केवल शिक्षक ही हैं जो छात्रों की सिखने के नुकसान से उबरने में मदद कर सकते हैं। इसलिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना हमारी आाुनिक शिक्षा प्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक छात्र कई मायनों में अद्वितीय है, जिसमें उनके सोचने, विश्लेषण करने, समझने और शिक्षा के बारे में जानने का तरीका शामिल है। इसलिए हमारे मौजूदा सिस्टम के लिए यह बदलाव लाना महत्वपूर्ण है। रिसोर्स पर्सन्स के रूप में खुर्शीद आलम और संजीव कुमार ने स्कूल बेस्ड असेसमेंट टपिक के विभिन्न विन्दुओं पर अपने-अपने विचारों का साझा किया।

मंच का संचालन नीरा शर्मा जबकि न्यवाद ज्ञापन शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव ने किया। मौके पर संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, अभिषेक पांडेय, विनय कुमार, वींरेंद्र साह, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, नीलम केशरी, सुस्मिता कुमारी, रिया सिंह, सुषमा तिवारी आदि उपस्थित थी।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का साप्ताहिक सत्संग आयोजित



सत्संग में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला निवासी जगजीवन के निवास स्थान पर परम प्रेम में परम दयाल युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान सामूहिक प्रार्थना, भजन कीर्तन व आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कलयुग में नाम जप यान करने से दीक्षा ग्रहण करने से मनुष्य का सभी समस्या का समाधान होता है। कलयुग में सत्संग करने, सत्संग में जाने से अच्छी-अच्छी बातें सुनने को मिलती है। मौके पर कामेश्वर केशरी, रघुवीर प्रसाद कश्यप, दिलीप कश्यप, मनोरमा देवी, गीता देवी, शंकर जायसवाल, जगजीवन बघेल आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने की सड़क निर्माण योजना व भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में एनएच-75 (सेक्ट-5) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण या फोरलेन निर्माण योजना, गढ़वा-चिनियां पथ चौड़ीकरण, हूर मोड़ से मलिया डंडा पथ चौड़ीकरण समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। इस दौरान पूर्व में बैठक में कार्य पूर्ण करने के लिए दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए प्रगति कार्य अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान, एलपीसी निर्गत, सत्यापन रिपोर्ट समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में डीसी श्री



जमुआर ने प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कमर्चारियों को उक्त कार्यों से जुड़े किसी भी मामले को अपने स्तर से लंबित न रखने का निर्देश दिया। वहीं भूमि आिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी ससमय करने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं का संचालन सरलता एवं सफलतापूर्वक किया जा सके। गढ़वा से चिनियां तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण का भी डीसी ने समीक्षा किया। जिस पर जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि मुआवजा की प्रक्रिया लगभग 65 प्रतिशत कर दी गई है एवं शेष मामले में मुआवजा भुगतान समेत अन्य के लिए अग्रेतर कार्रवाई को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। जल्द ही सेक्शन-19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। डीसी ने जिला एवं अंचल स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। ताकि तय समय सीमा के अंतर्गत सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराया जा सके। डीसी ने उपरोक्त कार्यों की अगली समीक्षा बैठक अगले एक सप्ताह में करने की बात कही तथा अगले सप्ताह तक अपेक्षित कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से एसी मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदा. संजय प्रजाद, परियोजना निदेशक, एनएचएआई मेदिनीनगर, गढ़वा सीओ, मेराल सीओ, नगर उंटारी सीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी समेत संबंधित अंचल के अंचल निरीक्षक आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में घुसपैठ ...

इनका उद्देश्य राजनीति में अपने बेटे-बेटी और भतीजे का कल्याण करना है। लालू , उद्धव ठाकरे, स्टालिन अपने बेटे को ममता अपने भतीजे को सीएम बनाना चाहती हैं। वहीं सोनिया अपने बेटे राहुल गांधी को बनाना बनाना चाहती हैं। ये लोग कभी आदिवासियों, पिछड़ों का भला नहीं कर सकते। आपका कल्याण सिर्फ सिफई मोदी ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड को नक्सलवाद की समस्या से मुक्त कराया है। आज बूढ़ा पहाड़, ट्राई जंक्शन और गिरिडीह के इलाके नक्सलवाद से मुक्त हो चुके हैं। भाजपा की सरकार बनते ही असम की तरह झारखंड में गौ तस्करी को जीरो कर देंगे।

**पाक के बम से कांग्रेस हमे डराये नहीं :** अमित शाह ने कहा कि मैं आज बाबा की भूमि से कह रहा हूं, राहुल बाबा, हम भाजपा वाले हैं, हम एटम बम से नहीं डरते, पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर हमें डरा रहे हैं ?कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। उससे पीओके मत मांगो।

**सीता के साथ भाजपा न्याय करेगी :** अमित शाह ने दुमका से सीता सोरेन को विजयी बनाने की अपील की साथ ही कहा कि वह झारखंड आंदोलन के सेनानी दुर्गा सोरेन की विरासत लेकर चल रही हैं। झामुमो ने उनके साथ न्याय नहीं किया। भाजपा ने सीता सोरेन को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए इस सीट पर प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि खुद को झारखंड का हितैषी बताने वाला झामुमो उसी कांग्रेस पार्टी की गोद में जाकर बैठ गया है, जिसने अलग झारखंड के मुद्दे को वर्षों तक लटकाये रखा।

### हेमंत बाहर होते तो ...

उसे डर था कि कि लोकसभा चुनाव 2024 में वे बाहर रहे, तो उनकी जमानत जब्त हो जायेगी। इसी डर के कारण भाजपा ने साजिश कर उन्हें पहले ही जेल भेज दिया।

**तीर-कमान, झारखंड का स्वाभिमान :** कल्पना सोरेन ने कहा कि तीर-कमान झारखंड की शान, सम्मान और स्वाभिमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यह नहीं सोचा कि हेमंत सोरेन जरूर जेल में हैं मगर आज हर झारखंडवासी हेमंत सोरेन की लड़ाई लड़ रहा है। यह चुनाव जनता लड़ रही है। तानशाही ताकतों के खिलाफ भाजपा को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। जेल का जवाब वोट की चोट से जनता देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 20 साल शासन कर झारखंड को सिर्फ पीछे रखने का काम किया। उसे आदिवासियों-मूलवासियों से चिढ़ है।

### भाजपा ने झारखंड...

कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम की नजर झारखंड की जल, जंगल और जमीन पर है। उन्होंने कहा कि पीएम ने अपने 20-25 कारोबारियों मित्रों को यह सौंपने का काम किया है। आपको गुलाम रखने के लिए मोदी का प्लान है, गरीब गरीब रहे, पिछड़ा पिछड़ा रहे ये यही चाहते हैं।

**जातिगत जनगणना करायेंगे :** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में पिछड़े, दलित और गरीब जनता की जनगणना होनी चाहिए। कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो महिलाओं के खाते में 1 लाख रुपये जमा करेगी। इससे महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा। कांग्रेस सत्ता में आयी तो लोगों को 10 किलो अनाज देंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। पीएम पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस समानता की बात करती है लेकिन मोदी और शाह समानता खत्म करना चाहते हैं। अग्निवीर स्कीम के ऊपर हमला करते हुए बोला कि 4 साल के बाद युवा क्या करेगा। मोदी सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने सेना में अग्निवीर योजना को भी बंद करने की बात कही।

### मुस्लिमों की 77 जातियों ...

तब की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी। वहीं अब भारत दुनिया के सामने भीख नहीं मागेंगा। भारत अपनी लड़ाई लड़ेगा। और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। आज देखिये पाकिस्तान की क्या हालत हो गयी है। आज भी कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को 'भारत माता की जय' कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को 'वंदे मातरम' कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती। जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड़क बनाई तो उसी सड़क से दुश्मन भीतर आ जायेगा। आज बॉर्डर किनारे रहने वाले फौजियों का जीवन आसान हुआ है।

**अब तक हुए चुनाव में राजग को बहुमत :** वहीं मंडी में शुक्रवार को पीएम मोदी ने दावा किया कि देश में अब तक हुए पांच चरणों में भाजपा) और राजग को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी हैं। अब इसमें हिमाचल की चार सीटें जुड़ जायेंगी, तो सोने पर सुहागा हो जायेगा। मैं देख रहा हूं कि हिमाचल फिर एक बार 4-0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के जिस शाही परिवार ने हिमाचल को धोखा दिया, उसने फिर मुड़कर यहां अपनी शक्ल नहीं दिखायी है।

